* ओड़िशा संस्करण

06 जनवरी, 2024
पौष, कृष्ण पक्ष, दशमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 77

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही



राम मंदिर
प्राण प्रतिष्ठा काउंटडाउन
16 दिन शेष







## यह है प.बंगाल में ममता की कानून व्यवस्था

# छापेमारी करने गयी इडी टीम पर हमला

- टीम को 300 लोगों की भीड़ ने घेरा, जम कर किया पथराव
- अधिकारियों के सिर फूटे, दौड़ा-दौड़ा कर मारा, गाड़ी के शीशे टूटे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी का शासन है। वह वहां मुख्यमंत्री हैं। उनके नेतृत्व में कानून और न्याय व्यवस्था कैसी है, यह शुक्रवार को पूरे देश के सामने आ गया। राशन घोटाले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने शुक्रवार की सुबह कोलकाता और उससे सटे उत्तर 24 परगना जिले में कुल 12 जगहों पर तलाशी अभियान चलाया। इस क्रम में उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में सुबह 8.30 बजे तृणमूल नेता और ब्लॉक एक के अध्यक्ष शाहजहां शेख के घर पर छापामारी करने पहुंची इडी की टीम पर बड़ी संख्या में उनके समर्थकों ने हमला बोल दिया। उनकी गाड़ियों में तोड़फोड़ की गयी। इस घटना में कई इडी अधिकारी घायल हो गये। उनके सिर फट गये। इडी अधिकारियों को वहां से भागना पड़ा। घायल अधिकारियों को स्थानीय कैनिंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सूत्रों के मुताबिक इडी के अधिकारी जब तृणमूल नेता के घर का ताला तोड़ने की कोशिश कर रहे थे, तभी बड़ी संख्या में उनके समर्थकों ने अधिकारियों पर अचानक हमला बोल दिया, जिसका केंद्रीय बल के जवानों को अनुमान नहीं था। बड़ी संख्या में लोग होने के कारण जवान अधिकारियों का बचाव भी नहीं कर सके। अधिकारियों को वहां से जैसे-तैसे भागना पड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार तृणमूल नेता के समर्थकों ने डर से जहां-तहां छिपे इडी अधिकारियों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। यहां तक कि मामले का कवरेज कर रहे मीडिया कर्मियों की भी पिटाई की गयी।

**विरोधी दलों ने कहा, गणतंत्र की हत्या की गयी :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा है कि संदेशखाली की घटना बता रही है कि बंगाल में किस तरह से रोहिंग्या जुल्म ढा रहे हैं। इस पर रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है, नहीं तो आने वाले दिनों में बंगाल देश की सुरक्षा के लिए घातक साबित हो सकता है। दूसरी ओर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी और माकपा नेता विकास रंजन भट्टाचार्य ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि संदेशखाली में गणतंत्र की हत्या की गयी है। वरिष्ठ माकपा नेता व राज्यसभा सदस्य विकास रंजन भट्टाचार्य ने कहा कि मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि इन सबके पीछे मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि ममता ने सार्वजनिक सभा में अपने कार्यकर्ताओं से कहा था कि अगर मेरे घर पर सीबीआइ आयेगी, तो आप खड़े रहोगे।



## दुर्भाग्यपूर्ण घटना, संघीय ढांचे पर हमला : प्रमाणिक

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री निशित प्रमाणिक ने कहा है कि इडी अधिकारियों पर हमले की घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। केंद्रीय बल के जवानों से मारपीट की गयी है, जबकि उन्हें सुरक्षा प्रदान करना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। यह हमला दरअसल संघीय ढांचे पर हमला है। केंद्र ने इस घटना को काफी गंभीरता से लिया है। बंगाल में बार-बार इस तरह की घटना क्यों हो रही है, इस पर रोक के लिए ठोस कदम उठाये जायेंगे। दूसरी ओर नेता प्रतिपक्ष शुवेंदु अधिकारी ने पूरी घटना की जानकारी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राज्यपाल सीवी आनंद बोस को दी है। शुवेंदु ने इस मामले में जरूरी कदम उठाने का आग्रह किया है। इस मामले में केंद्र ने जरूरी कदम उठाने का आश्वासन दिया है।

## बंगाल में संवैधानिक ढांचा ढह रहा : हाइकोर्ट

**कोलकाता (आजाद सिपाही)।** कलकत्ता हाइकोर्ट के न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय ने शुक्रवार को कहा कि बंगाल में संवैधानिक ढांचा ढह रहा है। उन्होंने यह भी सवाल किया कि राज्यपाल सीवी आनंद बोस इस मामले में कोई बयान क्यों नहीं दे रहे हैं। न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने यह टिप्पणी तब की, जब हाइकोर्ट के एक वकील ने उन्हें उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां के आवास पर छापा मारने के दौरान नेता के करीबियों व समर्थकों द्वारा इडी के अधिकारियों और केंद्रीय बलों के जवानों पर हमले के बारे में अवगत कराया। न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने पूछा कि राज्यपाल राज्य में संवैधानिक ढांचे के पतन पर कोई बयान क्यों नहीं दे रहे हैं। उन्होंने इस मामले में राज्य पुलिस की भूमिका के बारे में भी पूछताछ की। न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने सवाल किया कि क्या राज्य पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे? अगर जांच अधिकारियों पर ही हमला हो, तो उचित जांच कैसे हो सकती है? अदालत में मौजूद डिप्टी सालिसिटर जनरल को भी न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय के सवाल का सामना करना पड़ा। न्यायमूर्ति ने कहा कि आपके लोगों को पीटा गया। क्या वे हथियार नहीं रखते? क्या वे उनका उपयोग नहीं कर सकते थे? यदि आपके दो अधिकारी घायल हो गये, तो, 200 कर्मचारी भेजें।

### राज्यपाल बोस ने दिया 'परिणाम भुगतने' का संदेश

**कोलकाता।** राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने संदेशखाली में इडी अधिकारियों, केंद्रीय बल और मीडिया कर्मियों पर हुए हमले की घटना के लिए सीधे तौर पर राज्य प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने सरकार को जिम्मेदारी याद दिलाते हुए परिणाम भुगतने की चेतावनी भी दी। राज्यपाल ने पूरी घटना को चिंताजनक बताते हुए कहा कि सरकार को लोकतंत्र में ऐसी क्रूरता को रोकना चाहिए, लेकिन अगर सरकार अपनी प्राथमिक जिम्मेदारियों को पूरा करने में विफल रहती है, तो देश का संविधान उचित कार्रवाई करेगा। बोस ने यह भी कहा कि संविधान का उल्लंघन होने पर वह राज्यपाल के रूप में उचित समय पर उचित कार्रवाई करेंगे।

## न्यूज रील्स

### हाइजैक जहाज के पास पहुंचे भारतीय नौसैनिक

मुंबई। अरब सागर में सोमालिया के तट के पास हाइजैक हुए जहाज के पास भारतीय नौसेना पहुंच गयी है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक जहाज पर नजर बनाये रखने आइएनएस चेन्नई को रवाना किया गया था। यह हाइजैक हुए जहाज के पास पहुंच गया है। नौसेना के मार्कोस कमांडो जहाज में घुस गये हैं। उन्होंने समुद्री लुटेरों को तलाश शुरू कर दी है। इस जहाज पर 15 भारतीय क्रू मेंबर्स सवार हैं। सभी सुरक्षित हैं।

### एसडीएम ऑफिस में किसान ने खुद को आग लगायी

मवाना। उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के मवाना में एक किसान ने एसडीएम ऑफिस के कैंपस में खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। हादसे के बाद वहां अफरा-तफरी मच गयी। लोग कंबल और पानी लेकर आग बुझाने के लिए दौड़े। एसडीएम भी आग से बचाने की कोशिश की। लोगों ने जब तक आग बुझायी तब तक किसान जगवीर बुरी तरह से झुलस चुका था। उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया। किसान का आरोप है कि उसकी फसल खड़ी जमीन को वन विभाग ने अपनी बताकर जोत दिया है, जिससे उसको काफी नुकसान हुआ है।

# झामुमो ने गांडेय सीट पर उपचुनाव कराने की मांग की

**पार्टी का प्रतिनिधिमंडल मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मिला**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में राजनीतिक हलचल के बीच झामुमो ने गांडेय विधानसभा में उपचुनाव कराने की मांग की है। इस मामले को लेकर पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रविकुमार से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। झामुमो ने ज्ञापन में कहा है कि गांडेय विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित सरफराज अहमद ने विधानसभा अध्यक्ष को अपना त्याग पत्र सौंप दिया है। विधानसभा द्वारा संविधान के अनुच्छेद 190 (3) (ख) एवं झारखंड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम 316 के अंतर्गत सरफराज अहमद के त्यागपत्र की स्वीकृति के कारण गांडेय विधानसभा क्षेत्र 31 दिसंबर 2023 के प्रभाव से रिक्त हो गया है। पंचम झारखंड विधानसभा का प्रथम सत्र 06 जनवरी 2020 को अधिवेशित हुआ था। भारत के संविधान के अनुच्छेद 172 के अनुसार पंचम झारखंड विधानसभा का कार्यकाल दिनांक 5 जनवरी 2025 तक है। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 151अ के अनुसार विधानसभा का कार्यकाल एक वर्ष से अधिक होने की स्थिति में (जैसा कि वर्तमान परिस्थिति में है) उप-चुनाव छह महीने के अंदर कराया जाना प्रावधानित है। ज्ञापन में सर्वोच्च न्यायालय ने प्रमोद लक्ष्मण गुडाधे बनाम भारत निर्वाचन आयोग एवं अन्य मामले में जन प्रतिनिधित्व अधिनियम का जिक्र करते हुए आयोग को इसके लिए बाध्यकारी बताया है। भारत निर्वाचन आयोग ने भी 9 अक्टूबर 2018 को इस विषय को स्पष्ट किया है कि एक वर्ष से ज्यादा की अवधि शेष होने की स्थिति में रिक्ति के छह महीने में उप चुनाव कराया जाना आवश्यक है।




## बाबरी के पक्षकार इकबाल अंसारी को प्राण प्रतिष्ठा का न्योता

**रामलला मंदिर में भक्तों को बूंदी का प्रसाद दिया जायेगा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अयोध्या।** अयोध्या में बन रहे राम मंदिर में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जायेगी। समारोह के बाद 23 जनवरी से भक्तों को ऑटोमेटिक मशीन से प्रसाद दिया जायेगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यासी डॉ अनिल मिश्र ने यह जानकारी दी। इधर, प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम के लिए बाबरी मस्जिद के पक्षकार रहे इकबाल अंसारी को निमंत्रण भेजा गया है। निमंत्रण मिलने के बाद इकबाल अंसारी ने कहा कि कि मेरी लिए गर्व का विषय है कि इतने बड़े उत्सव में शामिल होने के लिए मुझे बुलाया जा रहा है। हम इस उत्सव में जरूर शामिल होंगे। पहले रामनगरी अयोध्या का नाम कोई लेना नहीं चाहता था और न ही कोई अयोध्या आना चाहता था। मगर, आज योगी और मोदी की सरकार रामनगरी को विश्व का सबसे बड़ा और पर्यटन स्थल बना रही है।






# जेल से छूटने के लिए कानूनी दांव खेल रहे आरोपी

**हाइकोर्ट में पंकज, दाहू, आमित, वीरेंद्र पहुंचे हाइकोर्ट की शरण में**

**भूमि घोटाला, अवैध खनन, मनरेगा घोटाला समेत अन्य मामलों में हैं इडी के आरोपी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) झारखंड में 1250 करोड़ रुपये का अवैध खनन, भूमि घोटाला, मनरेगा घोटाला समेत की अन्य मामलों की जांच कर रही है। इन मामलों में निलंबित आइएएस पूजा सिंघल, छवि रंजन, करोबारी विष्णु अग्रवाल, मुख्यमंत्री विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा और उनके बेटे समेत कई लोग जेल में हैं। ये सभी जेल से निकलने के लिए कानूनी दांवपेंच में लगे हैं। इडी कोर्ट से लेकर हाइकोर्ट तक जमानत का प्रयास कर रहे हैं। इनमें से कई आरोपियों की शुक्रवार को हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। उधर, इडी की जांच में हर दिमन नये खुलासे हो रहे हैं। जांच का दायरा बढ़ता जा रहा है।

### पंकज मिश्रा की जमानत पर अगली सुनवाई 8 फरवरी को



रांची (आजाद सिपाही)। टेंडर मैनेज करने और साहेबगंज जिले में अवैध खनन के जरिए अकूत संपति अर्जित करने के आरोपी सीएम के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा की जमानत याचिका पर शुक्रवार को झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने मामले में इडी से जवाब मांगा है। कोर्ट ने पंकज मिश्रा की जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए 8 फरवरी की तिथि निर्धारित की है। इससे पहले इडी की विशेष अदालत में पंकज मिश्रा की जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद उन्होंने हाइकोर्ट में जमानत के लिए याचिका दाखिल की है।

### विष्णु अग्रवाल की जमानत अर्जी पर आदेश सुरक्षित

रांची (आजाद सिपाही)। न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल की ओर से झारखंड हाइकोर्ट में दायर जमानत अर्जी पर शुक्रवार को सभी पक्षों की सुनवाई पूरी हो गयी। इसके बाद न्यायमूर्ति दीपक रोशन की कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। दरअसल, 18 सितंबर को इडी कोर्ट ने विष्णु अग्रवाल की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। इसके बाद उनकी ओर से हाइकोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की गयी है।

### अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई 12 को

रांची (आजाद सिपाही)। मनी लांड्रिंग मामले में ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम की पत्नी एवं पिता की अग्रिम जमानत याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में हाइकोर्ट ने प्रार्थी के समय देने के आग्रह को स्वीकार करते हुए मामले के अगली सुनवाई 12 जनवरी निर्धारित की है। मामले में इडी की ओर से जवाब दाखिल हो चुका है।

### अवैध खनन मामले में दाहू यादव के बेटे ने मांगी बेल



रांची (आजाद सिपाही)। साहिबगंज जिला में हुए 1000 करोड़ के अवैध खान मामले में दाहू यादव के बेटे ने ईडी कोर्ट से जमानत की गुहार लगाई है। शुक्रवार को उसने अपने अधिवक्ता के माध्यम से बेल अर्जी दाखिल की है। राहुल यादव ने मंगलवार को हाईकोर्ट के आदेश पर ईडी कोर्ट में सरेंडर किया था। जिसके बाद से वह न्यायिक हिरासत में है। राहुल यादव को अवैध खनन मामले में ईडी ने समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया था। लेकिन वे ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे। इसके बाद ईडी की विशेष अदालत ने राहुल यादव के खिलाफ 31 मार्च 2023 को नन बेलेबल वारंट जारी किया था।

### अमित के मामले में समय मांगने से हाइकोर्ट नाराज

रांची (आजाद सिपाही)। बरियातू स्थित सेना की भूमि की खरीद बिक्री घोटाले मामले में आरोपी अमित कुमार अग्रवाल की जमानत याचिका पर सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति एसएन प्रसाद की कोर्ट ने अमित अग्रवाल की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता की ओर से समय में मांगे जाने पर कड़ी नाराजगी जतायी। कोर्ट ने मौखिक कहा कि बहस जल्द पूरी करें अन्यथा कोर्ट अपना आदेश पारित करेगी। इडी कोर्ट ने अमित कुमार अग्रवाल की जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद उन्होंने हाइकोर्ट में जमानत के लिए याचिका दाखिल की है। बता दें कि बरियातू स्थित 4।55 एकड़ सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में ईडी ने रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, कारोबारी विष्णु अग्रवाल, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली आदि खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया है।

### पूजा सिंघल ने याचिका वापस ली



रांची (आजाद सिपाही)। मनरेगा घोटाला मामले में जेल में बंद निलंबित आइएएस पूजा सिंघल की ओर से निचली अदालत द्वारा डिस्चार्ज पिटीशन खारिज किये जाने को चुनौती देने वाली याचिका की आंशिक सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में प्रार्थी की ओर से याचिका वापस लेने का आग्रह कोर्ट से किया गया, जिसके बाद कोर्ट ने प्रार्थी को याचिका वापस लेने की अनुमति प्रदान की। बता दें कि इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने पूजा सिंघल के डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज कर दिया था। खूंटी जिले से जुड़े मनरेगा घोटाला मामले में पूजा सिंघल समेत अन्य के खिलाफ इडी पूर्व में चार्जशीट दाखिल कर चुकी है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 59,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 77,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 06 जनवरी, 2024
www.azadsipahi.in


# चुनावी अखाड़े में राज्यसभा के दिग्गजों को उतारेगी भाजपा

## ■ 'मिशन 400' का लक्ष्य हासिल करने के लिए नया प्रयोग करेंगे मोदी-शाह

## ■ तीन राज्यों में सांसदों-केंद्रीय मंत्रियों को उतारने की रणनीति रही बेहद सफल

**भाजपा हाल के विधानसभा चुनावों में अपने कई सांसदों और केंद्रीय मंत्रियों को चुनाव में उतार चुकी है। इनमें से ज्यादातर जीते भी हैं और उन्हें जीत के बाद राज्य में जिम्मेदारी भी दी गयी है। इसी प्रयोग को भाजपा अब लोकसभा चुनाव 2024 में भी अपनाने जा रही है। पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में राज्यसभा के दिग्गज सांसदों को भी मैदान में उतारने की तैयारी कर रही है। इन सांसदों को इसके बारे में बता दिया गया है और तैयारी शुरू करने के लिए कहा गया है। दरअसल, भाजपा का एक अघोषित नियम रहा है, जिसके तहत पार्टी अपने किसी भी नेता को लगातार तीसरी या चौथी बार राज्यसभा भेजने से परहेज करती है। यही कारण है कि पार्टी ने इन नेताओं को एक बार फिर से यह स्पष्ट कर दिया है कि पार्टी इस बार भी इस नीति का कठोरता से पालन करेगी। ऐसे में यदि उन्हें संसद में बने रहना है, तो लोकसभा में आ सकते हैं। इन दिग्गज सांसदों में से कुछ ने पार्टी आलाकमान से दिल्ली से लोकसभा का चुनाव लड़ने की इच्छा भी व्यक्त की, लेकिन पार्टी ने लगभग सभी को अपने-अपने गृह राज्य में सीट ढूंढ़ने को कहा है। बताया यह भी जा रहा है कि ऐसे दिग्गज राज्यसभा सांसदों को प्रोत्साहित करने और कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा स्वयं भी लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि राज्यसभा के दिग्गजों के मैदान में उतरने से लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में वातावरण बनेगा। क्या है भाजपा की रणनीति और कौन-कौन दिग्गज इस बार चुनावी अखाड़े में उतर सकते हैं, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह



केंद्र में लगातार तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के मिशन को कामयाब करने के लिए भाजपा जी-तोड़ प्रयास कर रही है। चुनाव प्रचार अभियान को अंतिम रूप देने के अलावा पार्टी के तमाम नेताओं की भूमिका भी तय की जा चुकी है। जहां तक लोकसभा चुनावों के लिए प्रत्याशियों के चयन की बात है, तो यह काम भाजपा बहुत पहले ही शुरू कर चुकी थी और अब यह कार्य अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। पार्टी उम्मीदवारों की पहली सूची जल्द जारी होने की अटकलों के बीच चर्चा यह भी है कि इस बार भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी अपना पहला लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं। बता दें कि अमित शाह ने भी 2019 में भाजपा अध्यक्ष पद पर रहते हुए अपना पहला लोकसभा चुनाव गुजरात के गांधीनगर से लड़ा था।

### क्या है भाजपा की नयी रणनीति

इस नयी रणनीति के तहत भाजपा ने लोकसभा चुनावों में प्रत्येक सीट पर 50 प्रतिशत से ज्यादा मत हासिल करने के लिए अपने संगठन के तंत्र को दुरुस्त करने के बाद उम्मीदवारों के तौर पर ऐसी फौज उतारने का निर्णय लिया है, जिसके आगे नामांकन भरते हुए विपक्ष के नेताओं को हार का भय पहले दिन से सताने लगे। इसके लिए भाजपा उम्मीदवारों के चयन के लिए कड़े और बड़े पैमाने तय करके आगे बढ़ रही है। हाल ही में भाजपा की ओर से अपने सांसदों के बारे में जनता की राय जानने के लिए नमो एप पर एक सर्वे भी शुरू किया गया था, जिस पर लोगों ने जो फीडबैक दिया, उसको पार्टी ने काफी गंभीरता के साथ लिया है।

हाल में संपन्न पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के दौरान देखने को मिला था कि पार्टी ने कई सांसदों को विधानसभा का चुनाव लड़ाया और यह फॉर्मूला काफी सफल साबित हुआ था। यही नहीं, भाजपा हाल में कई चुनावों में बड़ी संख्या में उम्मीदवारों को बदल कर नये चेहरों को मौका देने का सफल प्रयोग भी कर चुकी है। इसीलिए माना जा रहा है कि लोकसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों के चयन में भी भाजपा हाल के अनुभवों को देखते हुए निर्णय लेगी।

### चुनाव प्रबंधन के लिए सब कुछ चाक-चौबंद

उल्लेखनीय है कि भाजपा आलाकमान ने साल 2023 के अंत में राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक में अपने चुनावी अभियान को अंतिम रूप दे दिया था और अब नये साल पर पार्टी मुख्यालय में वरिष्ठ नेताओं की एक बैठक में उम्मीदवार चयन से जुड़े मुद्दों पर गौर किया गया। बताया जा रहा है कि इस बैठक में एक कमेटी का भी गठन किया गया, जो कि असंतुष्ट नेताओं से संपर्क कर उन्हें मनाने का काम करेगी। साथ ही कमेटी यह भी देखेगी कि चुनावों के दौरान दूसरे दलों से आने वाले किन लोगों को भाजपा में शामिल कराना है और किन्हें नहीं। बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में अन्य दलों के कई कद्दावर नेता और समाज के विभिन्न क्षेत्रों की मशहूर हस्तियां भाजपा में शामिल होने वाली हैं।

### जल्द जारी हो सकती है प्रत्याशियों की पहली सूची

जहां तक लोकसभा चुनावों के लिए भाजपा के उम्मीदवारों की बात है, तो बताया जा रहा है कि पहली सूची जल्द ही जारी हो सकती है। पहले माना जा रहा था कि यह सूची मकर संक्रांति के बाद आयेगी, लेकिन अब माना जा रहा है कि यह सूची पहले भी आ सकती है। दरअसल भाजपा ने पिछले साल पहली बार पितृपक्ष के दौरान ही मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के उम्मीदवारों की एक सूची जारी कर दी थी, जिसको लेकर सवाल उठे थे कि शुभ मुहूर्त और शुभ-अशुभ का खास ध्यान रखने वाली भाजपा ने आखिर पितृपक्ष में कैसे अपनी सूची जारी कर दी। लेकिन समय से पहले उम्मीदवारों की घोषणा करना पार्टी के पक्ष में गया। इसीलिए माना जा रहा है कि जिन सीटों पर भाजपा को पिछले चुनावों में जीत नहीं मिली थी या जहां भाजपा का अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा था, वहां के उम्मीदवारों की सूची शीघ्र ही सामने आ सकती है, ताकि उम्मीदवारों को प्रचार के लिए अच्छा-खासा समय मिल सके। साथ ही एक ओर जहां अन्य दल अभी सीटों के बंटवारे पर चर्चा ही नहीं शुरू कर पाये हैं, वहीं भाजपा अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर विपक्ष पर मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल कर लेना चाहती है।

### राज्यसभा के दिग्गजों को उतारने की तैयारी

बताया जा रहा है कि भाजपा ने इस बार बड़ी संख्या में अपने राज्यसभा सांसदों को भी लोकसभा चुनाव लड़ाने का फैसला किया है, ताकि संसद के ऊपरी सदन में लंबे समय से जमे चेहरों की जगह नये चेहरों को मौका दिया जा सके। इसके लिए तय किया गया है कि भाजपा शासित राज्यों के चुनिंदा राज्यसभा सांसदों को लोकसभा चुनाव लड़ाया जायेगा। भाजपा शासित राज्यों का चयन इसलिए किया गया है, ताकि सीट छोड़ने वाले व्यक्ति की जगह आसानी से पार्टी का दूसरा उम्मीदवार राज्यसभा पहुंच सके। इसके अलावा उन राज्यसभा सांसदों को भी चुनाव लड़ने के लिए कहा जा रहा है, जिनका कार्यकाल हाल ही में खत्म हुआ या जल्द ही खत्म होने वाला है। यह भी बताया जा रहा है कि कुछ राज्यसभा सांसदों ने खुद भी पार्टी से आग्रह किया है कि उन्हें लोकसभा चुनाव लड़ने का अवसर दिया जाये। इसके अलावा पार्टी ने ऐसे सांसदों को उस नीति के बारे में भी बता दिया है, जिसके तहत किसी नेता को अधिकतम दो बार ही राज्यसभा में भेजा जाता है।

### ये दिग्गज लड़ सकते हैं लोकसभा चुनाव

जानकारी के अनुसार, भाजपा के राज्यसभा सांसदों में महाराष्ट्र से प्रकाश जावड़ेकर, पीयूष गोयल और नारायण राणे, ओडिशा से धर्मेंद प्रधान, गुजरात से मनसुख मांडविया, हिमाचल प्रदेश से भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, उत्तर प्रदेश से दर्शन सिंह, अनिल जैन, डॉ सुधांशु त्रिवेदी, डॉ दिनेश शर्मा, कांता कर्दम, नीरज शेखर और सुरेंद्र सिंह नागर, छत्तीसगढ़ से सरोज पांडेय, केरल से वी मुरलीधरन, बिहार से राकेश सिन्हा और सुशील कुमार मोदी, जम्मू-कश्मीर से गुलाम अली, राजस्थान से अश्विनी वैष्णव, असम से भुवनेश्वर कालिता, सर्बानंद सोनोवाल, मध्य प्रदेश से ज्योतिदारित्य सिंधिया और सुमेर सिंह सोलंकी और त्रिपुरा से बिप्लब कुमार देब का नाम लोकसभा चुनावों के संभावित उम्मीदवारों की सूची में बताया जा रहा है। इसके अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी और पूर्व सांसद सैयद जफर इस्लाम का नाम भी लोकसभा के संभावित उम्मीदवारों में बताया जा रहा है। यह भी चर्चा है कि महाराष्ट्र में इस साल होने वाले विधानसभा चुनावों को देखते हुए कुछ विधायकों को भी लोकसभा चुनाव लड़ने का अवसर दिया जा सकता है। एक उप राज्यपाल का भी लोकसभा चुनाव लड़ना तय बताया जा रहा है।

बहरहाल, आधिकारिक रूप से सूची जारी होने तक अभी कई संभावित नामों की चर्चा चलती रहेगी, लेकिन एक बात पक्की है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की जोड़ी यह तय कर चुकी है कि किसी सांसद के साथ स्थानीय स्तर पर उपजी नाराजगी का असर पार्टी के चुनावी प्रदर्शन पर नहीं पड़ने देना है। इसलिए भाजपा के उम्मीदवारों की सूची निश्चित रूप से सबको चौंकाने वाली ही होगी।

---

# ओबीसी आरक्षण तय कर ही निकाय चुनाव कराये राज्य सरकार: चंद्रप्रकाश

## ऐसा नहीं हुआ तो उच्चतम न्यायालय में फिर याचिका दायर करेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष सह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार से ट्रिपल टेस्ट कराकर ओबीसी का आरक्षण तय करने के बाद निकाय चुनाव करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं होने पर वह पुनः उच्चतम न्यायालय में याचिका दाखिल करेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड उच्च न्यायालय ने सरकार को तीन हफ़्ते के भीतर निकाय चुनाव करने का आदेश दिया है। राज्य सरकार को चाहिए कि ट्रिपल टेस्ट कराने की प्रक्रिया शुरू करे और निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण को सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा पंचायत चुनाव के पूर्व उच्चतम न्यायालय में ट्रिपल टेस्ट कराकर ओबीसी को आरक्षण देते हुए पंचायत चुनाव कराने को लेकर रिट याचिका दायर की गयी थी। तब राज्य सरकार ने उच्चतम न्यायालय में शपथपत्र के जरिये अपने जवाब में कहा था कि चूंकि पंचायत चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। आगे के चुनाव में इसका अनुपालन किया जायेगा। इस बीच पंचायत चुनाव संपन्न होने के बाद जब बगैर ट्रिपल टेस्ट कराये निकाय चुनाव को लेकर राज्य सरकार की गतिविधि बढ़ी, तब अवमाननावद दायर किया और मुख्य सचिव को प्रतिवादी बनाया। तब इसकी सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के द्वारा अडरटेकिंग दिया गया था कि ओबीसी आरक्षण से संबंधित ट्रिपल टेस्ट प्रक्रियाधीन है उच्चतम न्यायालय द्वारा ओबीसी आरक्षण के संदर्भ में दिये गये निर्देशों का अनुपालन करने के लिए कटिबद्ध है।

# ओबीसी आरक्षण के साथ ही कराया जा सकता है निकाय चुनाव : राजेश गुप्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरकार अगर ट्रिपल टेस्ट के लिए गंभीर हो जाये, तो शहरी नगर निकाय चुनाव में ओबीसी के आरक्षण के साथ ही कराया जा सकता है। हाइकोर्ट के निर्णय आने के बाद उपरोक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता में शुक्रवार को कहीं।

श्री गुप्ता ने कहा कि राज्य में ट्रिपल टेस्ट करा कर ही नगर निकाय का चुनाव कराया जाये। इसके लिए आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति में सरकार अब देर नहीं करे। श्री गुप्ता ने कहा कि बिना ओबीसी आरक्षण का नगर निकाय चुनाव होता है तो राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा इसका जबरदस्त विरोध करेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में ट्रिपल टेस्ट करने के लिए राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा लगातार आंदोलन किया था और लगातार राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति की मांग करते रहा है। मौके पर कार्यालय प्रभारी संतोष शर्मा, आनंद कुमार मौर्य, अरुण कुमार गुप्ता आदि उपस्थित थे।




---

## वाहन चेकिंग के नाम पर लोगों से अपराधियों जैसा बर्ताव

# बैंक अधिकारी को लातेहार पुलिस ने लाठी से पीटा

**लातेहार पुलिस की हरकत वीडियो में कैद**

रूपेश अग्रवाल

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** पुलिस लोगों की सेवा के लिए होती है। यही पुलिस जब आम लोगों से ऐसे पेश आती है, जैसे वो कोई मुजरिम हो, तो फिर सवाल उठना तो लाजिमी है। ऐसा ही मामला लातेहार से सामने आया है। जहां वाहन जांच के नाम पर बानपुर निवासी प्रशांत उपाध्याय को लाठी से बर्बर तरीके से पीटने का आरोप लगा है। प्रशांत को रिम्स में भर्ती कराया गया है। प्रशांत बैंक में अधिकारी हैं। उन्हें केवल पीटा ही नहीं, बल्कि चार घंटे तक हाजत में भी बंद रखा। परिजनों की गुहार पर पुलिस ने प्रशांत को छोड़ा। इस घटना के बाद लातेहार की जनता में डर का माहौल है। वाहन चालक डरे-सहमे हैं। पुलिस की इस हरकत का वीडियो भी कैमरे में कैद हो गया है। पीड़ित युवक प्रशांत ने बताया कि वह अपने मित्र के साथ कहीं जा रहा था। वह बाइक में पीछे बैठा हुआ था। पुलिसवालों ने वाहन जांच के लिए रोका और अभद्र व्यवहार करने लगे। उन्होंने कहा कि जो फाइन है, वह काट लें। इसके बाद पुलिसवाले नहीं माने। उनके साथ मारपीट करने लगे। पीटते-पीटते थाना ले गये। थाना के पास भीड़ लग गयी। परिजनों की गुहार के बाद रात 11 बजे प्रशांत को छोड़ा गया।



# राजधानी में बारिश, हवाओं में कनकनी बढ़ी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में मौसम का मिजाज बदला है। रांची में शुक्रवार को दोपहर में धूप के बाद शाम में तेज बारिश हुई है। झारखंड में पिछले 24 घंटे में राज्य के कुछ हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई। इससे ठंड बढ़ गयी है। वहीं कई जिलों में आसमान में बादल अब नजर आने लगे हैं। रांची सहित कई इलाकों में तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। राज्य के कुछ हिस्सों में बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने पहले ही येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने इसे पश्चिमी विछोभ का असर बताया है। इसकी वजह से हवाओं में कनकनी बढ़ी है। आज कुछ जिलों में हल्के मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। आज जिन जिलों में बारिश हो सकती है, उनमें गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, लोहरदगा, गुमला और खूंटी शामिल हैं। इन जगहों पर सुबह से ही बादलों का डेरा है।



### बारिश-बिजली का येलो अलर्ट

मौसम विभाग ने बदले मौसम के मिजाज को देखते हुए राज्य में यलो अलर्ट जारी किया गया है। वज्रपात की संभावना है ऐसे में लोगों को सुरक्षित रहने का निर्देश दिया गया है। जिन जिलों में बारिश की संभावना है, उन जगहों पर वज्रपात की संभावना को लेकर चेतावनी जारी की गयी है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने खासकर खेत में जाने वाले किसान भाइयों से सतर्क रहने की अपील की है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 24.6 °c | 13.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.29 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.27 बजे |



# कुकृत्यों से पतनशील सरकार दोषारोपण करती है विपक्ष पर: बाबूलाल

**योगेंद्र तिवारी का राज्य सरकार से मधुर रिश्ता**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में राज्य सरकार द्वारा कानून और व्यवस्था को संरक्षित किये जाने से आपराधिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई नहीं हो पा रही है। बाबूलाल शुक्रवार को मेदिनीनगर के परिसदन में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि कारागृह से पत्रकार आशुतोष चतुर्वेदी को धमकी दिया जाना यह जाहिर करता है कि इस कृत्य में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का सीधा हाथ है। आरोपी योगेंद्र तिवारी का सोरेन परिवार से मधुर रिश्ता है, यह बात दुमका के लोग शुरू से जानते हैं। यह आरोपी जेल में है।

मरांडी ने कहा कि मौजूदा सरकार में दलाल, बिचौलिये और भ्रष्टाचारियों की पौ-बारह है, जिनको नियंत्रित करने की इच्छाशक्ति हेमंत सोरेन में नहीं है, क्योंकि इन सभी में सीएम और उनके गिरोह के लोग संलिप्त हैं। धनबाद में व्हाट्सएप्प के जरिये व्यापारियों को रंगदारी टैक्स देने के लिए धमकी दी जाती है और शासन-प्रशासन को इसकी चिंता नहीं है, जो दयनीय हालात के लिए जिम्मेदार है ।

एक सवाल के जवाब में मरांडी ने बताया कि अपनी जगह हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन को मुख्यमंत्री बनाने की योजना को अंजाम देने की कोशिश में हैं, जो सजायाफ्ता लालू प्रसाद से प्रेरित हैं, जिन्होंने अपनी पत्नी राबड़ी देवी को बिहार का मुख्यमंत्री बनाये थे।

इस संदर्भ में मरांडी ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को पत्र लिख कर ध्यान खींचा है कि विधानसभा चुनाव के चुनाव होने में एक वर्ष से कम समय रह गया है और महाराष्ट्र उच्च न्यायालय के एक विधायक के बाबत रिक्त विधानसभा क्षेत्र में चुनाव पर रोक इसलिए लगा दी गयी है कि उस राज्य में विधानसभा चुनाव की अवधि एक साल से कम रह गयी है, ऐसे में इन बिंदुओं पर गंभीरता से विचार कर लेंगे, अन्यथा गंभीर संवैधानिक स्थिति उत्पन्न हो जायेगी।

## सरकार में केवल लफ्फाजी की राजनीति

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार में केवल लफ्फाजी की राजनीति हो रही है। उन्होंने बताया कि बेरोजगारी भत्ता देने के वादे इसने किये थे और चार साल से अधिक होने जा रहे हैं, किसी को भत्ता नहीं मिला। यही नहीं, मुख्यमंत्री ने केंद्रीय सरकार द्वारा दी गयी जनजाति कल्याण की राशि का अभी तक उपयोग नहीं किया, जो आदिवासी समाज के हित में था। कहा कि केंद्र सरकार पर भयादोहन करने और अस्थिरता उत्पन्न करने का आरोप बेमानी है। हेमंत सरकार अपने कुकृत्यों के कारण खुद पतनशील है और दोषारोपण विपक्ष पर करती है। हेमंत सोरेन होटवार (जेल) जाने के लिए तैयार रहें, जैसी करनी-वैसी भरनी वाली कहावत इन पर फिट बैठती है।

### सरफराज के इस्तीफे पर रहस्य से पर्दा उठे

बाबूलाल मरांडी ने सवाल किया कि आखिर सरफराज अहमद ने क्या सोच कर इस्तीफा दिया? इस रहस्य से पर्दा उठना चाहिए। इस त्यागपत्र के नेपथ्य में हेमंत सोरेन का डर छिपा है, इसलिए नाटकबाजी यह सरकार कर रही है। कहा कि लोकसभा के साथ विधानसभा के चुनाव होने की संभावना नहीं है।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

- **मेष** नौकरी में परिवर्तन होने की संभावना। उच्चस्तरीय लोगों से सम्पर्क बनाने की कोशिश कामयाब होगी।
- **वृष** यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा, राजनीतिक लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक प्रगति होगी।
- **मिथुन** प्रभावशाली लोगों के सहयोग से रूका हुआ काम पूरा होगा, सुख-सौहार्द की वृद्धि।
- **कर्क** औपचारिक सम्पर्क और सम्बन्ध बढेगा, आत्मविश्वास में वृद्धि, धन-द्रव्य का लाभ।
- **सिंह** सक्रियता बनाये रखें,सभी काम देर-सबेर पूरा होगा,बेरोजगारों को रोजगार के अबसर बनेंगे।
- **कन्या** आर्थिक उन्नति,पारिवारिक दायित्व पूरे होंगे। पत्नी का परामर्श लाभप्रद सिद्ध होगा।
- **तुला** कर्मक्षेत्र में अत्यधिक कार्यव्यस्तता, नियमित आमदनी के स्रोत मिलेंगे।
- **वृश्चिक** चिरसंचित अभिलाषा पूरी होगी, स्वजन-मित्रों का सहयोग मिलेगा.मान-सम्मान।
- **धनु** सुख-साधनों की वृद्धि, आत्मविश्वास में वृद्धि,विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा।
- **मकर** सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे, सट्टा-लाटरी से लाभ,हर्षदायक समाचार मिलेंगे।
- **कुंभ** दिमागी तनाव दूर होंगे,पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। संतान पक्ष से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।
- **मीन** व्यापार में लाभ। समस्याओं का निराकरण होकर नौकरी में कुछ उन्नति होने की संभावना।

# जांच एजेंसियों को बीजेपी शासित राज्यों में नहीं दिख रही खामी: सुप्रियो भट्टाचार्य

**हेमंत सरकार राज्य में करती रहेगी विकास कार्य**

**2024 के चुनाव में जवाब देने के लिए जनता तैयार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने बीजेपी पर जमकर हमला बोला। कहा कि 2024 निर्णायक वर्ष है। लोकतंत्र के त्योहार के लिए विशेष है। सरकार से लोगों की आकांक्षाएं हैं, उसके अनुरूप योजनाओं पर काम हो रहा है। आम जनता को परेशानी नहीं हो, इसके लिए सरकार दो बार लोगों के साथ सीधे संवाद से जुड़ी। इससे भी हमारे प्रतिद्वंदी दल को परेशानी है। जबकि मतदान के आधार पर हेमंत सरकार का चुनाव जनता ने किया। वर्ष 2019 हेमंत सरकार का गठन हुआ। उक्त बातें सुप्रियो ने शुक्रवार को पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में पीसी कर कही। सुप्रियो ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग का गठन 1951 में हुआ। पंचायत से राज्य और देश स्तर पर चुनाव कराने की नियमावली बनी। कैसे चुनाव होगा, इसकी जिम्मेवारी निर्वाचन आयोग को सौंपी गयी। उसी आयोग ने झारखंड में भी चुनाव कराया। उसी आधार पर यहां हेमंत सरकार का गठन हुआ। सुप्रियो ने कहा कि सरकार गिराने वाली प्रक्रिया कर्नाटक से शुरू हुई, जो झारखंड में प्रयोग में लाया गया। मगर प्रतिद्वंदी दल को सफलता नहीं मिली। उन्होंने कहा भाजपा के सांसद जिस महाराष्ट्र की बात कर रहे हैं, उसकी पूरी जानकारी उनके पास नहीं है। पुणे में चुनाव इसलिए रोक दिया गया, क्योंकि वहां उपचुनाव में बीजेपी हार रही थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि लोकतंत्र को चलाने के लिए सदन में सदस्यों का होना जरूरी हैं। आगे मई का महीना आ रहा है, जवाब देने के लिए लोग तैयार हैं। राजनीति में व्यक्तिगत लड़ाई नहीं होनी चाहिए। मगर बीजेपी इस राज्य में यही करती आ रही है। इसलिए झारखंड की राजनीति में ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं।

सुप्रियो ने कहा कि वर्तमान सरकार बेहतर काम कर रही है, हर क्षेत्र में काम हो रहा है। इस सरकार ने दो साल में तीन जेपीएससी परीक्षाओं का सफल आयोजन कराया। युवाओं को रोजगार मिला। आगे भी सरकार रोजगार मुहैया कराने के लिए काम करती रहेगी।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि राज्यपाल पर निर्भर होता है कि कोई व्यक्ति को बुलाये और शपथ ग्रहण कराये, उसके छह माह के भीतर विधानसभा से चुनकर आना होगा। भ्रम की स्थिति न पैदा हो इसलिए हम सभी ने निर्वाचन आयोग से मुलाकात की, और गांडेय में उपचुनाव कराने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि एक राजनीतिक दल के मुताबिक, गैर बीजेपी शासित राज्यों को परेशान करने का काम किया जा रहा है। इसके कई उदाहरण सबके सामने हैं। बीजेपी जांच एजेंसियों को लगाकर परेशान करने का काम कर रही है। जहां बीजेपी की सरकार है, वहां एजेंसियों को कोई मसला नहीं दिख रहा है। बंगाल, पश्चिम बंगाल के अलावा झारखंड को अस्थिर करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश में 36 जगहों पर इडी ने पिछले दिनों कार्रवाई की, लेकिन कुछ नहीं मिला। प्रेस विज्ञप्ति में 36 लाख की रिकवरी दिखायी गयी, लेकिन कहां से कितनी रिकवरी हुई, इसकी जानकारी उपलब्ध नहीं करायी गयी। इससे साफ हो जाता है कि कार्रवाई किसके इशारे पर चल रही है। इससे हमारी सरकार को कोई खतरा नहीं है।

## भाजपा ने झामुमो पर किया पलटवार

# आदिवासी, मूलवासी का शोषण करने वाली है हेमंत सरकार: प्रतुल

**चार साल को काला अध्याय के रूप में याद किया जायेगा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के प्रेस कांफ्रेंस पर पलटवार किया। हेमंत सोरेन सरकार को झारखंड के इतिहास की गरीबों का सर्वाधिक शोषण करने वाली सरकार बताया। कहा कि जितना इस सरकार में आदिवासी, महिला उत्पीड़न की घटनाएं बढ़ी, उतनी पहले कभी नहीं थी। इस सरकार पर 70000 करोड़ के घपले-घोटाले का आरोप लगा। मुख्यमंत्री की सदस्यता पर खुद तलवार लटकी हुई है, क्योंकि इन्होंने आम आदिवासियों का तो नहीं सोचा, लेकिन खुद माइनिंग मंत्री और मुख्यमंत्री रहते माइनिंग लीज हथिया लिया।

मुख्यमंत्री इडी के समन पर बहानेबाजी कर भगोड़े की भूमिका में दिख रहे हैं। राजनीतिक गलियारे में खबर है कि मुख्यमंत्री ने पत्नी कल्पना सोरेन को मुख्यमंत्री बनने के लिए गांडेय सीट खाली करा दी, लेकिन यह कदम उनका राजनीतिक ब्लंडर साबित हुआ। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्यपाल को लिखे पत्र में यशवंत राव बनाम इलेक्शन कमिशन आफ इंडिया के मुंबई उच्च न्यायालय के जजमेंट का हवाला देते हुए बताया था कि एक वर्ष की तिथि की गिनती उस दिन से नहीं की जायेगी, जिस दिन से रिक्ति हुई है। बल्कि यह गिनती उस दिन होगी, जिस दिन नया विधायक निर्वाचित होगा। यानी सरफराज अहमद की अकारण राजनीतिक बलि हो गयी।

प्रतुल शाहदेव ने कहा कि इस सरकार में सिर्फ उन आदिवासियों का विकास हुआ, जो या मुख्यमंत्री के परिजन हैं या उनके करीबी हैं। इनके परिजनों या उनके इनर सर्कल के लोग को ही माइनिंग लीज और जमीन का लीज मिला। प्रतुल ने कहा की हेमंत सोरेन का कार्यकाल झारखंड के काले अध्याय के रूप में याद किया जायेगा। हेमंत सरकार ऊपर से कुछ भी दिखाये, भीतर से भयभीत है। क्योंकि इनको पता है कि इनके कयामत की रात आ गयी है, जब इनके गुनाहों का फैसला होगा।

## सीता सोरेन ने सीबीआइ कोर्ट में पासपोर्ट जमा किया

**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्यसभा चुनाव से जुड़े होर्स ट्रेडिंग मामले की आरोपी जेएमएम विधायक सीता सोरेन ने शुक्रवार को रांची सीबीआइ कोर्ट पहुंची। इस दौरान उन्होंने अदालत में अपना पासपोर्ट जमा किया। इस मामले में सीबीआई ने सीता सोरेन के खिलाफ चार्जशीट दायर की है। उइक ने चार्जशीट में बताया है कि सीता सोरेन ने राज्यसभा चुनाव में वोटिंग के लिए 50 लाख रुपये लिये थे। वहीं बैंक खातों के जरिये भी पैसे लिये गये थे। सीता सोरेन पर वर्ष 2012 में हुए राज्यसभा चुनाव में पैसे लेकर एक प्रत्याशी के पक्ष में वोट देने के आरोप में आपराधिक मामला चल रहा है।

# झारखंड में राजनीतिक उठापटक पर आलाकमान की पैनी नजर: राजेश ठाकुर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड में जारी राजनीतिक उठापटक पर कांग्रेस आलाकमान की पैनी नजर है। यह बात नयी दिल्ली में कांग्रेस की बैठक में शामिल होकर शुक्रवार को लौटने के बाद झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर संवाददाताओं से बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि बैठक में राज्य के ताजा हालात पर चर्चा हुई। साथ ही राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को राज्य के सभी जिलों से गुजरने की मांग की गयी। कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा में राहुल गांधी ने राज्य को तीसरे स्थान पर रखा है और जिस तरह का अन्याय राज्य में हो रहा है, यह न्याय यात्रा कार्यकर्ताओं के लिए उत्साहवर्धक साबित होगा। यात्रा की सूचना मिलने के बाद से कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। इस यात्रा को राज्य में 900 किमी करने की बात की गयी है, जिससे राज्य के सभी जिलों से यात्रा गुजर सके। उन्होंने कहा कि राहुल की यात्रा कोडरमा से झारखंड में प्रवेश करेगी। इसके बाद हजारीबाग, रामगढ़, रांची, खूंटी, गुमला और सिमडेगा होते हुए ओड़िशा निकल जायेगी। इस यात्रा का ठहराव धनबाद, रांची और जमशेदपुर होगा।

### आलाकमान को जानकारी दी गयी: आलमगीर



मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि यहां की सभी स्थितियों से आलाकमान को अवगत करा दिया गया है। कितने सीटों पर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी, यह आलाकमान तय करेगा। हमारी प्राथमिकता है कि अधिक से अधिक सीटों पर आइएनडीआइए की जीत हो।

# धोनी को करीबी दोस्त ने लगाया चूना

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने अरका स्पोर्ट्स एंड मैनेजमेंट लिमिटेड के मिहिर दिवाकर और सौम्या विश्वास के खिलाफ रांची सिविल कोर्ट में आपराधिक मामला दर्ज कराया है। मिहिर दिवाकर धोनी के करीबी दोस्त रहे हैं। वहीं वे उनके बिजनेस पार्टनर भी रहे हैं। यह मुकदमा अक्टूबर 2023 में ही दर्ज कराया गया है। इसी मामले में शुक्रवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में सुनवाई की तारीख निर्धारित थी।

दरअसल, मिहिर दिवाकर ने कथित तौर पर दुनिया भर में क्रिकेट अकादमी खोलने के लिए 2017 में महेंद्र सिंह धोनी के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किये थे। इसमें दिवाकर ने समझौते में बतायी गयी शर्तों का पालन नहीं किया। इस मामले में अरका स्पोर्ट्स को फ्रेंचाइजी का शुल्क भुगतान करना था। समझौते के तहत प्रॉफिट शेयर करना था, पर समझौते के सभी नियम और शर्तों की धज्जियां उड़ा दी गयीं। धोनी ने यह मुकदमा धोखाधड़ी, राशि गबन करने समेत और भादवि की धाराओं के तहत दर्ज करवाया है।

## आजसू पार्टी केंद्रीय समिति की बैठक पतरातू में आज

# पिछड़ा विरोधी है राज्य सरकार : डॉ देवशरण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** आजसू पार्टी केंद्रीय समिति की बैठक सह शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन शनिवार को पतरातू स्थित लेक रिसोर्ट में होगा। इस बैठक में जनता के हित से जुड़े विषयों पर पार्टी के भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जायेगी। साथ ही इस बैठक में राजनीतिक, सांगठनिक, सामाजिक प्रस्ताव लाये जायेंगे। बैठक को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। इस बैठक में पार्टी के करीब 600 सदस्य शामिल होंगे। उक्त जानकारी पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में दी।

उन्होंने कहा कि मोरहाबादी मैदान में आयोजित तीन दिवसीय केंद्रीय महाधिवेशन नवनिर्माण संकल्प समागम में पार्टी ने राज्य के नवनिर्माण के लिए नौ संकल्प लिये थे। इन्हीं संकल्पों को धरातल पर उतारने के लिए निर्णय लिये जायेंगे। सामाजिक न्याय और विकास की अवधारणा के आधार पर केंद्रीय समिति में सदस्यों का चयन हुआ है।

कहा कि राज्य सरकार कहती है कि वह पिछड़ों के प्रति इमानदार है, लेकिन यह सरकार असल में पिछड़ा विरोधी है। पंचायत चुनाव में करीब दस हजार पिछड़ों के प्रतिनिधित्व करने के अवसर को इस सरकार ने जीरो कर दिया। सरकार को तय समय के अंदर ट्रिपल टेस्ट और जातीय जनगणना करानी चाहिए थी। सरकार पिछड़ों की भलाई करने की कोई मंशा नहीं है। मौके पर पार्टी के उपाध्यक्ष हसन अंसारी, महासचिव राजेंद्र मेहता, केंद्रीय प्रवक्ता मनोज सिंह और केंद्रीय प्रवक्ता सुधीर यादव मौजूद थे।

# इसी महीने होगी उर्जा मित्रों की बहाली प्रक्रिया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड बिजली वितरण निगम की ओर से राज्य भर में उर्जा मित्रों की बहाली की जायेगी। इसके लिए निगम ने पिछले साल ही टेंडर निकाला था। इस महीने के अंत तक प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी। राज्य में उर्जा मित्रों की कमी के कारण बिजली उपभोक्ताओं को विशेष परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आलम यह है कि लोगों को बिजली बिल नहीं मिल पा रहा। कुछ इलाकों में बिल लंबे समय के बाद दिया जा रहा है। ऐसे में लोगों को परेशानी हो रही है। सूत्रों की मानें तो पिछले कुछ समय से उर्जा मित्रों की रूचि बिलिंग कलेक्शन में कम हुई है। इसका एक कारण स्मार्ट मीटर अधिष्ठापन भी है। स्मार्ट मीटर जिन इलाकों में लगाया गया है, उन इलाकों में बिजली बिल प्रीपेड मोड पर दिया जा रहा है। ऐसे में उर्जा मित्रों की भूमिका खत्म हो जाती है। इससे उर्जा मित्रों की रूचि बिलिंग कलेक्शन में कम हो जा रही है।

राजधानी रांची की बात करें तो रांची में सिर्फ बीस फीसदी ऊर्जा मित्र ही कार्यरत हैं। अन्य जिलों में भी स्थिति ऐसी है। परिणाम ये है कि निर्धारित लक्ष्य के बावजूद बिलिंग कलेक्शन में कमी देखी जा रही है। बात दें पिछले साल अक्टूबर तक जेबीवीएनएल के राजस्व वसूली में वृद्धि देखी गयी थी।

जेबीवीएनएल के जीएम रेवेन्यू मंतोष सिंह ने जानकारी दी कि जेबीवीएनएल की ओर से सभी विद्युत आपूर्ति क्षेत्र के लिए टेंडर निकाला गया है। टेंडर के जरिये जनवरी के अंत तक ऊर्जा मित्रों की बहाली कर लेनी है। कुछ जिलों के टेंडर अब खोले जाने है। ऐसे में जल्द बहाली कर ली जायेगी। बात दें दिसंबर में डाल्टेनगंज, हजारीबाग, रांची के लिए टेंडर निकाला गया था।

### 35 लाख उपभात्काओं को मिलता है बिल

बिजली वितरण निगम की मानें तो राज्य भर में लगभग 60 लाख उपभोक्ता हैं। फिलहाल इनमें से मात्र 35 लाख के पास ही बिजली बिल पुंहच रहा है। अन्य हिस्सों इलाकों में बिल नहीं मिलने के कारण राजस्व पर असर पड़ रहा है। हालांकि इन उपभोक्ताओं में कुछ फिक्स्ड चार्जेस के भी उपभोक्ता हैं।

# कांग्रेस नेता राहुल गांधी से जुड़े मामले में हाइकोर्ट ने मांगा लोअर कोर्ट का रिकॉर्ड

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि के एक मामले में हाइकोर्ट में शुक्रवार को आशिक सुनवाई हुई। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति अंबुज नाथ की कोर्ट ने मामले में लोअर कोर्ट रिकॉर्ड एलसीआर की मांग की है। नवीन झा की ओर से अधिवक्ता विनोद साहू ने पक्ष रखा। यह मामला साल 2018 का है। उस दौरान दिल्ली में कांग्रेस अधिवेशन के दौरान राहुल गांधी ने भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि एक हत्यारा सिर्फ भाजपा में ही राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है, कांग्रेस में नहीं।

**राहुल गांधी के खिलाफ चल रहे तीन केस :** झारखंड में राहुल गांधी के खिलाफ इस वक्त तीन केस चल रहे हैं। एक तो नवीन झा ने उन पर मुकदमा दर्ज कराया था। इसी मामले में एक और मुकदमा भाजपा नेता प्रताप कुमार ने चाइबासा कोर्ट में दायर किया था।

### भाजपा नेता नवीन झा ने की थी शिकायत

अमित शाह के खिलाफ कथित रूप से राहुल गांधी के इस आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद भाजपा नेता नवीन झा ने निचली अदालत में एक याचिका दायर की थी और बाद में मामला हाइकोर्ट पहुंचा। मालूम हो कि राहुल गांधी की तरफ से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश केस लड़ रहे हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# राजधानी में एक शाम युवाओं के नाम 12 को




**हरमू मैदान से प्रचार वाहन रवाना**
**घर-घर जाकर लोगों को दिया जायेगा निमंत्रण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हनुमान सेवा संस्थान रांची के तत्वावधान में युवा दिवस पर एक शाम युवाओं के नाम कार्यक्रम 12 जनवरी को होगा। इसे लेकर शुक्रवार को हरमू मैदान से प्रचार वाहन को रवाना किया गया। प्रचार वाहन घर-घर जाकर लोगों को इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निमंत्रण देगा। यह कार्यक्रम अलग-अलग चैनलों के माध्यमों से प्रसारित होगा। 12 जनवरी को होने वाला कार्यक्रम शाम 6.30 बजे से 8.30 बजे तक पंडित विजय शंकर मेहता के सानिध्य में होगा। रथ को सांसद डॉ समीर उरांव, संस्था के अध्यक्ष राकेश भास्कर, संरक्षक प्रमोद सारस्वत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर संस्था के नवीन झा, अजय सिंह, राजकिशोर सिंह, वीरेंद्र नारायण, श्याम झा, इंद्रजीत यादव, डॉ विवेक शर्मा, विकास सिन्हा, ओम प्रकाश, रमेश सिंह, गिरीश कुमार सिंह, शंभू शरण, रितेश कुमार, बनारस यादव, गोविंदा बाल्मीकि, मुकुल कुमार, दुर्गेश कुमार, मनोज सहित कई लोग मौजूद थे।

# आत्म-साक्षात्कार पाठमाला के नये संस्करण का विमोचन




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/नोएडा।** योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया (वाइएसएस) और सेल्फ-रियलाइजेशन फेलोशिप (एसआरएफ) के संस्थापक और आध्यात्मिक गौरव ग्रंथ, योगी कथामृत, के लेखक, श्रीश्री परमहंस योगानंद का 131वां जन्मोत्सव, शुक्रवार को वाइएसएस के सेक्टर 62-स्थित नोएडा आश्रम में मनाया गया। इस अवसर पर हिंदी में परमहंस योगानंदजी की योगदा सत्संग आत्म-साक्षात्कार पाठमाला के नये संस्करण का विमोचन हुआ। इस आयोजन में योगदा के 800 से भी अधिक श्रद्धालु शामिल हुए। इसमें सामूहिक ध्यान, सत्संग और संन्यासियों के प्रवचन हुए। इसके पूर्व सुबह नारायण सेवा में 1200 से अधिक लोगों को गुरु लंगर में प्रसाद वितरित किया गया।

इस जन्मोत्सव समारोह का मुख्य आकर्षण रहा सायंकालीन कार्यक्रम में हिंदी में योगदा सत्संग आत्म-साक्षात्कार पाठमाला के नये संस्करण का विमोचन। योगानंदजी द्वारा विश्व को प्रदत्त क्रियायोग शिक्षाओं का महत्त्व साझा करते हुए वाइएसएस के वरिष्ठ संन्यासी स्वामी ईश्वरानंद गिरि ने कहा कि परमहंस योगानंद प्रायः क्रियायोग मार्ग, जिसमें ध्यान की वैज्ञानिक प्रविधियां सम्मिलित हैं, को ईश्वर तक ले जाने वाला राजमार्ग कहा करते थे। उनकी शिक्षाएं मुद्रित योगदा सत्संग पाठमाला के माध्यम से उपलब्ध करायी जाती हैं। इस पवित्र ज्ञान का संचार लोगों के जीवन के सभी पक्षों को उन्नत और रूपान्तरित करेगा। इस अवसर पर योगदा संन्यासी स्वामी आद्यानन्द ने वाइएसएस/एसआरएफ अध्यक्ष स्वामी चिदानंद गिरी का संदेश पढ़ कर सुनाया गया।

# मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा फुटबॉल प्रतियोगिता में आदिवासी क्लब पंडरा की जीत



रांची (आजाद सिपाही)। केंद्रीय सरना समिति के द्वारा 3 जनवरी से मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जंयती के अवसर पर तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुक्रवार को अध्यक्ष बबलू मुंडा के अगुवाई में समापन हुआ। ार्यक्रम का मंच संचालन झारखंड अंदोलनकारी कुमोद कुमार वर्मा ने किया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि विधायक सीपी सिंह, विशिष्ट अतिथि नगर आरक्षी उपाधीक्षक कोतवाली प्रकाश सोय, यातायात आरक्षी उपाधीक्षक जीत वाहन उरांव, झारखंड आंदोलनकारी सुनील फकीरा कच्छप, जेके इंटरनेस्ल के निदेशक जितेंद्र सिंह, पेंटालूंस के निदेशक सुमीत सिंह के अलावा समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे। पहला मैच पहान ब्रदर्स कोंगे और आदिवासी फुटबॉल क्लब पंडरा के बीच खेला गया जिसमें आदिवासी कल्ब पंडरा 4/1 से विजय रहा। दूसरा मैच संत जोन फुटबॉल आक्डमी और सतियारी टोली के बीच खेला गया जिसमें संत जोन फुटबॉल आक्डमी 2/1 से विजयी रहा। और अंत में फाइनल मैच संत जोन फुटबॉल आक्डमी और आदिवासी फुटबॉल क्लब पंडरा के बीच खेला गया जिसमें आदिवासी कल्ब पंडरा 1/0 से विजयी रहा। इन मैचों के बाद मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि समाज के गणमान्य लोगों को बैंच अंग वस्त्र मेमोंटो देकर सम्मानित किया गया। तृतीय चतुर्थ टीम मैनेजर को अंग वस्त्र एवं मेमोंटो देकर सम्मानित किया गया। साथ ही साथ 11,000/11,000 हजार रुपये पुरस्कार समिति के सभी पदाधिकारियों के द्वारा दिया गया। द्वितीय पुरस्कार केंद्रीय सरना समिति के मुख्य पहान जगलाल पहान एवं केंद्रीय अध्यक्ष बबलू मुंडा ने संयुक्त रूप से ट्रॉफी एवं 51,000 रुपये का चेक दिया गया। प्रथम पुरस्कार जेके इंटरनेस्ल स्कूल के निदेशक जितेंद्र सिंह ने ट्रॉफी एवं एक लाख रुपये का चेक दिया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा, मुख्य पहान जगलाल पहान, अशोक उरांव, जगरनाथ तिर्की, शोभा कच्छप, किरण तिर्की, रंजन मुंडा, शिवधन मुंडा, लक्ष्मण मुंडा, विसवास उरांव, पुनीत कुजूर, डब्लू उरांव, सुरेंद्र लिंडा, अनीता गाड़ी, मुन्ना लकड़ा, गोविंद उरांव, माढु उरांव, मुकेश मुंडा, मुन्ना हेमरोम, कजरू खलखो, आशीष मुंडा, राकेश मुंडा, राजू मुंडा, शंकर उरांव,(खेल प्रभारी) मंगल मिंज, सरोज नाथ महतो दिनेश महतो संतोष उरांव दिनेश महतो, अभिजीत विसवास, आदि उपस्थित थे।

## महुआ माजी ने मूव फॉर अर्थ को हरी झंडी दिखायी, कहा

# पृथ्वी को बचाने के लिए मूव फॉर अर्थ आंदोलन जरूरी

**स्विचऑन फाउंडेशन की ओर से छह दिवसीय साइकिल यात्रा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राज्यसभा सांसद महुआ माजी और एसजे एक्सआइएसएस निदेशक डॉ जोसेफ मारियानस कुजूर ने शुक्रवार को स्विचऑन फाउंडेशन द्वारा छह दिवसीय साइकिल यात्रा, मूव फॉर अर्थ आंदोलन को हरी झंडी दिखायी। खूंटी के ओलिहंतू से शुरू हुई साइकिल यात्रा शुक्रवार को रांची पहुंची और झारखंड में लगभग 500 किलोमीटर की दूरी तय कर रांची, ओरमांझी, रामगढ़, बोकारो, फुसरो, धनबाद, गिरिडीह, मधुपुर, देवगढ़, जरमुंडी होते हुए 9 जनवरी को दुमका में समाप्त होगी।

जलवायु कार्रवाई को प्रेरित करने और अपना समर्थन दिखाने के लिए लगभग 100 साइकिल चालक रांची में साइकिल यात्रा में शामिल हुए। इसके साथ ही मंथन युवा संस्थान और कॉसमॉस यूथ क्लब के सहयोग से युवाओं, बच्चों और समुदाय के लोगों को शामिल करते हुए रांची में कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। स्विचऑन फाउंडेशन के सह-संस्थापक विनय जाजू ने कहा कि अपनी साइकिल यात्रा के दौरान मैं टिकाऊ कृषि, स्वच्छ हवा, अपशिष्ट प्रबंधन और स्वच्छ ऊर्जा समाधान के मुद्दों को संबोधित करने के लिए क्षेत्रों के किसानों, महिलाओं और युवाओं से जुड़ रहा हूं। हम अपने ग्रह पृथ्वी के सामने आने वाले जलवायु संकट को कम करने के लिए भविष्य के अनुकूल कौशल, प्रौद्योगिकियों और प्रथाओं के साथ लचीलापन बनाने के लिए झारखंड भर के शहरों, कस्बों और गांवों में गतिविधियों की एक श्रृंखला की मेजबानी कर रहे हैं।

इस अवसर पर उपस्थित, राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन संकट में सुधार के लिए, पृथ्वी की बेहतरी के लिए स्विचऑन फाउंडेशन द्वारा की गयी इस तरह की पहल को देखना वास्तव में उत्साहजनक है। अमीत कुमार, (आइएएस), प्रशासक, रांची नगर निगम ने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि स्विचऑन फाउंडेशन 'मूव फॉर अर्थ' नामक विशेष पहल का आयोजन कर रहा है। एक्सआइएसएस निदेशक डॉ जोसेफ मारियानस कुजूर एसजे ने कहा कि पूर्वी भारतीय राज्य जलवायु संकट का सामना करने वाले सबसे कमजोर राज्यों में से हैं। हम अपने पर्यावरण के लिए इस महत्वपूर्ण प्रयास के लिए स्विचऑन के साथ खड़े हैं।

# जनजातीय, क्षेत्रीय भाषाएं आठवीं अनुसूची में शामिल हों : डॉ लंबोदर

**जनजातीय और क्षेत्रीय भाषा संकाय में पंजीयन सेंटर का किया उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने शुक्रवार को रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय में पंजीयन कार्यालय का उद्घाटन किया। यह कार्यालय 11 फरवरी को जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग के पूर्ववर्ती छात्रों के होने वाले सम्मेलन को लेकर खोला गया है। उन्होंने कहा कि यह क्षण हमारे लिए अद्भुत और अकल्पनीय है कि जिस विश्वविद्यालय से हमने पीएचडी की। उसी विश्वविद्यालय के कार्यक्रम का मुख्य अतिथि होना बहुत ही सुखद अनुभव है। कहा कि जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा की पढ़ाई वर्ग एक से लेकर स्नातकोत्तर तक होनी चाहिए। इसको लेकर शिक्षकों की बहाली हो। उन्होंने जनजातीय भाषा को संविधान की आठवीं सूची में शामिल करने पर भी जोर दिया। इस अवसर पर प्रोफेसर डॉ हरि उरांव, डॉ उमेश नंद तिवारी, डॉ सविता केशरी, डॉ मेरी एस सोरेंग, डॉ गीता कुमारी सिंह, माया मुंडा, कुमारी शशि, डॉ रामकिशोर भगत, बंधु भगत, तारकेश्वर सिंह मुंडा, प्रेम मुर्मू, राजकुमार बक्शी, डॉ किशोर सुरीन, कर्म सिंह मुंडा, डॉ वीरेंद्र कुमार साय, डॉ बंदे खलखो, सुजाता टेटे, डॉ अर्चना कुमारी, डॉ सरस्वती गाड़ी, डॉ निरंजन कुमार, डॉ दिनेश कुमार, डॉ दयामती सिंकु, डॉ वीरेंद्र कुमार महतो, डॉ रिझु नायक, अवेंजर टेटे, गुरु चरण पूर्ति, अनुराधा मुंडा, शकुंतला बेसरा, डॉ राकेश किरण, डॉ उपेंद्र कुमार, जयप्रकाश उरांव, अनिल, नरेंद्र कुमार दास और डॉ नकुल कुमार सहित छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# दीनदयाल उपाध्याय मंडल संसदीय समिति की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**हाजीपुर।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल की मंडल संसदीय समिति की बैठक का आयोजन मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, डीडीयू के सभागार किया गया। इस बैठक में पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल क्षेत्राधिकार के सांसदों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता सासाराम के सांसद छेदी पासवान ने की। इसमें रेल के सर्वांगीण विकास के लिए सुझाव आये। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल, पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक राजेश गुप्ता सहित मुख्यालय एवं मंडल के अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में सांसदों ने रेल के विकास और यात्री सुविधाओं में और वृद्धि पर सुझाव दिये। आधारभूत संरचनाओं के विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने पर बल दिया गया। साथ ही बैठक में भविष्य की कार्य योजनाओं पर भी चर्चा हुई। महाप्रबंधक ने यात्री सुविधा, आधारभूत संरचनाओं के विकास आदि के क्षेत्र में किये गये कार्यों और नयी परियोजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि यात्री सुविधा की दिशा में कार्य करते हुए स्टेशनों पर उन्नत यात्री सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी हैं। इसी कड़ी में 92 स्टेशनों के पुनर्विकास का कार्य जारी है, जिनमें डीडीयू मंडल के 15 स्टेशन शामिल हैं।

### इनकी रही मौजूदगी

सांसद सुशील कुमार सिंह, अनिल तिवारी, जय प्रकाश चौबे, अरविंद कुमार, अजय कुमार सिन्हा, शेषनाथ सिंह उपस्थित थे।

# विटोल और गेल के बीच दीर्घकालिक एलएनजी आपूर्ति समझौता हुआ

एजेंसी




**सिंगापुर।** गेल (इंडिया) लिमिटेड और विटोल एशिया पीटीइ लिमिटेड ने लगभग 10 वर्षों की अवधि के लिए प्रति वर्ष लगभग 10 लाख मीट्रिक टन एलएनजी की आपूर्ति के लिए भारत में दीर्घकालिक एलएनजी सौदे पर हस्ताक्षर किया है। यह आपूर्ति 2026 से शुरू होगी। इस सौदे के तहत विटोल अपने वैश्विक एलएनजी पोर्टफोलियो से अखिल भारतीय आधार पर भारत में गेल को एलएनजी वितरित करेगा।

गेल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक संदीप कुमार गुप्ता ने कहा कि गेल द्वारा विटोल के साथ यह दीर्घकालिक एलएनजी सौदा इसके बड़े तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) पोर्टफोलियो को बढ़ायेगा और भारत की मांग और आपूर्ति के अंतर को पाटने में योगदान देगा। विटोल के सीइओ रसेल हार्डी ने कहा कि हमें विटोल और गेल के बीच मौजूदा संबंधों को आगे बढ़ाने और इस दीर्घकालिक एलएनजी आपूर्ति सौदे को एक साथ पूरा करने पर खुशी है।

भारत एक महत्वपूर्ण और बढ़ता हुआ एलएनजी बाजार है और हम भारत में प्राकृतिक गैस की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अपने वैश्विक एलएनजी पोर्टफोलियो से एलएनजी आपूर्ति लाने के लिए उत्साहित हैं। गेल (निदेशक (विपणन) संजय कुमार ने सिंगापुर में हस्ताक्षर के अवसर पर बोलते हुए कहा कि गेल यह सौदा कर रहा है, क्योंकि भारत में प्राकृतिक गैस की मांग समेकित हो रही है और यह एलएनजी गठजोड़ कई वार्ताओं का हिस्सा है। गेल विभिन्न एलएनजी आपूर्तिकर्ताओं के साथ दीर्घकालिक सौदे कर रहा है।

बता दें कि एक अग्रणी प्राकृतिक गैस कंपनी के रूप में गेल की भारत के गैस व्यापार, ट्रांसमिशन, एलपीजी उत्पादन और ट्रांसमिशन, एलएनजी पुनः गैसीकरण, पेट्रोकेमिकल्स, सिटी गैस और इएंडपी में शानदार उपस्थिति है। गेल पूरे भारत में 16 हजार किमी से अधिक प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों के नेटवर्क का मालिक है और उसका संचालन करता है। विटोल ऊर्जा क्षेत्र में अग्रणी है, जिसकी उपस्थिति तेल और गैस से लेकर बिजली, नवीकरणीय ऊर्जा और कार्बन तक है। यह प्रति दिन 7.4 मिलियन बैरल कच्चे तेल और उत्पादों का व्यापार करता है।

## महत्वपूर्ण खबरें

### गुरुजन के प्रति विद्यार्थियों का सम्मान ही लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड : डॉ तपन कुमार शांडिल्य



रांची (आजाद सिपाही)। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची हिंदी विभाग के शिक्षकों और विद्यार्थियों के द्वारा कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य को शुक्रवार को सम्मानित किया गया। प्रयोजन था, विगत दिनों किट्स, भुवनेश्वर में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य को कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज के द्वारा लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया जाना। यह अवार्ड डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य को उनके लंबे शैक्षिक और जनसेवा की दिशा में योगदान के लिए प्रदान किया गया है। इस अवसर पर कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि उस प्रतिष्ठित अवार्ड के उपरांत आज अपने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के बीच, आपके हाथों सम्मानित होना एक अलग महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि एक गुरु और शिक्षक के लिए सबसे बड़ा सम्मान होता है कि उनके विथार्थी उन्हें अपना आदर्श मानकर जीवन में सफल हो। यही एक गुरु के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड जैसा मायने रखता है। उन्होंने कहा कि उनका अपने संपूर्ण अकादमिक जीवन में यह प्रयास रहा है कि वह विद्यार्थियों के लिए गुरु होने के साथ उनके अभिभावक की भूमिका का निर्वहन करें। इसके पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ जिंदर सिंह मुंडा, सहायक प्राध्यापक डॉ प्रियांशु कुमार, डॉ मृत्युंजय कोयरी और डॉ जितेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों के साथ कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य और भारतीय आर्थिक परिषद के संयोजक डॉ अनिल कुमार ठाकुर को पुष्प गुच्छ और शॉल प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक डॉ प्रियांशु कुमार ने किया। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

### रामोत्सव कार्यक्रम को लेकर भूमि पूजन किया गया : रमेश सिंह



रांची (आजाद सिपाही)।रामोत्सव कार्यक्रम को लेकर चंद्रशेखर आजाद दुर्गापूजा समिति ने मेन रोड रांची द्वारा आगामी 21-22 जनवरी को रामोत्सव कार्यक्रम को लेकर पूजा स्थल में भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन स्थानीय पुरोहित द्वारा विधि विधान से किया गया। इस अवसर पर मुख्य संरक्षक जलेंद्र प्रसाद, अध्यक्ष रमेश सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष राजू वर्मा, महासचिव रामानंद ठाकुर, मुन्ना चौरसिया, प्रदीप बर्मन, बबलू वर्मा, विकाश वर्मा, काजू वर्मा, सोनू दुबे, विक्की वर्मा, ओम वर्मा, रवि वर्मा, सबलू मुंडा, नमन भारतीय, धर्मेंद्र और अन्य उपस्थित थे।

### बोड़ेया गांव में हड़गड़ी पूजा



रांची (आजाद सिपाही)। कांके क्षेत्र अंतर्गत बोड़ेया गांव में हड़गड़ी पूजा की गयी। बोड़ेया के विश्वकर्मा पाहन की अगुवाई में ढोल-नगाड़े के साथ नाचते-गाते अखड़ा में परिक्रमा करते हुए एकजुट होकर मसना स्थल तक गये। यहां पूर्वजों को तेल, सिंदूर, दाल, भात, खैनी, चूना, हड़िया आदि अर्पित किया गया। केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि पुस में आदिवासी समाज के लोग अपने पूर्वज को याद करते हैं। गांव में ही आदिवासी परंपरा, संस्कृति जीवित है। आज आदिवासी अपनी धार्मिक पहचान के लिए भटक रहा है। सरना कोड नहीं मिलने से आदिवासी परंपरा में सेंधमारी हो रही है। इस दौरान दालू पाहन, रवि बिन्हा, अमित टोप्पो, नवल टोप्पो, आशीष टोप्पो, चंदा, अमर, विजय सहित अन्य उपस्थित थे।

### मेडिका को विश्वस्तरीय सर्जरी में मिली कामयाबी




रांची (आजाद सिपाही)। मेडिका सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के सर्जरी विभाग के डॉक्टरों ने 69 साल के व्यक्ति की दोनों किडनी को बचाने में सफलता हासिल की। मेडिका रांची के जेनरल सर्जन डॉ गौतम चंद्रा ने बताया कि मरीज मल्टीपल रेट्रोपरिटोनियल लिपोमैटोसिस की बीमारी से पीड़ित था। इस बीमारी के लिए सर्जरी इसलिए भी महत्वपूर्ण थी, क्योंकि किडनी को पूरी तरह से जकड़ कर रखे ट्यूमर को काटकर हटाने वाले ऑपरेशन अभी तक मेडिकल के जर्नल में दो ही दर्ज है। डॉक्टर गौतम ने बताया कि मरीज पेट में दर्द और पेट के आकार बढ़ने की शिकायत लेकर आया था। छह साल पहले उसके पेट में यह समस्या शुरू हुई थी। समस्या बढ़ने पर मरीज देश के बड़े-बड़े कई अस्पतालों और डॉक्टरों से परामर्श लिया, लेकिन राहत नहीं मिली।अभी कुछ ही महीने पहले मरीज मेडिका अस्पताल रांची आया। यहां डॉ गौतम के द्वारा मरीज का अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन और एमआरआइ सहित जरूरी जांच की गयी। इसके बाद ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन में करीब 7.2 किलो की अतिरिक्त चर्बी, जिसके जकड़न से किडनी का आकर भी छोटा हो गया था, उसे काटकर हटाया गया। यह रेयर ट्यूमर है, जिसको मेडिकल की प्रतिष्ठित जर्नल में प्रकाशित कराया जायेगा। ऑपरेशन के बाद मरीज पूरी तरह से ठीक है।

### लालू यादव से मिले गौतम सागर राणा



रांची (आजाद सिपाही)। राजद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गौतम सागर राणा राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव से मिले। साथ ही देश की राजनीति के अलावा आनेवाले चुनाव पर विचार विमर्श किया। झारखंड की भी राजनीति पर चर्चा हुई। झारखंड में राष्ट्रीय जनता दल को किस तरह धारदार बनाया जाये, इस पर भी विशेष चर्चा हुई।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 06 जनवरी, 2024
www.azadsipahi.in


# अवैध खनन मामले में पप्पू यादव को इडी का समन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड के साहिबगंज में हुए अवैध खनन मामले में बिहार के कटोरिया विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक पप्पू यादव को इडी ने शुक्रवार को समन जारी किया है। पप्पू को इडी ने 9 जनवरी को पूछताछ के लिए बुलाया है। पप्पू को साहिबगंज के उपायुक्त रामनिवास यादव का करीबी बताया जा रहा है। इडी के अनुसार पंकज मिश्रा के गिरफ्तारी के बाद पप्पू यादव ने ही अवैध खनन की जिम्मेदारी संभाली थी। 1250 करोड़ के अवैध खनन मामले में इडी ने बुधवार को झारखंड के 12 ठिकानों पर छापेमारी की थी, 9 जनवरी को पप्पू यादव को बुलाकर इडी अवैध खनन के मामले में विस्तृत जानकारी लेगी। बता दें कि साहिबगंज अवैध पत्थर खनन मामले में इडी की टीम ने बुधवार को हेमंत सोरेन के करीबियों के राजस्थान, झारखंड और पश्चिम बंगाल स्थित 12 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी।

# कोबरा गैंग के नाम पर रंगदारी मांगनेवाले दो बदमाश गिरफ्तार

**आरोपी हेमंत कुमार सिंह ने स्वीकार किया कि उसने अपने चाचा सुनील सिंह की मिलीभगत से घटना को अंजाम दिया**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** कोबरा गैंग के नाम पर तीन कारोबारियों से एक-एक करोड़ की रंगदारी मांगी गयी थी। वहीं पुंदाग इलाके में मोहन कुमार शर्मा नामक जमीन कारोबारी के घर पर बमबाजी की गयी थी। घटना में शामिल दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस मामले में हेमंत कुमार सिंह उर्फ मंटू और पंकज उरांव को गिरफ्तार किया गया है।

आरोपी हेमंत कुमार सिंह ने स्वीकार किया कि उसने अपने चाचा सुनील सिंह की मिलीभगत से घटना को अंजाम दिया। चाचा सुनील सिंह का मोहन शर्मा, हीरालाल और राजेश महतो के साथ जमीन का कारोबार मिराल (नगड़ी) में था। जिसमें सुनील सिंह द्वारा पैसे को लेकर राजेश महतो और हीरालाल साहू पर दबाव बनाया जा रहा था, और मोहन शर्मा के साथ एक जमीन को लेकर दोनों तरफ से कोर्ट केस हुआ था। जिसमें सुनील सिंह को लाभ नहीं मिलने के कारण वह मोहन शर्मा को मरवा कर उस जमीन को लेना चाह रहा था। सुनील सिंह द्वारा फर्जी सिम 9523**9506 से कोबरा गैंग के नाम से व्हाट्सएप बनाकर जमीन कारोबारी मोहन शर्मा, हीरालाल साहू राजेश महतो को धमकी देकर फिरौती की मांग की गयी थी।

## जमात-ए-इस्लामी बड़गाईं ने किया कंबल वितरित



रांची (आजाद सिपाही)। बड़गांई में शुक्रवार को कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जमात-ए-इस्लामी बड़गांई इकाई के बैनर तले हुई। इसमें लगभग एक सौ जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल एवं गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। इस अवसर पर जमात-ए-इस्लामी झारखंड मानव सेवा विभाग के सचिव शोहेल अख्तर, समाजिक कार्यकर्ता अरविंद कुमार साहू, रामधनी साहू, कृष्णा साहू, मोहम्मद शाहजहां, मोहम्मद रजाउल्लाह, नकीब अहमद, अख्तार हुसैन, अकील अहमद सज्जाद अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।

## थ्री झारखंड बटालियन एनसीसी शिविर का समापन



रांची (आजाद सिपाही)। थ्री झारखंड बटालियन एनसीसी रांची के द्वारा संत जॉन स्कूल रांची में आयोजित प्रशिक्षण शिविर शुक्रवार को संपन्न हो गया। इस शिविर में खूंटी, सिल्ली, चक्रधरपुर, पतरातु, बुंडू, रांची के राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय, संत जेवियर कॉलेज, रामटहल चौधरी आइटी के बच्चों ने भाग लिया। शिविर में एनसीसी ए, बी और सी सर्टिफिकेट परीक्षा फरवरी में सम्मिलित होने वाले करीब 316 कैडेट्स ने भाग लिया। कैंप के दौरान एनसीसी कैडेट्स ने पूरे जोश के साथ दस दिन प्रशिक्षण प्राप्त किया। कैंप में सभी कैडेट्स को ए, बी, सी और डी चार टीम मे बांट दिया गया और विभिन्न तरह की प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी। प्रतियोगिता में विजेता टीम और कैडेट्स को पुरस्कृत किया गया।

# राज्य सरकार निलंबित कर एफआइआर दर्ज करे: प्रतुल

**साहिबगंज डीसी के आवासीय परिसर से प्रतिबंधित बोर की गोलियां मिलने पर भाजपा ने बोला बड़ा हमला**

**जिस अधिकारी को आर्म्स एक्ट में अभियोजन स्वीकृति देने का अधिकार है, वह खुद है आरोपी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि इस सरकार के शह पर अधिकारी तमंचे पर डिस्को खेलते नजर आ रहे हैं। इसके पूर्व भी सत्ता के करीबी रहे बड़े दलाल प्रेम प्रकाश के घर में मुख्यमंत्री के हाउस गार्ड के दो एक-47 बरामद हुए थे। प्रतुल ने कहा कि साहिबगंज उपायुक्त रामनिवास यादव के घर में इडी को छापेमारी के दौरान .38 बोर की दो गोलियां, 9 एमएम पिस्टल की 19 गोलियां और .45 बोर के 5 खोखे बरामद हुए हैं। ये जिन हथियार की गोलियां हैं, वह सब प्रतिबंधित हथियार की श्रेणी में आते हैं। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि विडंबना देखिये कि जो उपायुक्त प्रतिबंधित हथियार की गोलियां रखने के आरोपी हैं, आर्म्स एक्ट की धारा 39 के तहत उन्हें ही इस तरह के मुकदमों में अभियोजन स्वीकृति देने का अधिकार है। यह सोचना भी हास्यास्पद है कि जब मुकदमा दर्ज होगा, तो यह खुद पर अभियोजन स्वीकृति की अनुमति देंगे। इसलिए इन्हें तुरंत निलंबित कर पद से हटाना आवश्यक है। क्योंकि प्राप्त जानकारी के अनुसार यह पद में रहते हुए सबूत के साथ छेड़छाड़ भी कर सकते हैं। प्रतुल ने सरकार से मांग की कि तुरंत साहिबगंज जिले के उपायुक्त को निलंबित कर उन पर आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा किया जाये।

# श्री महावीर मंडल रांची महानगर ने अयोध्या में होनेवाले समारोह को लेकर महोत्सव मनाने के लिए तैयारी शुरू की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्री महावीर मंडल रांची महानगर की आवश्यक बैठक श्री राम मंदिर के उद्घाटन उत्सव को लेकर श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर मेन रोड में कुणाल अजमानी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि मेन रोड स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर, काली मंदिर, मल्लहा टोली मेन रोड श्री हनुमान मंदिर, चर्च रोड स्थित श्री महावीर मंदिर, गुदरी के शिव मंदिर, महादेव मंदिर ओसीसी कंपाउंड, बंगलामुखी मंदिर चर्च रोड को भव्य रूप से सजाया जायेगा। श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर मेन रोड विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। यहां महाआरती का आयोजन भी किया जायेगा। सुंदरकांड का आयोजन, भंडारे का आयोजन साथ ही रात्रि में दीपोत्सव कर पूरे मंदिर परिसर को भव्यता से सजाने का निर्णय लिया गया है। साथ ही भव्य आतिशबाजी और मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा के द्वारा रात्रि दीपोत्सव के समय प्रसाद का वितरण भक्तों के बीच किया जायेगा। श्री महावीर मंडल रांची महानगर के अंतर्गत आने वाले सभी अखाड़ों की बैठक आयोजित कर उद्घाटन महोत्सव को पूरे रांची में धूमधाम से मनाने का प्रयास किया जायेगा। विगत लिये गये निर्णय के अनुसार 25 हजार महावीरी झंडा को रांची के सभी घरों में लगे इसकी प्रारूप तैयार की गयी। साथ ही ध्वज के साथ सेल्फी प्रतियोगिता का भी आयोजन रखा गया है। इसमें सर्वश्रेष्ठ सेल्फी अपने घर में लगे झंडे के साथ श्री महावीर मंडल रांची के द्वारा दिये गये व्हाट्सएप नंबर पर प्रेषित करने पर उन्हें पुरस्कृत किया जायेगा। इस महोत्सव के लिये लोगों को जागरूक करने के लिये जागरूकता रथ भी निकाले जाने का निर्णय लिया गया है। इस पूरे कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए संरक्षक रांची के सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, आशा लकड़ा, प्रदीप वर्मा, रंजन सिंह, महामंडेश्वर पंडित सूर्य नारायण त्यागी को बनाया गया है। साथ ही पंडित श्यामानंद पांडेय को संयोजक अमरनाथ सरकार, अमित चौधरी को सह संयोजक बनाया गया है। बैठक की अध्यक्षता कुणाल अजमानी , संचालन महामंत्री मुनचुन राय, धन्यवाद ज्ञापन डॉ दिलीप सोनी ने किया।

बैठक में मुख्य रूप से रवि प्रकाश टुन्ना, सतीश सिन्हा, रोहित शारदा, राकेश चौधरी, बादल सिंह, अमित गुप्ता, महेश सोनी, अमृत रमन, संतोष कुमार, ओमकार दास, समीर सिंह, अमन जयसवाल, आनंद तिवारी, महेश प्रसाद, विपिन बर्मन, शंभू प्रसाद, अमित कुमार, दिवेश अजमानी, मनोज राजगढ़िया, निलेश कुमार, धीरज कुमार, कौशल साहू, पवन गुप्ता, ललित चौधरी, विक्रांत विश्वकर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

## चार दिवसीय 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ आज से

रांची (आजाद सिपाही)। अखिल विश्व गायत्री परिवार, युगतीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार, उत्तराखंड के तत्वावधान में चार दिवसीय 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ शनिवार से होगा। यह आयोजन गणेश मैदान साउथ रेलवे कॉलोनी, कृष्णापुरी (चुटिया) में होगा। **कार्यक्रम का ब्योरा:** शनिवार को साधकों के माथे पर श्रीसद्गुरु ज्ञान-गंगा सदग्रंथ सहित मंगल जल कलशेव की शोभायात्रा, युग संगीत-युग संदेश प्रज्ञागीत गायन। रविवार को ध्यान साधना, प्रज्ञा योग, 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ, कार्यकर्ता गोष्ठी, संगीत प्रवचन सोमवार को ध्यान साधना, प्रज्ञा योग, गायत्री महायज्ञ के अलावा विभिन्न संस्कार/सामूहिक पुंसवन संस्कार, प्रज्ञागीत संगीत प्रवचन और महा दीपयज्ञ। मंगलवार को सुबह ध्यान साधना, प्रज्ञा योग, गायत्री महायज्ञ, विभिन्न संस्कार, टोली विदाई। आयोजन में कमलेश कुमार, अभय शंकर, रेणु सिन्हा, रीना राय, जयंती सिंह, रीना जमुआर, कुणाल शामिल हैं।

## कैबिनेट की बैठक 9 जनवरी को

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड कैबिनेट की बैठक 9 जनवरी को होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय और निगरानी विभाग ने यह जानकारी दी। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय जाने की उम्मीद है। बैठक चार बजे से प्रोजेक्ट भवन स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

## 10 आइएएस अधिकारियों का पदस्थापन

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार ने 10 आइएएस अधिकारियों का पदस्थापन किया। इसे लेकर कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के नवप्रोन्नत पदाधिकारी विधान चंद्र चौधरी को अगले आदेश तक संयुक्त सचिव, भवन निर्माण विभाग, झारखंड, रांची के पद पर नियुक्त और पदस्थापित किया जाता है। जबकि भारतीय प्रशासनिक सेवा के नवप्रोन्नत पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार लाल को अगले आदेश तक नगर आयुक्त, हजारीबाग नगर निगम के पद पर नियुक्त और पदस्थापित किया जाता है।

# होटवार जेल के जेलर समेत तीन हुए निलंबित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेल से धमकी देने के मामले में जेलर प्रमोद कुमार और दो अन्य लोगों को निलंबित कर दिया गया है। बताया जाता है कि जेल से धमकी देने के मामले में इन लोगों की भूमिका संदिग्ध है। फिलहाल इन सभी लोगों को निलंबित कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि जेल में बंद योगेंद्र तिवारी ने कथित तौर पर प्रभात खबर के प्रधान संपादक को फोन पर धमकी दी थी। जेल में फोन के इस्तेमाल और इस तरह की घटना को देखते हुए जेलर को निलंबित किया गया है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा सह वनभोज कार्यक्रम





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विकसित भारत संकल्प यात्रा सह वनभोज कार्यक्रम सोनाहातु के मरांगकिरी तीन नदियों के संगम स्थल पर ग्रामीणों संग चर्चा के साथ हुई। पूर्व वार्ड सदस्य जीतेंद्र महतो की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ।

मुख्य अतिथि भाजपा रांची के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, मुख्य वक्ता वनमाली महतो, पूर्व मंत्री रघुवीर महतो, पूर्व अध्यक्ष ललित प्रसाद, जवाहर महतो, अनगड़ा के पूर्व अध्यक्ष जगेसर महतो, विश्वनाथ महतो, परीक्षित महतो, श्रीपति महतो, नरेश महतो, सुदर्शन महतो, नरसिंह महतो, बिगेसर महतो, उप मुखिया कृष्णपद बनर्जी, कृष्णा तिवारी, हिकिम महतो, लौघन महतो, श्रवण महतो, राजेश कोइरी, बिनोधर महतो, डमरू हजाम, सुदेश महतो, गणेश कुम्हार आदि उपस्थित रहे। जैलेंद्र कुमार ने कहा कि आज देश का नेतृत्व ऐसे पुरुष के पास है, जिन्हें हर लोगों की जरूरत का पता है।

मुख्य वक्ता बनमली महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री की विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सीधे जनता के साथ जुड़ाव हो रहा है।

## पत्रकार पर दर्ज प्राथमिकी रद्द हो: विजय शंकर



रांची (आजाद सिपाही)। संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विजय शंकर नायक ने कहा कि पत्रकार पर दर्ज प्राथमिकी रद्द होना चाहिए। इस संदर्भ में राज्यपाल, मुख्यमंत्री, डीजीपी को इमेल भेजा। कहा कि पत्रकार के खिलाफ खेलगांव थाना में जेल में बंद आरोपी की फर्जी शिकायत पर दर्ज एफआइआर को रद्द किया जाये। श्री नायक ने कहा कि इससे पूर्व में योगेंद्र तिवारी जेल से ही फोन कर पत्रकार को डराने, धमकाने के आपराधिक कृत्य किया गया, जिसकी जांच भी चल रही है। संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के द्वारा भेजे इमेल पर तुरंत संज्ञान लिया जाये। झूठे एफआइआर को अपराध अनुसंधान विभाग की उच्चस्तरीय कमेटी से जांच करायी जाये। अन्यथा सरकार और अभियुक्त योगेंद्र तिवारी की सांठगांठ की जांच सीबीआइ-इडी से कराने की मांग को लेकर राज्यव्यापी आंदोलन करने का कार्य किया जायेगा।

**शपथ पत्र**

शपथ पत्र संख्या - 25064, दिनांक - 20-12-2023 के अनुसार मैं प्रमेन्द्र राम पिता कन्हाई राम, निवासी ग्राम चेरीपोखर,पो० बेलहारा, थाना गढ़वा, जिला गढ़वा, झारखण्ड शपथपूर्वक निम्नांकित ब्यान करता हूँ।

1- यह कि मै उक्त नाम ,वं पता का स्थायी निवासी हूँ।

2- यह कि मेरा अंग्रेजी सही नाम Pramendra Ram होता है जो मेरा आधार कार्ड ,वं मेरा शैक्षणिक कगजातों में भी दर्ज है, जबकि मेरा सर्विस बुक में अंग्रेजी में नाम Pramendr Ram अंकित हो गया है।

3- यह कि उक्त दोनों अंग्रेजी नाम वाला मै ही व्यक्ति हूँ एवं एक ही व्यक्ति का नाम है।

4- यह कि उक्त दोनों अंग्रेजी वाला नाम का मै ही व्यक्ति हूँ के सत्यापन हेतु इस शपथ पत्र का निष्पादन कर रहा हूँ।

# दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का समापन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस मैनेजमेंट, सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची द्वारा दो दिवसीय अंतराष्ट्रीय सम्मेलन का समापन हुआ। कार्यक्रम के अंतिम दिन तकनीकी सत्र में प्रतिभागियों ने अपने शोध कार्यों को प्रस्तुत किया। तकनीकी सत्र में उषा मार्टिन विवि के फैकल्टी डीन डॉ अरविंद हंस, डॉ शालिनी सिंह हेड, बीएम (सीआइटी), झारखंड राय विश्वविद्यालय के डॉ हर्मित कौर, उषा मार्टिन विवि की अनुपमा वर्मा, एमटीआइ सेल के पूर्व निदेशक डॉ हरिहरन, बीआइटी मेसरा के डॉ आनंद प्रसाद, रांची विवि की डॉ रंजन श्रीवास्तव, डॉ नितेश राज, रांची विश्वविद्यालय के पूर्व रजिस्ट्रार डॉ अमर कुमार सिंह, बीआइटी मेसरा में शोध और अनुसंधान के डीन प्रो सी जगन्नाथन व डॉ सुप्रियो रॉय, डॉ ज्योत्सना राय ने विचार रखे। सम्मेलन में ऑनलाइन ट्रैक की अध्यक्षता नाइजीरिया की डॉ चिमेंजीएम सी गैब्रिएला उडेजी, ने की। सम्मेलन की सफलता में सरला बिरला विवि के कॉमर्स एंड मैनेजमेंट विभाग के डीन डॉ संदीप कुमार, डॉ अशोक अस्थाना, डॉ अरबिंद भंडारी, डॉ गौतम ताती, डॉ अतुल कर्ण, डॉ अभिषेक चौहान, डॉ विद्या झा, हनी सिंह, अरोही आनंद सहित अन्य ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर नाबार्ड, रांची के गौतम सिंह ने भी विचार रखे। कुलपति प्रो गोपाल पाठक ने इस कार्यक्रम के सफलतापूर्वक संचालन के लिए आयोजनकर्ताओं को बधाई दी। आयोजन के लिए प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान और विवि के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# कंप्यूटर का ज्ञान पाकर पूरी होगी शिक्षा मिलेंगे रोजगार के अवसर : पूर्व मुखिया

**अडानी फॉउंडेशन की डिजिटल पहल: 52 बच्चों ने सफलतापूर्वक पूरा किया कंप्यूटर ट्रेनिंग कोर्स**

**टॉप टेन बच्चों को आकर्षक फेयरवेल किट देकर किया गया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव (हजारीबाग)।** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अडानी फॉउंडेशन ने अदाणी स्किल डेवलपमेंट सेंटर (एएसडीसी) के सहयोग से बड़कागांव प्रखंड के बच्चों के लिए निःशुल्क कंप्यूटर ट्रेनिंग कोर्स की शुरुआत की है। इसके तहत पहले बैच के 52 विद्यार्थियों को अडानी फॉउंडेशन की ओर से डाटा इंट्री ऑपरेटर पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने पर सर्टिफिकेट प्रदान किये गये। इसके साथ ही सबसे अधिक अंक लाने वाले शीर्ष दस बच्चों को आकर्षक फेयरवेल किट् देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मौजूद पूर्व मुखिया महेंद्र महतो और शिव दयाल महतो ने कहा कि अडानी फॉउंडेशन का यह प्रयास प्रशंसनीय है। आज के समय में कप्यूटर शिक्षा का ज्ञान बच्चों को बहुत ही जरूरी है। इससे उन्हें आगे चलकर रोजगार के कई अवसर भी मिलेंगे। उन्होंने इस प्रयास के लिए अडानी फॉउंडेशन को बधाई दी। एएसडीसी द्वारा 15 दिसंबर 2023 से शुरू किये गये इस केंद्र में पहले बैच के बच्चों को हजारीबाग के शिक्षक विकास जयसवाल ने कंप्यूटर और इंटरनेट के गुर सिखाये। उन्होंने बताया कि अब यहां दूसरे बैच भी शुरू हो चुका है। 95% अंकों के साथ योगेंद्र टॉपर, टॉप 10 में सात लड़कियां कंप्यूटर प्रशिक्षण के शुरू हुए पहले कोर्स में 95 फीसदी अंकों के साथ योगेंद्र प्रसाद साव ने टॉप किया। वहीं, टॉप टेन में दूसरे स्थान से लेकर आठवें तक लड़कियों ने अपनी सफलता का परचम लहराया। इसमें रूपा कुमारी, करीना कुमारी, अलका कुमारी, पूनम कुमारी, अंजलि कुमारी, रूपवंती कुमारी और कविता कुमारी शामिल हैं। वहीं, नौवें और दसवें स्थान पर क्रमशः विशाल कुमार यादव और सुनील चौधरी रहे।

**शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार और खेल के क्षेत्र में सार्थक प्रयास कर रहा अडानी फॉउंडेशन:** बड़कागांव इलाके में अडानी फॉउंडेशन लगातार शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार और खेल के क्षेत्र में कई तरह का सार्थक प्रयास कर रहा है। फॉउंडेशन ने हरली स्कूल में विज्ञान विषय पढ़ाने के लिए विशेष शिक्षक नियुक्त किये हैं। वहीं एकलव्य छात्रवृति योजना की शुरुआत भी की गयी है। इसके अलावा विभिन्न गांव में लगातार हेल्थ कैंप और नेत्र चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा टीबी के 130 से अधिक मरीजों को गोद लिया गया है तथा विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं जैसे फुटबॉल का आयोजन और महिलाओं के सेल्फ हेल्प ग्रुप 'गंगा' का भी सफलतापूर्वक क्रियान्वन हो रहा है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

**कोर्ट नोटिस**

न्यायालय,
जिला एवं सत्र न्यायाधीश - IV, गुमला ।
MACC -79/2021, 80/2021, 81/2021, 82/2021, 90/2021
Benedik Bind and Others ........ ........ ........ वादी
बनाम्
Ali Imam Quraishi and others........ ........ ........ वादी
नोटिस बनाम् (1) Ali Imam Quraishi S/o- Gulam Gaqsh Quraishi Vill.- Bagru, Road, Quraishi, Mohalla, Lohardaga, Ward -II PS.+ Dist.- Lohardaga (Jh.) Owner, of Truck No.: JH08F-3788 (2) Gulzar Khan S/o. Saklu Khan, Vill Kisko, PO+PO - Kisko Dist. Lohardaga (Jh.) - Driver of Truck No.- JH08F-3788.

चूँ बजरिये इस नोटिस प्रकाशन के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि वादी के द्वारा आपके विरुद्ध इस न्यायालय में M.A.C.C वाद दायर किया गया है। जिसमें आपलोगों की उपस्थिति अनिवार्य है तथा आपलोगों की उपस्थिति हेतु न्यायलयद्वारा नजारत एवं निबंधित डाक के माध्यम से सम्मन निर्गत किया गया परन्तु आप लोग आज तक न्यायालय में उपस्थित नहीं हुई है।

अतः आपलोगों को इस नोटिस प्रकाशन के द्वारा अगाह किया जाता है कि आपलोग दिनांक 17.2.2024 को समय 10:30 AM बजे या उसके पूर्व न्यायालय के कार्य अवधि में स्वंय अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे अन्यथा आपकी अनुपस्थित में इस वाद की सुनवाई एक पक्षीय रूप से चलाई जाएगी।

इसे सख्त ताकिद जानें।

यह नोटिस आज दिनांक 16.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं मुहर से जारी किया गया।

हस्ताक्षर
जिला एवं सत्र न्यायाधीश - IV, गुमला ।

# कैदियों के साथ जातिगत भेदभाव

यह बात न सिर्फ चौंकाने वाली बल्कि दुर्भाग्यपूर्ण भी है कि आजादी के 76 साल बाद भी देश में जेलों के अंदर कैदियों के साथ जातिगत भेदभाव होता है। सुप्रीम कोर्ट में पिछले दिनों दायर एक जनहित याचिका में यह दावा किया गया है और सुप्रीम कोर्ट ने ठीक ही इसे गंभीरता से लेते हुए केंद्र सरकार सहित 11 राज्य सरकारों को इस मामले में नोटिस जारी किया है। इस याचिका में उदाहरणों के साथ बताया गया है कि देश की कई जेलों में खाना बनाने जैसे काम कथित ऊंची जाति के कैदियों को सौंपा जाता है, जबकि झाड़ू लगाने और शौचालयों की सफाई करने जैसे कार्य कुछ खास निचली जातियों के कैदियों को दिये जाते हैं। ऐसा नहीं कि यह सब दबे-छुपे ढंग से होता है या किसी खास ऑफिसर की मनमानी का नतीजा है, यह चलन शुरू से है, जो अब तक जारी है। इसकी पुष्टि अदालत के सामने आयी इस जानकारी से होती है कि देश के बहुत से राज्यों में जेल मैनुअल जाति के आधार पर इस तरह के कार्य विभाजन की इजाजत देते हैं। हालांकि 2003 का मॉडल जेल मैनुअल साफ कहता है कि कार्य विभाजन सुरक्षा, अनुशासन और संस्थानिक कार्यक्रमों के आधार पर ही होना चाहिए। वैसे, यह बात सही है कि जातिगत भेदभाव की यह बुराई समाज से ही जेल में पहुंच रही है। सैकड़ों सालों से चली आ रही जातीय भेदभाव की परिपाटी आज भी समाज से पूरी तरह हटायी नहीं जा सकी है। भेदभाव या उत्पीड़न की कोई बड़ी घटना हो तो वह खबर के रूप में सामने आती है, वरना यह सोच रोजमर्रा की जिंदगी के एक हिस्से के रूप में मौजूद रहती है। फिर भी, जेल में ऐसा होना ज्यादा गंभीर इसलिए है, क्योंकि जेल शासन व्यवस्था का एक हिस्सा है, जो देश के संविधान और कायदे-कानूनों से संचालित है। यहां इस तरह की गड़बड़ी पूरे तंत्र की बड़ी नाकामी कही जायेगी। आजकल गुलामी की निशानियों को मिटाने का अभियान सचेत ढंग से हाथ में लिया गया है। ऐसे में यह बात चकित करती है कि जेलों में अंग्रेजों के जमाने की जातिवादी सोच और खास जनजातियों को आदतन अपराधी मानने की कानूनी जहनियत चली आ रही है। सुप्रीम कोर्ट ने ठीक ही इस बुराई को दूर करने संकल्प लेते हुए इस दिशा में कदम बढ़ाने शुरू किये हैं। सॉलिसिटर जनरल ने भी अदालत की भावनाओं के अनुरूप कहा है कि अगर ऐसा हो रहा है, तो यह किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। उम्मीद की जाये कि राज्यों के जेल मैनुअल को अपडेट करने समेत सभी जरूरी कदम उठाते हुए इस तरह के चलन पर जल्द से जल्द रोक लगायी जायेगी।

**सुप्रीम कोर्ट ने ठीक ही इस बुराई को दूर करने संकल्प लेते हुए इस दिशा में कदम बढ़ाने शुरू किये हैं। सॉलिसिटर जनरल ने भी अदालत की भावनाओं के अनुरूप कहा है कि अगर ऐसा हो रहा है, तो यह किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**भाजपा ने जल्द काम करना शुरू कर दिया है, उन सीटों की पहचान की है, जो उसने यूपी में कभी नहीं जीती थीं और जो 2019 में हारी थीं। पार्टी सूत्रों के अनुसार भाजपा ने राज्य में अपने मतदाता आधार में 20 लाख की वृद्धि की है और उन निर्वाचन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया है जहां वह 2019 में हार गयी थी। पार्टी उन सीटों पर बहुत पहले उम्मीदवारों की घोषणा करने की योजना बना रही है, जहां वह 2019 में नहीं जीत पायी थी।**

# उत्तर प्रदेश में बसपा हो रही लुप्त, धुंधला रही सपा

प्रवीण निर्मोही

पिछले 2 लोकसभा चुनावों में भाजपा की जीत में उत्तर प्रदेश एक महत्वपूर्ण कारक रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद राज्य से चुनाव लड़ते हैं और इससे पूरे चुनाव में यूपी सुर्खियों में रहता है। चुनावी साल में न सिर्फ यूपी की चर्चा होने वाली है, बल्कि राम मंदिर उद्घाटन के जरिए राष्ट्रीय कहानी भी तय होगी। विपक्षी समाजवादी पार्टी (सपा), कांग्रेस और रालोद भाजपा की राह में बाधाएं पैदा करने के लिए जाति और स्थानीय भावनाओं से खेलने की कोशिश कर रहे हैं। बसपा जैसी अन्य पार्टी भी है, जो अच्छा वोट शेयर होने के बावजूद बाड़े में बैठी है। छोटे दल बड़े पैमाने पर भाजपा की ओर आकर्षित हुए हैं।

भाजपा ने जल्द काम करना शुरू कर दिया है, उन सीटों की पहचान की है, जो उसने यूपी में कभी नहीं जीती थीं और जो 2019 में हारी थीं। पार्टी सूत्रों के अनुसार भाजपा ने राज्य में अपने मतदाता आधार में 20 लाख की वृद्धि की है और उन निर्वाचन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया है जहां वह 2019 में हार गयी थी। पार्टी उन सीटों पर बहुत पहले उम्मीदवारों की घोषणा करने की योजना बना रही है, जहां वह 2019 में नहीं जीत पायी थी। यह रणनीति पार्टी के लिए हालिया विधानसभा चुनावों के दौरान काम आयी और वह इसे आगामी लोकसभा में दोहराना चाहती है।

**सपा के लिए, 2024 का लोकसभा चुनाव 2027 के यूपी चुनावों की प्रस्तावना भी होगा।**

पीएम नरेंद्र मोदी और अन्य वरिष्ठ नेताओं के कार्यक्रम शुरू हो चुके हैं। 22 जनवरी को मोदी राम मंदिर का उद्घाटन करेंगे। पार्टी कैडर को लोकसभा चुनाव तक मंदिर निर्माण की गति तेज रखने का निर्देश दिया गया है। सपा के लिए, 2024 का लोकसभा चुनाव 2027 के यूपी चुनावों की प्रस्तावना भी होगा। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कुछ अहम बदलाव किए हैं। पार्टी के प्रवक्ता और विश्लेषक सुधीर पंवार ने कहा कि पिछले 1 साल में सपा भी भाजपा और बसपा की तरह कैडर आधारित पार्टी के रूप में संगठित हो गयी है और अब इसका एक औपचारिक संगठन है।

इंडिया ब्लॉक में बसपा की अनुपस्थिति में, अखिलेश यादव ने पीडीए (पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक) का नारा गढ़ा है और बसपा मतदाताओं के बीच पैठ बनाने की कोशिश कर रहे हैं। सामाजिक समानता, जाति जनगणना और बेरोजगारी जैसे मुद्दे पार्टी अभियान के मूल में हैं। पार्टी वर्तमान में अपने उम्मीदवारों के चयन पर काम कर रही है, सर्वेक्षण चल रहे हैं और अखिलेश यादव व्यक्तिगत रूप से इस प्रक्रिया की निगरानी कर रहे हैं। 2004 और 2009 के चुनावों में क्रमशः 35 और 23 सीटें जीतने के अपने सुनहरे दिनों के बाद से, सपा ने व्यक्तिगत रूप से केवल 5 सीटें जीती हैं।

कांग्रेस के लिए यूपी की लड़ाई प्रतिष्ठा की है। उस राज्य में जहां नेहरू-गांधी परिवार की जड़ें हैं और उनके दो सबसे हाई-प्रोफाइल गढ़ हैं। 2019 में पार्टी केवल 1 सीट रायबरेली को बरकरार रखने में कामयाब रही, जबकि अपमानजनक हार में राहुल गांधी से अमेठी छीन ली गयी। 2022 से कांग्रेस की गिरावट जारी रही और इसे केवल 2.33 प्रतिशत वोट शेयर मिला और केवल 2 सीटें जीतीं। अब, भले ही यह अल्पसंख्यकों से समर्थन का दावा करती है और रणनीतिक रूप से 40 प्रतिशत दलित-मुस्लिम समर्थन को मजबूत करने की कोशिश कर रही है। सभी को देखते हुए पार्टी के लिए राज्य के मतदाताओं के लिए एक विकल्प के रूप में खुद को फिर से स्थापित करना एक कठिन काम है।

भाजपा की भूमिका एक सहायक खिलाड़ी की है, क्योंकि पार्टी कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी, इस पर निर्णय अभी तक अंतिम रूप में नहीं लिया गया है। 2022 के यूपी विधानसभा चुनावों ने रालोद को फिर से जीवित कर दिया, जो 2014 और 2019 दोनों चुनावों में कोई भी सीट जीतने में विफल रहने के बाद लगभग राजनीतिक रूप से गुमनामी में चली गयी थी, इसके संस्थापक अजीत सिंह और जयंत चौधरी भी भाजपा से अपनी सीटें हार गये थे। पार्टी 2022 में सपा के साथ गठबंधन में लड़ी गयी 33 सीटों में से 8 सीटें जीत सकती थी। यह एक छोटी, लेकिन महत्वपूर्ण बढ़त थी। स्वाभाविक रूप से, इसका लक्ष्य दिल्ली में कुछ निर्वाचित प्रतिनिधित्व प्राप्त करना है, जबकि यह अपनी राज्य पार्टी का दर्जा भी वापस पाना चाहती है। जयंत चौधरी के लिए चुनौती अपने जाट समुदाय के वोट को बरकरार रखने की है। भाजपा सबसे बड़ी चुनौती नहीं है, लेकिन बार-बार जाट समुदाय के मतदाता खास कर लोकसभा चुनावों में भाजपा की ओर आकर्षित हुए हैं।



**बसपा, जिसने अब तक एनडीए और इंडिया से समान दूरी बनाए रखी है, को 2024 के लोकसभा चुनावों में अपने घटते वोट शेयर को रोकने में एक कठिन चुनौती का सामना करना पड़ेगा। 2014 में कोई खास प्रदर्शन नहीं करने के बाद 2019 में इसने सपा और रालोद के साथ गठबंधन में 10 सीटें जीतीं, जबकि एससी मतदाता पार्टी का मुख्य आधार बने हुए हैं, एमबीसी के बीच इसके समर्थन को बसपा सर्कल में स्टैपनी वोट के रूप में जाना जाता है।**

## लुप्त होती बसपा

बसपा, जिसने अब तक एनडीए और इंडिया से समान दूरी बनाए रखी है, को 2024 के लोकसभा चुनावों में अपने घटते वोट शेयर को रोकने में एक कठिन चुनौती का सामना करना पड़ेगा। 2014 में कोई खास प्रदर्शन नहीं करने के बाद 2019 में इसने सपा और रालोद के साथ गठबंधन में 10 सीटें जीतीं, जबकि एससी मतदाता पार्टी का मुख्य आधार बने हुए हैं, एमबीसी के बीच इसके समर्थन को बसपा सर्कल में स्टैपनी वोट के रूप में जाना जाता है। पार्टी के अधिकांश प्रमुख चेहरे, जो अपनी जाति विशेषकर एमबीसी के बीच लोकप्रिय हैं, पहले ही बसपा छोड़कर सपा में शामिल हो चुके हैं। बसपा के सामने दो बड़ी स्वाभाविक चुनौतियां हैं, पहली अपने एससी वोटों को बरकरार रखना। दूसरी आइआइपी एक्स में 80 सीटों के लिए 2024 की लड़ाई में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए एमबीसी के बीच युवा चेहरों की तलाश करना।

आकाश आनंद को अपने राजनीतिक उत्तराधिकारी के रूप में चुनने के मायावती के फैसले का उद्देश्य स्पष्ट रूप से अनुसूचित जाति के युवा मतदाताओं को लुभाना है। पार्टी अपने मूल एससी मतदाताओं को अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों से बचाने के लिए संघर्ष कर रही है। राजभर, शाक्य, सैन और निषाद जैसे एमबीसी मतदाता एनडीए और इंडिया ब्लाक दोनों खेमों द्वारा लुभाये जा रहे हैं।

# जमशेदपुर की खबरें

## संगीत प्रतियोगिता में तीन सौ प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा, 13 जनवरी को फाइनल

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील फाउंडेशन अर्बन सर्विसेस के द्वारा शहर के धतकीडीह कम्युनिटी सेंटर में बच्चों के लिए संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शुक्रवार को आयोजित संगीत प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न क्षेत्र से 300 से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर युवाओं ने एक पर एक बारी-बारी से गीत प्रस्तुति की। मौके पर जज की भूमिका निभाने में शामिल हुए श्रीमती अप्रिता बनर्जी, सीमा बोंगो बाग, प्रदीप बाग ने बेहतर गीत प्रस्तुत करने वाले प्रतिभागियों का चयनित किया। इस अवसर पर मैनेजर गुरुवारी हेम्ब्राम ने बताया संगीत प्रतियोगिता में 300 बच्चों ने भाग लिया। चयनित होने वाले बच्चों का सारेगामा के लिए फाइनल एडिशन 13 जनवरी गोपाल मैदान में होगा।उन्होंने कहा इससे पूर्व 10 जनवरी को सोनारी कम्युनिटी सेंटर में फैशन शो का आयोजन किया जायेगा। इसके लिए आज रिहर्सल किया गया। इस अवसर पर टाटा स्टील फाउंडेशन अर्बन सर्विसेस के एरिया सुपरवाइजर गिरिधारी मरांडी, विपुल कुमार, नवीन चंद्र दास, चंद्रशेखर मुर्मू, फरीद खान, मोती मलगंडी सहित सैकड़ो प्रतिभागी और उनके परिजन शामिल रहे।

## गणतंत्र दिवस के लिए जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी की दो एनसीसी कैडेट का चयन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** गणतंत्र दिवस पर नयी दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी की दो एनसीसी कैडेट का चयन हुआ है। दिल्ली में होने वाले गणतंत्र दिवस शिविर-2024 में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कुल दो हजार 274 कैडेट्स हिस्सा लेंगे। इनमें देशभर से 907 लड़कियों की भागीदारी रहेगी। यह शिविर एक महीने तक चलेगा।

जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी की एनसीसी कैडेट अनमोल परी मिश्रा और काजल शर्मा का चयन गणतंत्र दिवस के लिए हुआ है। यूनिवर्सिटी की कैडेट अनमोल परी मिश्रा का चयन बेस्ट कैडेट के लिए किया गया है, जबकि कैडेट काजल शर्मा का चयन कर्तव्य पथ के लिए हुआ है। अनमोल परी मिश्रा बिहार और झारखंड राज्य से अकेली महिला कैडेट हैं, जिनका चयन बेस्ट कैडेट के लिए हुआ है। इस संबंध में यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रो (डॉ) अंजिला गुप्ता ने कहा कि गणतंत्र दिवस शिविर का उद्देश्य एनसीसी कैडेट को राष्ट्र की समृद्ध परंपराओं से परिचित कराना और कैडेट को मूल्यगत प्रणाली से सशक्त बनाना है। यह शिविर राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा और सांस्कृतिक विचारों के आदान-प्रदान एवं कार्यक्रमों के माध्यम से विविधता में एकता को भी विस्तार देता है। कुलपति ने 37 झारखंड बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल विनय आहूजा और विश्वविद्यालय की एनसीसी की केयर टेकर ऑफिसर प्रीति को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके अभूतपूर्व योगदान के कारण जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी की दोनों एनसीसी कैडेट दिल्ली के गणतंत्र दिवस समारोह में पहुंच सकी हैं।

## सांसद ने जरूरतमंद लोगों को कंबल का किया वितरण

**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला दामपाड़ा क्षेत्र में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुक्रवार को बांकी पंचायत के लेदा गांव में जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में सांसद विद्युत वरण महतो ने 1300 जरूरतमंदों के बीच कंबल उपलब्ध कराया। मौके पर दामपाड़ा क्षेत्र के विभिन्न गांव से हजारों की संख्या में जरूरतमंद शामिल हुए। सांसद श्री महतो ने कहा कि मौसम में बदलाव को देखते हुए सभी जगह निजी स्तर से कंबल की व्यवस्था की जा रही है। मौके पर भाजपा नेता दिनेश साव, मुखिया फागु सोरेन, उप मुखिया बिशु टुडू, सुनाराम सोरेन, लखन मार्डी, सुभाष सिंह, भादो मांडी, राजकुमार पातर, गौर हरि दास, शरद पाल, दुर्गा दंडपाट, बबिता भकत, संजय तिवारी, भरत भकत, पोल्टू सरदार, सुब्रोतो दास सहित अन्य शामिल रहे।

## श्री गुरुनानक देव जी की वाणी है की 'मानस की जात एक पहचानो' के भाव से काम करता हूं: काले



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** कड़कती ठंड में राहत पहुंचाने के उद्देश्य से हर हर महादेव सेवा संघ की ओर से कंबल वितरण जारी रखते हुए संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले एवं टीम द्वारा कानू भट्टा, लाल भट्टा, बाबूडीह बस्ती, कल्याण नगर, इंन्द्रा नगर, मुंडारी बस्ती, भुइंया नगर, ह्युमपाइप, भुइंयाडीह, हरिजन बस्ती, भालूबासा, 10 नं बस्ती, हरिजन बस्ती, सिदगोड़ा, हरी मंदिर, बिरसानगर जोन नं 3सी, दीपु बस्ती, मिल एरिया, लकड़ी टाल, डिपो बस्ती, बमार्माइंस आदि कई क्षेत्रों में जरूरतमंद बुजुर्गों में कंबल सेवा किया गया। इस मौके पर अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि श्री गुरुनानक देव जी की वाणी है की 'मानस की जात एक पहचानो' के भाव से काम करता हूँ। इन कार्यक्रमों को सफल बनाने में स्थानीय कमेटी से आरती मुखी, पूनम गुप्ता, संध्या रानी महतो समेत अन्य सदस्यों की अहम भूमिका रही।

## झारखंड आंदोलनकारी अधिकार समिति के वार्षिक मिलन समारोह का आयोजन




**चांडिल (आजाद सिपाही)।** कोल्हान के ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चांडिल डैम रिजॉर्ट में शुक्रवार को झारखंड आंदोलनकारी अधिकार समिति के वार्षिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। झामुमो नेता सुखराम हेंब्रम के नेतृत्व में मिलन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि मामा चारू चरण किस्कू मौजूद रहे। मौके पर सुखराम हेंब्रम ने कहा अलग राज्य की मांग को लेकर ईचागढ़ विधान सभा क्षेत्र के चारो प्रखंड के आंदोलनकारी जिनका नाम आंदोलनकारियों की लिस्ट में नहीं है उस आंदोलनकारी को चिन्हित कर सरकार द्वारा उसे सम्मानित करने का काम किया जायेगा।उन्होंने कहा जिन्हें पेंशन मिल रही हैं वैसे लोंगो को झारखंड आंदोलन अधिकार समिति उनका हक दिलाने का काम करेगी।

## हाथी को बचाने का प्रयास असफल, मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**चांडिल।** बीते रात नीमडीह प्रखंड के आंडा में एक हाथी सूखे कुआं में गिर गया। सूचना मिलने पर शुक्रवार को वन विभाग के टीम के द्वारा रस्सी बांधकर जेसीबी के सहारे निकाल ने का प्रयास किया गया। लेकिन 40 घंटे के बाद हाथी की मौत हो गयी। ग्रामीण इसे वन विभाग की घोर लापरवाही बताया। बताया जा रहा है कुआं में गिरने के बाद हाथी को खाना तक नही मिला। वहीं ऊपर से पानी डालकर पीने के लिए दिया जा रहा था। कुएं में गिरने के बाद हाथी को निकालने के लिए वन विभाग गुरुवार सुबह से ही प्रयासरत था। दो जेसीबी और ट्रैक्टर लगाकर हाथी को निकालने के लिए स्लोप बनाया गया। स्लोप बनाने का काम पूरा करने तक दोपहर एक बजे हाथी को निकालने का काम शुरू किया गया। लगभग दो बजे हाथी की मौत हो गयी। मौत के बाद वन विभाग मृत हाथी का पोस्टमार्टम कराने की बात कही। मृत्यु के सही कारण पता लगाकर सैंपल फॉरेंसिक जांच के लिए रांची भेजा जायेगा। वन विभाग के अनुसार लगभग 30 फीट नीचे गिरने से कमर व पीछे के दोनों पैर में गंभीर चोट होने का संभावना जतायी जा रही है। मौके पर चांडिल के पशु चिकित्सा पदाधिकारी डा. विष्णु शरण महतो और नीमडीह के डॉ राजेंद्र प्रसाद अपनी टीम के साथ हाथी का इलाज करने पहुंचे थे। मौके पर काशीपुर के ग्राम प्रधान मदन माझी ने हाथी को मौत पर वन विभाग के लापरवाही बताया। जंगली हाथी के मामले में वन विभाग उदासीन रवैया अपना रही है। वहीं गुरुवार देर रात काशीपुर गांव में लगभग 16 हाथियों के झुंड धान, आलू और अन्य फसल नष्ट करते हुए मकान को नुकसान पहुंचाया। ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के नेता पंचानन पांडा ने कहा चांडिल डैम के विस्थापन का दंश झेल रहे ग्रामीण को अब जंगली हाथियों से जान और माल की क्षति का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कुएं में हाथी गिरने के बाद विभाग ने सक्रियता देखने को नही मिला। घटना की सूचना मिलने पर क्षेत्र के ग्रामीणों में नाराजगी देखने को मिला।

## हर्षोल्लास के साथ मनी पूर्व विधायक की 83वीं जन्म जयंती

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पुर्वी सिंहभूम जिले के झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति की ओर से साकची जिला संपर्क कार्यालय में झारखंड आंदोलनकारी सह पुर्व विधायक स्वर्गीय सनातन माझी का 83वां जन्म जयंती हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। शुक्रवार को संपर्क कार्यालय में झामुमो जिला समिति के नेता और कार्यकर्ताओं ने बारी बारी से स्वर्गीय सनातन माझी के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर झामुमो के वरिष्ट नेता प्रमोद लाल और शेख बदरुद्दीन के द्वारा केक काटा गया। शेख बदरूद्दीन ने कहा स्वर्गीय सनातन माझी पोटका विधानसभा क्षेत्र से दो बार के विधायक रह चुके है। साथ ही साथ करनडीह स्थित लालबहादुर शास्त्री मेमोरियल कालेज और पोटका प्रखंड में आसानबनी इंटर कॉलेज के संस्थापक रहे। वे झारखंड सरकार में जनजाति सलाहकार परिषद के सदस्य राह चुके। सभी से उनका संबंध बहुत ही अच्छा रहा। लेकिन आज हम सब के बीच में नहीं रहे। आज सभी झामुमो नेता और कार्यकर्ता उनका जन्मदिन मना रहे हैं। इस अवसर पर प्रमोद लाल, जिला उपाध्यक्ष सागेन पुरती, अरूण प्रसाद,बीर सिंह सुरेन, महाबीर मुर्मू,राज लकड़ा, प्रीतम हेंब्रम, धीरेन मारडी, कालू गोराई, राजा सिंह, गुरमीत सिंह गिल, सुरज गौड़,डी राकेश राव, राजकुमार, पिंटु लाल, झरना पाल, दुर्गा बोयपाई, सविता दास, संजय दांडपद, हरदेव सिंह मानगो, पिंटु दास, परवेज अख्तर, श्यामल रंजन सरकार सहित सैकड़ो झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण



बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। श्री सर्वेश्वरी समूह पिछले आठ दशकों से असहायों की सेवा करने में अतुलनीय कार्य करता आ रहा है, उक्त बातें श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा नगर ऊंटरी के द्वारा अधौरा ग्राम में असहायों और जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम के अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी सह भाजपा नेता शारदा महेश प्रताप देव ने कहा। उन्होंने कहा कि श्री सर्वेश्वरी समूह मानव मात्र की सेवा करने में मिसाल कायम किया है। कई वर्षों तक श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा नगर ऊंटरी के द्वारा श्री बंशीधर नगर में मोतियाबिंद का ऑपरेशन शिविर लगाकर हजारों लोगों को मुक्त में ऑपरेशन कराने का कार्य किया। जिससे बड़ी संख्या में लोगों को आंखों की रोशनी प्रदान हुई। मौके पर समूह शाखा नगर उंटारी के उपाध्यक्ष हेमंत प्रताप देव ने कहा कि श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा नगर ऊंटरी के द्वारा इस बार चरणबद्ध तरीके से कम्बल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जिसके अंतर्गत विभिन्न गांव, टोला, संस्थानों में जाकर जरूरतमंदों के बीच कंबल बाटा जा रहा है। इसी के अंतर्गत विभिन्न गांव होते हुए आज अधौरा ग्राम में ग्रामीणों के बीच कंबल वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सर्वेश्वरी समूह के 19 सूत्री कार्यक्रम के अंतर्गत मानव मात्र की सेवा करना हमारा प्रथम कर्तव्य में शामिल है, इसके प्रति हम संकल्पित है और हमारा प्रयास निरंतर इन क्षेत्रों में जारी है। मौके पर शाखा के मंत्री आनंद जायसवाल, व्यवस्थापक संजीव कुमार सिन्हा, प्रोफेसर प्रशांत सहाय, मनोज प्रताप देव, बिनय देव, नागेंद्र, राजीव सिंहा, दुर्गेश सिन्हा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# अबुआ आवास की सूची देख ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, ग्राम सभा स्थगित

आजाद सिपाही संवाददाता



**सगमा।** प्रखंड अंतर्गत घघरी पंचायत में अबुआ आवास की सूची देख ग्रामीणों का फूटा गुस्सा ग्राम सभा स्थगित। गौरतलब है कि गुरुवार को प्रखंड के घघरी पंचायत सचिवालय में अबुआ आवास योजना को लेकर उप मुखिया सरस्वती देवी की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया था। ग्राम सभा मे पूर्व में किये गये सर्वे के आधार पर अबूआ आवास लाभुकों की सूची का प्रकाशन किया गया। सूची देखने के बाद ग्रामीणों ने पात्र लोगों का नाम सूची से गायब करने का आरोप लगाते हुए हंगामा सुरु कर दिया। इसी बीच हंगामा कर रहे ग्रामीणों का कहना था कि अबूआ आवास के लिए सर्वे के आधार पर जो सूची बनाया गया था, उसमें आवास बिहीन लोगों को प्राथमिकता के आधार पर सूची में नाम शामिल किया गया था। मगर ग्राम सभा में प्रकाशित सूची से गरीब आवास विहीन लोगों का नाम हटाकर दूसरे लोगों का नाम अंकित किया गया है। इस सूची में पूर्व में प्रधानमंत्री आवास का लाभ ले चुके लोगों का नाम शामिल है, साथ ही जिसका पक्का आवास है उसका भी नाम सूची में शामिल किया गया है, जो गरीबों के साथ सरासर अन्याय किया जा रहा है, जिसे घघरी पंचायत की जनता बर्दास्त नहीं करेगा।

हंगामा कर रहे लोगों का यह भी कहना है कि पुनः नये सिरे से सर्वे कर सूची नहीं बनाया गया तो हम लोग प्रखंड कार्यालय का घेराव कर अपना जोरदार विरोध प्रदर्सन के लिए मजबूर होना पड़ेगा। इस मौके पर पूर्व मुखिया विनोद कुमार, हीराचंद यादव, वार्ड प्रतिन्निधि प्रताप यादव, लोकेंद्र यादव, महेंद्र यादव, रामकिशोर यादव, जामनाथ यादव, लाला, लव, विनोद, रामचंद्र, मुना, अजीत, अजीत सहित कई लोगों के नाम शामिल हैं।

## जायंट्स आस्था के अध्यक्ष पद के लिए उत्तम जयसवाल सर्व सहमति से नियुक्त



गढ़वा। जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा आस्था के अध्यक्ष अमित शर्मा की अध्यक्षता में सत्र 2024 के नये पदाधिकारियों का आम सभा चुनाव प्रक्रिया (मां शारदा मेडिकल एजेंसी) (कलवार मुहल्ला गढ़वा) में संपन हुआ। जिसमें जायंट्स आस्था के अध्यक्ष पद के लिए उत्तम जयसवाल को सर्व सहमति से नियुक्त किया गया। सत्र 2024 के लिए जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा आस्था के सभी नये पदाधिकारियों के नामों की घोषणा सर्वसम्मति से किया गया। बैठक में सर्व सम्मति जायंट्स आस्था अध्यक्ष पद के उत्तम जयसवाल को बनाया गया। उपाध्यक्ष इंट्रानल डॉ आशीष कुमार को उपाध्यक्ष एक्सटार्नल, दीपक कश्यप, सचिव विराट राजा विश्वाश, कोषाध्यक्ष गौतम कुमार, मेडिकल ऑफिसर डॉ अशोक सोनी, मेडिकल ऑफिसर, डॉ आलोक कश्यप, मेडिकल ऑफिसर, डॉ अभिनीत विश्वास, निर्देशक पवन अग्रवाल, निर्देशक राजेश सोनी, निर्देशक वेद प्रकाश शर्मा, निर्देशक हर्ष कमलापुरी, निर्देशक संजय कुमार सिंह, चयनित किया गया। उपस्थित सदस्यों ने जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा आस्था के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दिए साथ ही नये वर्ष की शुभकामनाए दी गयी। इस अवसर पर जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा आस्था के अध्यक्ष अमित शर्मा सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों और नये अध्यक्ष उत्तम जयसवाल जी की हार्दिक बधाई और नववर्ष की मंगल कामना के साथ शुभकामनाए भी दिये। इस अवसर पे जायंट्स आस्था टीम हार्दिक बधाई दिये साथ ही उपस्थित अध्यक्ष अमित शर्मा, नव निर्वाचित अध्यक्ष उत्तम जयसवाल, उपाध्यक्ष डॉ आशीष कुमार, डॉ अशोक सोनी, सचिव विराट राजा विश्वाश निर्देशक वेद प्रकाश शर्मा, निर्देशक राजेश सोनी, निर्देशक हर्ष कमलापुरी और सदस्य आशीष मित्रा केतन मलहोत्रा, अनूप शर्मा मौके पर उपस्थित थे।

# आरके पब्लिक स्कूल क्वार्टर फाइनल में

**गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता सीनियर वर्ग**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** 22वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में रमकंडा हाई स्कूल को 49 रनों से हराकर आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा की टीम क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। गोविंद हाई स्कूल के मैदान में आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रियांशु के 24 और आकाश के 18 रनो के सहयोग से सभी विकेट खोकर 112 रन बनाएं। रमकंडा हाई स्कूल के अंशु ने बेहतर गेंदबाजी करते हुए चार खिलाड़ियों को पवेलियन का रास्ता दिखाया। जवाबी पारी खेलने उतरी रमकंडा की शुरूआत खराब रही 12 रन के योग पर तीन खिलाड़ीयों का विकेट खो दिया था। टीम के मध्यम कर्म के खिलाड़ी सत्यम ने टीम की और से 26 रन को छोड़ कर कोई भी बल्लेबाज दहाई अंक में प्रवेश नहीं कर सका और पूरी टीम 63 रनों पर ही सिमट गयी। आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा की ओर से आकाश ने तीन विकेट प्राप्त किया।

मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार डॉक्टर कुमार निशांत सिंह ने आरके पब्लिक स्कूल के आकाश को प्रदान किया। इस मौके पर सचिव आनंद सिन्हा, अभिषेक द्विवेदी अभय कुमार, शिक्षक धीरेंद्र कुमार, अभिषेक कुमार, राजकुमार, रणजीत तिवारी, रजनीश, आयुष तिवारी, नवनीत कुमार,दिव्य रंजन चौबे, मनीष, धीरज, प्रिंस दुबे, शामिल थे। अंपायर की भूमिका सुमित कुमार, अभिषेक कुमार, ओमकार दिव्य रंजन और कमेंटेटर की भूमिका प्रिंस खान ने निभायी।

**खेल में जीत के साथ हार को स्वीकार करना एक योग्य खिलाड़ी की निशानी है:** डॉ कुमार निशांत सिंह ने कहा कि खेल में जीत के साथ हार को स्वीकार करना एक योग्य खिलाड़ी की निशानी है और आप सभी लोग भी भी बेहतर खिलाड़ी है। जीतने वाली टीम अपनी जीत को आगे भी बनाए रखेंगे वही हारने वाली टीम अपनी कमी को दूर कर आगे जीत के लिए अपने शत प्रतिशत खेल को लगा दे ताकि अगली बार जीत आपकी हो। उन्होंने कहा कि आज के दौर में जितना लोग मोबाइल में गेम खेलते हैं। उन्हें मोबाईल से दूर रहने की जरूरत है। शारीरिक गतिविधि के अभाव में वे और सुस्त दिखायी देते। जब इंसान पूरी तरह से स्वस्थ होता है तभी वो अपनी ज़िंदगी पूरी तरह से खुश होकर जी पाता है।

## बच्चों ने पिता को दिया कंधा



हरिहरपुर(आजाद सिपाही)। ओपी क्षेत्र अंतर्गत मझिगावां पंचायत के मुख्य बस्ती निवासी राकेश चौबे(48 वर्ष) की मृत्यु बीते गुरुवार को हो गयी थी, जिनका अंतिम संस्कार शुक्रवार की सुबह सोन नदी के श्रीनगर घाट पर किया गया। मृतक का पार्थिव शरीर को जब उनके छोटे-छोटे बच्चों ने कंधा दिया, तो वहां मौजूद ग्रामीणों की आंखे नम हो गयी। वहीं मृतक का बड़ा पुत्र 14 वर्षीय हेमराज चौबे ने मुखाग्नि दिया। विदित हो कि राकेश चौबे सर्वप्रथम उ.म.वि. मझिगावां पूर्व में सहायक शिक्षक के रूप कुछ महीनों तक कार्य किया। उसके पश्चात उन्होंने सीआरपी के रूप 2005 से केतार प्रखंड में कार्यरत थे। मृतक विभाग के साथ साथ मझिगावां गांव में भी मृदु भाषी के रूप में जाने जाते थे, वे शिक्षा के अलावें संगीत में भी काफी रूचि रखते थे।

## स्व. बैजनाथ प्रसाद की 21वीं पुण्यतिथि मनायी गयी



केतार (आजाद सिपाही)। पूर्व मुखिया सह समाजसेवी स्व. बैजनाथ प्रसाद की 21वीं पुण्यतिथि शुक्रवार को मनायी गयी। वहीं पुण्यतिथि की शुरूआत स्व. बैजनाथ प्रसाद के प्रथम पुत्र मिथलेश कुमार गुप्ता और मृत्युंजय प्रसाद ने अपने माता-पिता और भतीजे के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित किया। वहीं मौके पर उपस्थित प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी, प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद, उदय कमलापुरी, अखिलेश प्रसाद, रामविचार साहू, सुरेश कमलापुरी सहित अन्य लोगों ने पुष्प अर्पित किया। इसके बाद मिथिलेश कुमार गुप्ता ने गरीब असहाय लोगों के बीच 100 कंबल का भी वितरण किया। मौके पर नागेंद्र प्रसाद, यमुना प्रसाद, विश्वेश्वर प्रसाद, अमरेंद्र प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।


**समाहरणालय हजारीबाग**

कार्यालय जिला बाल संरक्षण इकाई
(समाज कल्याण शाखा)
आम–सूचना



एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बाल कल्याण समिति, हजारीबाग के समक्ष एक अज्ञात मानसिक दिव्यांग बालक विक्की कुमार, उम्र– 14 वर्ष, रंग– सॉवला, ऊँचाई– 04 फीट 07 इंच, वजन– 25 किलोग्राम 500 ग्राम को प्रस्तुत किया गया है। वर्तमान में बाल कल्याण समिति, हजारीबाग के आदेशानुसार उक्त बालक को बालगृह, जन जागरण केन्द्र, हजारीबाग में आश्रय दिया गया है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि उक्त शिशु के जैविक माता–पिता अथवा विधिक संरक्षक को ज्ञात हो तो कृपया इसकी सूचना नीचे अंकित फोन नम्बर या पत्ते पर समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 120 दिनों (चार माह) के अंदर दावा प्रस्तुत करें। दावा प्रस्तुत करने के लिए दिये गये समय–सीमा के समाप्ति के पश्चात् शिशु पर किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा एवं दतकग्रहण मार्गदर्शिका 2022 के नियम 6 के उपनियम 13 के अंतर्गत शिशु को दतकग्रहण हेतु बाल कल्याण समिति, हजारीबाग द्वारा कानूनी रुप से मुक्त घोषित कर दिया जायेगा।

**संपर्क करें** :– बाल कल्याण समिति, शहरी बाल विकास परियोजना भवन, पूराना समाहरणालय परिसर, हजारीबाग।
दूरभाष संख्या– 9852346416, 8709652876, 8340290562, 9905564137

ह0/– जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, हजारीबाग।

PR.NO.315188 Social Welfare,Women and Child Development(23-24):D


# भारत स्वाभिमान का स्थापना दिवस मना



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** भारत स्वाभिमान और पतंजलि योग समिति द्वारा योग, आयुर्वेद, स्वदेशी, वैदिक संस्कृति की निष्काम सेवा, साधना और संघर्ष के तीन दशक पूरा होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को मेराल प्रखंड मुख्यालय में धूमधाम से स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकताओं ने योग और आयुर्वेद का संदेश जन जन तक पहुंचाने और योग कक्षाओं को बढ़ाने तथा स्वदेशी को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। प्रखंड मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम का प्रथम सत्र पतंजलि योग समिति के प्रखंड कार्यालय में आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ आचार्य पंडित दिनेश पाठक, प्रखंड प्रभारी बलराम शर्मा, डॉ विजय कुमार यादव, संजय प्रसाद, योग शिक्षक बीजेश्वर प्रजापति आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। योग कक्षा में योगिंग जॉगिंग के बाद सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया गया तत्पश्चात भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम विलोम प्राणायाम का अभ्यास करते हुए इसके फायदे बताये गये। दैनिक योग कक्षा के समाप्ति के पश्चात हवन यज्ञ किया गया। दूसरा सत्र का आयोजन मेराल हाई स्कूल के प्रांगण में किया गया। जहां विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में नवजीवन हॉस्पिटल के निर्देशक और धुरकी के नवनियुक्त चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दीपक कुमार यादव एवं डॉ अनुज कुमार यादव द्वारा मेधावी विद्यार्थियों के बीच कॉपी कलम तथा उपस्थित करीब 300 छात्र-छात्राओं के बीच कलम का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में स्वदेशी वस्तुओं के साथ-साथ आयुर्वेद को अपनाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का संचालन बलराम शर्मा तथा धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्रधानाचार्य लालता पटेल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में एसबी एकेडमी के निदेशक मदन यादव, राजेश प्रसाद, डॉ लालमोहन विद्यालय के शिक्षक संजय कुमार, मनभावन यादव, अनिल ओझा, विजय प्रसाद मौर्य, रविंद्र कुमार सहित सभी शिक्षक के साथ बड़ी संख्या में लोग सामिल थे।


**देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें**
www.azadsipahi.com


## जिला स्तरीय युवा महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ



गढ़वा (आजाद सिपाही)। गोपीनाथ सिंह महिला महाविद्यालय गढ़वा कल्याणपुर में आज झारखंड सरकार खेलकूद और युवा कार्य निदेशालय पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद और युवाकार्य विभाग द्वारा जिला स्तरीय युवा महोत्सव का दीप प्रज्वलित कर प्राचार्या डॉ संयुक्ता सिंह द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागी युवा ससंद कार्यक्रम में **प्रथम स्थानः** मनीष कुमार सोनी एसएसजेएसएन कॉलेज गढ़वा, **दूसरा स्थान** : पुरुषोत्तम सिंह चंदेल, **तीसरा स्थानः** शिलपी साक्षी भाषन प्रतियोगिता, **प्रथम स्थानः** अलका कुमारी एसएसजेएसएन कॉलेज गढ़वा, **दूसरा स्थानः** प्रेरणा शुक्ला, **तीसरा स्थानः** प्रिया दूबे जीएनएसएमएम गढ़वा, निबंध लेखन प्रतियोगिता। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से गोपीनाथ सिंह महिला महाविद्यालय के एनएसएस पदाधिकारी अनीता तूफानी और इस कार्यक्रम में उपस्थित प्रो. सुर्य भाष्कर, डॉ शीशम साहू, प्रो एस एन राय, डॉ सुनिता, निता सिंह, प्रो रंजीत सोनी, डॉ कविता कुमारी, प्रो सुनील पाल, प्रो नेहा सिंह, रामाशंकर सिंह, रमेश कुमार और सभी छात्राएं उपस्थित थे।


झारखण्ड सरकार
**झारखण्ड कला मंदिर, होटवार, राँची**
सांस्कृतिक कार्य निदेशालय
Phone: 0651-2913888, E-mail: jharkhandkalamandir2008@gmail.com

**प्रशिक्षण कक्षाओं में प्रवेश हेतु सूचना विज्ञापन :-**

सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग, झारखण्ड सरकार के अंतर्गत सरकार सम्पोषित सांस्कृतिक संस्था एवं प्रशिक्षण केन्द्र – झारखण्ड कला मंदिर, होटवार, राँची में शास्त्रीय एवं लोक कला के नृत्य, संगीत, वाद्ययंत्र वादन विधाओं में वर्तमान में प्रत्येक सप्ताह– शुक्रवार, शनिवार एवं रविवार को प्रशिक्षण कक्षाएँ संचालित किया जा रहा है।

2. एतद् द्वारा उक्त प्रशिक्षण विधाओं में नवीन सत्र (2024–25) हेतु नामांकन निमित्त आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। अतएव इच्छुक प्रशिक्षणार्थी निम्न शर्त्तों/प्रक्रिया के अधीन आवेदन कर सकते हैं :–

(i) आवेदन हेतु उम्र सीमा– न्यूनतम उम्र 5 वर्ष एवं अधिकतम उम्र 25 वर्ष ।
(ii) इच्छुक प्रशिक्षणार्थी झारखण्ड कला मंदिर, होटवार, राँची कार्यालय तथा निदेशालय के वेबसाईट www.jharkhandculture.com से आवेदन प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं। वांछित प्रमाण पत्रों/अभिलेख आदि की प्रति के साथ आवेदन झारखण्ड कला मंदिर, होटवार, राँची कार्यालय में दिनांक 31 मार्च 2024 तक जमा की जा सकती है।
(iii) वर्तमान में प्रवेश हेतु निबंधन शुल्क रू० 100/– एवं मासिक प्रशिक्षण शुल्क सामान्य वर्ग के लिए रू० 150/– तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/बी०पी० एल० वर्ग के लिए रू० 50/– निर्धारित है।

निदेशक, संस्कृति–सह–उपाध्यक्ष,
झारखण्ड कला मंदिर,
होटवार, राँची

PR 315237 Art Culture Sports and Youth Affairs (23-24)_D


# प्राण प्रतिष्ठा का न्योता घर-घर जाकर दें : कर्मवीर सिंह

**मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के बूथ अध्यक्ष, सचिव तथा बीएलए टू को सम्मानित करते हुए रेडियो का वितरण किया**





आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर टाऊनशिप स्थित विधायक भानु प्रताप शाही के आवास के बगल में भाजपा त्रिदेव सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के बुथ अध्यक्ष, सचिव तथा बीएलए टू को सम्मानित करते हुए रेडियो वितरण किया। इसके पूर्व भाजपा कार्यकर्ताओं ने संगठन महामंत्री का रमना टेडकी पुल के पास आगवानी कर कार्यक्रम स्थल तक लाया। जहां विधायक भानु प्रताप शाही, सांसद बीडी राम, गढ़वा पूर्व विधायक सतेंद्र नाथ तिवारी ने भगवान श्री बंशीधर की तस्वीर भेंट किया। त्रिदेव सम्मेलन को संबोधित करते हुए संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि रेडियो वितरण का उद्देश्य पीएम मोदी के मन की बातों को अपने सुनने के साथ साथ सभी लोगों को भी सुनाना है। कहा बुथ अध्यक्ष प्रत्येक माह के आखिरी रविवार को पीएम मोदी के मन की बात सुने और सुनाये। कहा 22 जनवरी को अयोध्या धाम में राम लला के प्राण प्रतिष्ठा का न्योता घर घर जाकर दे। साथ ही सभी लोगों को बताया कि अपने घर को सजाने के साथ शाम में दीपक जलाएंसाथ ही मंदिर को भी साफ सफाई कर पुजन करें। कहा 2024 में लोकसभा का चुनाव है जिसकी तैयारी में लग जाएं। सांसद बीडी राम ने कहा कि पलामू लोकसभा सीट से चाहे भाजपा का कोई भी प्रत्यासी हो उसे दो लाख पार के मतों से जिताकर भेजें। विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा, भाजपा के असली त्रिदेव बुथ अध्यक्ष, सचिव तथा बीएलए टू है। हमने भी पीएम मोदी के मन की बात सुनी है, कहा उत्तर प्रदेश के चुनाव में प्रभारी बनकर गये थे, जहां देखा भाजपा त्रिदेव सम्मेलन का कार्यक्रम चल रहा है, तो हमने भी यह कार्यक्रम करने का मन बनाया। बुथ तक बात पहुंचे इसलिए सम्मेलन आयोजित किया गया। इस अवसर पर गढ़वा के पूर्व विधायक सतेंद्र नाथ तिवारी, जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी, राजीव रंजन तिवारी, भगत दयानंद यादव, दयानंद सोनी, विकास स्वदेशी, लक्षमण राम, प्रमोद कुमार सिंह, राजा सिंह, अनिल कुमार चौबे, कृपाल सिंह, रवि पाल, मनोज पहाड़ियां, मधुलता, लवली, प्रमिला देवी सहित विधानसभा क्षेत्र के सभी बुथ अध्यक्ष सचिव उपस्थित थे।


**कार्यालय राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, हजारीबाग**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – NREP/HAZARIBAG/03/2023-24**

दिनांक 05.01.2024
मद का नाम – जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट

1. बेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 19.01.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 24.01.2024 से 29.01.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का स्थान – एन0आर0ई0पी0 कार्यालय, हजारीबाग।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 30.01.2024 को 11:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, हजारीबाग।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–7321025542 ई–मेल – nrephazaribag@gmail.com

निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बन्द कर दिया जाता है कि उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | ईचाक | राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, ईचाक के उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 1,44,46,800.00 | 10000.00 | 289000.00 | एक वर्ष तीन माह |
| 2 | कटकमसांडी | उत्क्रमित उच्च विद्यालय, डांड के उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 1,80,53,100.00 | 10000.00 | 361100.00 | एक वर्ष तीन माह |

8. पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, रॉंची के संकल्प सं0–2146(s) दिनांक 09.09.2020 के आलोक में सम्प्रति 10 प्रतिशत से नीचे के दर की निविदायें अनुमान्य होगी। 10 (दस) प्रतिशत से न्युन निविदाओं के लिए Additional Preformance Security के क्रम में परिमाण विपत्र की राशि से – (i) 10 से 20 प्रतिशत Below तक की राशि का 20 प्रतिशत तथा (ii) 20 प्रतिशत से अधिक Below की राशि का 30 प्रतिशत अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू होगा। निविदाओं का निष्पादन उपरोक्त वर्णित संकल्प के आधार पर होगा।
9. इस निविदा में अंकित योजनाओं के लिए भवन निर्माण विभाग, ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले) झारखण्ड रॉंची में पंजीकृत (नवीकृत) समुचित श्रेणी के संवेदकों के अतिरिक्त केन्द्र सरकार/सैन्य अभियंत्रण सेवाएँ के अन्तर्गत निबंधित झारखण्ड सरकार के समकक्षीय निबंधन श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं।

नोट :– केवल ई–निविदा स्वीकृत होगा। प्राक्कलित राशि घट/बढ़ सकती है। अन्य सूचनाएँ वेबसाईट http: www-jharkhandtenders.gov.in/ कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, हजारीबाग कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, हजारीबाग

PR 315180 Rural Development(23-24)#D

एकलव्य स्कूल में 70 प्रतिशत स्थानीय का हो एडमिशन

# झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति ने दिया धरना



आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति द्वारा एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय सलगाडीह तमाड़ के समक्ष शुक्रवार को विभिन्न मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य इम्तियाज हुसैन को पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा। कार्यक्रम का नेतृत्व जेबीकेएसएस महिला नेत्री दमयंती मुंडा ने किया। धरना-प्रदर्शन में छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो भी उपस्थित हुए। श्रीमती मुंडा ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन हमारी मांगों पर त्वरित कार्रवाई नहीं करती है, तो निकट भविष्य में आंदोलन और तेज होगा, जिसकी जिम्मेवारी विद्यालय प्रबंधन पर होगी। कहा कि तमाड़ में तीन आवासीय विद्यालय हैं, जिसमें स्थानीय असहाय, जरूरतमंद विद्यार्थियों का नामांकन नहीं होकर बाहर के आर्थिक सक्षम विद्यार्थियों का नामांकन हो रहा है। 70 प्रतिशत स्थानीय विद्यार्थियों के लिए सीटें आरक्षित हों, ताकि जरूरतमंद छात्रों के लिए उच्च शिक्षा प्राप्ति की मार्ग प्रशस्त हो। मौके पर मुख्य रूप से छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो, विपिन चंद्र महतो, बिष्णु लोहरा, उमेश कुमार महतो, सुधीर कुमार महतो, रतन सिंह मुंडा, भगीरथ मुंडा, रतन महतो, सुबोध कुमार, सुदेश महतो आदि शामिल रहे।

# मैकलुस्कीगंज स्टेशन पर पलामू एक्सप्रेस का होगा पुनः ठहराव

आजाद सिपाही संवाददाता



**मैकलुस्कीगंज।** मैकलुस्कीगंज स्टेशन पर पलामू एक्सप्रेस का ठहराव एक बार फिर से शुरू होगा।इसको लेकर रेलवे मंत्रालय की ओर से एक पत्र जारी किया गया है। ज्ञात हो कि मैकलुस्कीगंज स्टेशन पर कोरोना काल से पलामू एक्सप्रेस का ठहराव बन्द कर दिया गया था। उसके बाद दुबारा ठहराव बन्द हो गया था। इसके लिए स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी आग्रह किया था। वही रांची सांसद संजय सेठ ने भी रेल मंत्री से आग्रह किया गया था। पुनः एक बार फिर पलामू एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव सुनिश्चित होने से मैकलुस्कीगंज के लोगो मे खुशी की लहर है। वही भाजपा खलारी मण्डल की ओर से सांसद संजय सेठ और केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया और आभार व्यक्त किया गया है। भाजपा नेताओं ने कहा कि पलामू एक्सप्रेस की ठहराव मैक्लुस्कीगंज होने से यहां के स्थानीय और आगंतुक सैलानियों को सुविधा बढ़ेगी। आभार व्यक्त करने वालो में मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा, प्रीतम साहू, फुलेश्वर महतो, शशिभूषण सिंह, अरविंद सिंह, भरत, ममता केशरी, रितेश केशरी, मनोज जायसवाल, आनंद कुमार सिंह, भारत प्रजापति सरीखे अनेक कार्यकर्ताओं और स्थानीय निवासियों ने आभार व्यक्त किया। और खुशी इजहार किया।

## फुटबॉल और कबड्डी खेल का आयोजन



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ प्रखंड अंतर्गत पुंडीदीरी के रुंकाड़ी मैदान में जेएसएलपीएस द्वारा आयोजित लिंग आधारित महिला दीदियों के बीच फुटबॉल एवं कबड्डी खेल का आयोजन किया गया। पुरुस्कार वितरण समारोह में मुख्य रूप से जगदीश गुप्ता अध्यक्ष तमाड़ आजसू पार्टी, आजसू के रमेश कुमार मुंडा, गोवर्धन मछुवा, धनेश्वर महतो, जीत सिंह मुंडा, अशोक गिरी, एवं जेएसएलपीएस तमाड़ की पूरी टीम उपस्थित थे।

## पेड़ से झूलता हुआ युवती का शव बरामद

**अड़की (आजाद सिपाही)।** अड़की थाना क्षेत्र के बीरबांकी के हुरूआ जंगल से पुलिस ने गुरूवार को एक एक पेड़ से फंदे से झुलता हुआ 18 साल की युवती का शव बरामद किया है उसकी पहचान बदगाव थाना के लुबई गाव के स्र्वगीय मंगल मुंडा की पुत्र अंजलि मुडारी 18 वर्ष के रूप मे हुयी है अंजलि 27 दिसंबर को खूंटी जाने के लिए घर से निकली थी फिर लापता हो गयी वह अपने दीदी के यहां अक्तूबर माह से रह रही थी फिर गाव के बगल मे पेड़ से लटका हुआ शव बरामद किया गया पुलिस गहन जांच कर रही है शव को अड़की पुलिस ने पोस्ट माटम कराकर परिजनों को दे दिया आशंका जताई जा रही है कि उसकी गला दबाकर हत्या कर शव को पेड़ से लटका दिया गया है।

# भाजयुमो की बैठक में संगठन को मजबूत बनाने पर जोर



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** भाजयुमो खूंटी के जिलाध्यक्ष राजेश महतो की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई बैठक में सांगठनिक मुद्दों पर चर्चा की गयी। साथ ही युवा मोर्चा के होनेवाल कार्यक्रमों पर विचार वमर्श किया गया। बैठक मे भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष और खूंटी जिला प्रभारी सत्यदेव मुंडा ने मोर्चा के आगामी कार्यक्रम, राष्ट्रीय युवा महाधिवेशन, विधानसभा स्तरीय नव मतदाता सम्मेलन, नमो वॉरियर्स, प्रदेश स्तरीय युवती अधिवेशन, युवा मोर्चा अड्डा (नुक्कड़ सभा) तिरंगा यात्रा, मंडल कार्यसमिति, सत्यापन जैसी कार्य योजना को लेकर कार्यकर्ताओं को जरूरी निर्देश दिये। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता ने युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। बैठक में जिला महामंत्री दीपक तिग्गा, नीरज पाढ़ी, पंकज कुमार, चेपा मुंडा, नीरज जयसवाल, विनय गुप्ता, बलराम सिंह, केशव कुमार, सौरभ कुमार, आशुतोष सिंह, शंकर दास, चंदन कुमार आदि उपस्थित थे।

# खूंटी उपकारा का प्रतिमाह सिक्योरिटी ऑडिट करायें : उपायुक्त लोकेश मिश्रा

**कारा में लगे सीसीटीवी कैमरे की जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिये**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में शुक्रवार कों कारा सुरक्षा समिति से संबंधित बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी से कारा सुरक्षा को लेकर प्राप्त की। साथ ही सीसीटीवी, पेयजल, विद्युत सहित अन्य व्यवस्थाओं की वर्तमान स्थिति पर विशेष विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि कारा सुरक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्था अनिवार्य रूप से सदृढ़ होनी चाहिए। कारा में लगे सीसीटीवी कैमरे की जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश भी दिए। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन से समन्वय स्थापित कर प्रतिमाह सिक्योरिटी ऑडिट करने का निर्देश डीसी ने पुलिस उपाधीक्षक हेडक्वार्टर को निर्देश दिया गया। उप कारा, खूंटी को मंडल कारा में उत्क्रमित किए जाने से सुरक्षा कर्मियों के स्वीकृत पद, ड्यूटी पोस्ट और बंदी क्षमता के अनुरूप हो जायेगी, जिससे बंदियों की निगरानी और नियंत्रित करने में सुविधा होगी। इस संबंध में अधीक्षक उप कारा, खूंटी को कारा निरीक्षणालय से पत्राचार करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त मुलाकातियों के लिए बनाई गयी पंजी का उचित संधारण करने के निर्देश दिये गये। उपायुक्त ने अधिकारी से कारा की सुरक्षा सहित भोजन, पानी, शौचालय एवं साफ-सफाई के साथ स्वास्थ्य सुविधाओं और कारा में कार्यरत कर्मियों और कारा सुरक्षा में तैनात पुलिस बल की उपलब्धता की भी जानकारी ली। उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में गठित टीम को समय-समय पर कारा निरीक्षण कर जांच करने के भी निर्देश दिए।

# पूजित अक्षत को लेकर निकाली गयी शोभायात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एदलहातु, रांची में अयोध्या धाम से आये पूजित अक्षत-कलश को लेकर नगर भ्रमण किया गया एवं सभी मंदिरों में पूजित अक्षत - कलश का पूजन किया गया। एदलहातु के देवी मंडप से पूजित अक्षत कलश को हनुमान मंदिर, भोलेनाथ के मंदिर लाया गया। वहां से भ्रमण करते हुए दुर्गा मंदिर पहुंचकर भक्तों के द्वारा पूजन किया गया एवं भजन कीर्तन किया गया।

इस शुभ अवसर पर हिंदू जागरण मंच के महानगर महामंत्री कहा कि अपने निकट के मंदिरों को ही अयोध्या धाम समझकर पूजन, भजन, करें। उन्होंने कहा कि यदि भारी भीड़ अयोध्या में हो जाएगी तो वहां प्रशासन को व्यवस्था संभालना मुश्किल हो जायेगा। अर्जुन राम ने कहा कि लगभग 500 वर्षों तक राम भक्तों ने लड़ाई लड़कर भगवान राम का मंदिर बनवाए। इस लड़ाई में समर्पित हुए सभी राम भक्तों को सादर नमन। उन्होंने सभी रामभक्तों को राम मंदिर बनने की बधाई देते हुए कहा कि भगवान राम भारत में सभी के आराध्य हैं। उनका सम्पूर्ण जीवन से हर इंसान को सीख लेने की जरूरत है।

इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता एवं समाज के कई रामभक्त सम्मिलित हुए। इसमें प्रमुख रूप से डॉ अटल पांडेय, आशुतोष सिंह, विनोद ठाकुर, आशीष जी, अविनाश जी, आशीष, नित्यानंद, वंदना सिंह, संगीता, संजय मुंडा, गिरिजा नंदन शर्मा एवं एदलहातु के सैकड़ों रामभक्तों ने इस कार्यक्रम में शामिल होकर एदलहातु को राम मय कर दिया।

# विश्वनाथ शाहदेव को दी गयी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** कर्रा प्रखंड के जरियागढ़ के पूर्व राजा ठाकुर महेंद्र नाथ शाहदेव के छोटे पुत्र कुमार विश्वनाथ शाहदेव को उनकी 41वीं पुण्यतिथि पर शुक्रवार को जरियागढ़ में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। उनका निधन पांच जनवरी 1983 को जरियागढ़ में हो गया था। ज्ञात हो कि विश्वनाथ शाहदेव देश में पंचायती राज व्यवस्था लागू होने के बाद 1952 से लेकर हर पंचायत चुनाव में निर्विरोध सरपंच चुने जाते रहे। वे अपनी पंचायत के आजीवन सरपंच रहे। विश्वनाथ शाहदेव सामाजिक और धार्मिक कार्यों में हमेशा सक्रिय भूमिका निभाते थे। मौके पर ग्रामीणों के बीच फलों और मिठाई का वितरण किया गया। श्रद्धांजलि देने वालों में विश्वनाथ शाहदेव के पुत्र लाल उदय नाथ शााहदेव, अरुण शर्मा, नटवा मिश्रा, पंचानंद दास, उमेश पाढ़ी, सचिन पाढ़ी, अजय पाढ़ी विजय पाढ़ी, अनिल प्रसाद, राम लखन सिंह, डॉ अजीत सिंह, बिरेंद्र सिंह, नंदकुमा सिंह, मनोज सिंह, लक्ष्मण सिंह, रामा साहू, भद्र साहू, नंदलाल सिंह, नीलांबर सिंह, घनश्याम दास, लखन साहू, श्याम कुमार महाराणा, संजीत सिंह, विकास महाराणा, अजय महाराणा, अर्जुन साहू आदि शामिल थे।

# राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण मिलना अच्छे कर्मों का फल : कड़िया

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** श्रीरामजन्म भूमि में पूजित अक्षत से घर-घर निमंत्रण अभियान सभी जिलों में चलाया गया। अभियान के दौरान खूंटी स्थित आवास में पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा, कवि छत्रपाल सिंह मुंडा, उपायुक्त लोकेश मिश्रा को भी अयोध्या जाने का निमंत्रण दिया गया। मौके पर कड़िया मुंडा ने कहा कि निमंत्रण पाकर जीवन धन्य हो गया। हमारे जीवन में यह सुखद पल अच्छे कर्मों के कारण ही संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि भगवान राम का नूतन मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होते देखने के लिए पूरा सनातन हिंदू समाज प्रतीक्षा कर रहे हैं। दुनिया में बसे प्रत्येक हिंदू समाज के हृदय में बसने वाले भगवान पुरुषोत्तम श्रीराम की नगरी अयोध्या सनातन हिंदू परंपरा का केंद्र बिंदु होगी। उन्होंने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के दिन प्रत्येक परिवार पूजा-पाठ करके पांच दीपक अवश्य जलायें। संगठन मंत्री देवी सिंह ने खूंटी, प्रांत मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू ने रांची महानगर, प्रांत सहमंत्री रंगनाथ महतो ने रांची ग्रामीण, बजरंग दल प्रांत संयोजक दीपक ठाकुर ने हजारीबाग, प्रांत सहमंत्री मनोज पोद्दार ने रामगढ़, प्रांत सहमंत्री रामनरेश सिंह ने देवघर में अभियान चलाया। साथ ही राजधानी में महानगर अध्यक्ष कैलाश केसरी, रतन केशरी, बबिता ने चुटिया, प्रकाश रंजन ने बूटी, दीपक साहू ने बड़गाई में अभियान चलाया।

## पुआल के ढेर में लगी आग, हजारों का हुआ नुकसान



**खूंटी** (आजाद सिपाही)। तोरपा थाना क्षेत्र के डोड़मा करमू टोली गांव के खलिहान में रखे पुआल के ढेर में शुक्रवार को आग लग गयी। इससे हजारों रुपये के पुआल जलकर खाक हो गये। अगलगी में घुरी तांती, फागू तांती और ब्रजमोहन कर के खलिहान में रखा पुआल पूरी तरह जल गया। आग लगने की सूचना मिलते ही तोरपा प्रखंड के उप प्रमुख संतोष कर करमू टोली पहुंचे और अग्निशमन को इसकी सूचना दी। जब तक दमकल की गाड़ी पहुंचती, तब तक पूरा पुआल जलकर राख हो चुका था। इस संबंध में पीड़ित किसानों का कहना है कि उन्हें इस बात की चिंता सता रही है कि वे अपने मवेशियों को साल भर क्या खिलायेंगे। उन्होंने सरकार से मुआवजा देने का आग्रह किया।

## जन्मदिन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने नीलकंठ सिंह मुंडा को दी बधाई



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी के विधायक और राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा के 55वें जन्मदिन पर शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके आवास जाकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी और उनके उज्वल भविष की कामना की। इसके पूर्व विधायक ने पूजा-अर्चना की। मौके पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कार्यकर्ताओं और खूंटी विधानसभा क्षेत्र के लोगो के इसी प्यार और आशीर्वाद से वे पिछले 25 वर्षों से लगातार क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते आये हैं। विधाायक को जनमदिन की शुभकामना देनवालों में पूर्व वार्ड पार्षद अनूप साहू, भाजपा नगर मंडल के अध्यक्ष सुरेश जयसवाल, रूपेश जयसवाल, कृष्णानंद तिवारी, कंचन सिंह, जनार्दन मिश्रा सहित कई कार्यकर्ता शामिल हैं।

## रैयत विस्थापित मोर्चा ने नवाडीह में किया कंबल वितरित

# मोर्चा मदद के लिए हमेशा तत्पर : बिगन

आजाद सिपाही संवाददाता



**मैकलुस्कीगंज।** रैयत विस्थापित मोर्चा के द्वारा नवाडीह मोना टोला में शुक्रवार को गरीब एवं जरूरतमंद लोगो के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस मौके पर मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता एवं उपाध्यक्ष अमृत भोगता, प्रवक्ता रामलखन गंझू, विनय खलखो, प्रभाकर गंझू आदि मौजूद थे। मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता सहित अन्य पदाधिकारियों के द्वारा बढ़ती ठंड को देखते हुए कम्बल का वितरण किया गया। विभिन्न गांव नवाडीह, मोना टोला, गंझू टोला, भुइयां टोला के 120 विकलांग, वृद्ध और असहाय लोगो के बीच कम्बल का वितरण किया गया। साथ ही सभी लोगो के लिए भोजन भी कराया गया। मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने कहा कि मोर्चा एनके एरिया खलारी क्षेत्र में असहाय एवं जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहता है। कहा कि किसी भी असहाय जरूरतमंद लोगों की मदद की जरूरत होगी तो वे हमेशा उनके साथ खड़े हैं। मौके पर शाखा अध्यक्ष शिवनारायण लोहरा, मिथुन गंझू, अरविंद सिंह, विनोद मुंडा, रामधारी गंझू, भरत महतो, दिनेश प्रसाद, कुलदीप प्रसाद, अनिल प्रसाद, नगीना देवी, तारा देवी, राधा देवी, तुलसी देवी, गणेश लोहरा, सुकरा गंझू, बिनोद भुइया, रामबिलास लोहरा, झंझवा देवी, बंधनी देवी, बासमती देवी, सुरेश लोहरा, अनिता देवी, नीरू देवी, बसंती देवी, लक्ष्मी साव लोहरा, जीतवाहन गंझू आदि मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### अंचलाधिकारी के निर्देश पर अवैध अतिक्रमण हटा



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी क्षेत्र में स्थानीय लोगों के द्वारा सार्वजनिक स्थानों में अवैध कब्जा पर खलारी प्रसासन का डंडा चला। क्षेत्र के पहाड़ी मंदिर, केडी हिन्दू गढ़ी चौक,बैंक चौक चौराहों पर अंचलाधिकारी शिशुपाल आर्या के निर्देश पर अवैध अतिक्रमण हटाया गया। अथवा तय समय पर हटाने का निर्देश दिया गया। इस संबंध में अंचलाधिकारी ने बताया कि कई दिनों से अस्थायी जगहों पर अतिक्रमण की सूचना मिल रही थी। जिसके मद्देनजर राजस्व उपनिरीक्षक,सहायक व खलारी पुलिस के मदद से अतिक्रमण हटाया गया। इसके लिए कुछ अतिक्रमण धारी को 24 घंटे का समय दिया। अंचलाधिकारी ने कहा अतिक्रमण के खिलाफ समय-समय पर कार्रवाई जारी रहेगा।

### भुइंयाडीह लैंपस कार्यालय में खुला धान क्रय केंद्र



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ प्रखंड अंतर्गत मल्हान भुइंयाडीह लैम्पस कार्यालय में किसानों के लिए धान क्रय केंद्र का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा, विधायक प्रतिनिधि ऋषिकेश महतो, लैंपस अध्यक्ष शिवलोचन सिंह मुंडा ने नारियल फोड़कर किया। सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा ने कहा कि वे अपना धान लैंपस धान क्रय केंद्र में ही बेचें, ताकि उन्हें धान की सही कीमत मिल सके। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के माध्यम से किसानों को लाभ दिये जाते हैं। कार्यक्रम में तमाड़ लैम्पस प्रबंधक श्यामल नायक, राजेश उरांव, प्रबंधक दिनेश महतो, हरि सिंह मुंडा, योगेंद्र गोंझू, दुर्गाचरण सिंह गोंझू, धीरज प्रमाणिक, कमलाकांत महतो, निरंजन पुरान सहित सैकड़ों किसान शामिल थे। धन्यवाद ज्ञापन ग्राम प्रधान राधागोविंद मुंडा ने किया। संचालन तमाड़ लैंपस प्रबंधक श्यामल नायक ने किया।

### हाथी ने एक व्यक्ति को कुचला, मौत



**राहे (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र के बेहराजरा गांव के 56 वर्षीय दुखीराम महतो को गुरुवार शाम सात बजे के आसपास एक हाथी ने कुचल कर मार डाला। घटना के बाद ग्रामीण दहशत में है। ग्रामीणों के अनुसार मृतक दुखीराम महतो खेत से काम कर घर लौट रहा था। रामकृष्ण आश्रम के सामने एक हाथी ने कुचल कर मार डाला। मृतक के परिजनों को मुआवजा की अग्रिम राशि 50 हजार दिये। आवश्यक कारवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ग्रामीणों के अनुसार झुंड से एक हाथी बिछड़ गया है, जो काफी उग्र है। सोनाहातू में 2023 में हाथी के हमले से दो की मौत हुई थी। इसी गांव में 9 जनवरी 2023 को हाथी ने 58 वर्षीय सरला देवी की मौत हाथी के हमले से हुई था। 20 दिसंबर को चोगा गांव में 62 वर्षीय गोविंद कोइरी की मौत हाथी के हमले से हुई थी।

### दिव्यांग रासमनी को बैशाखी दी गयी



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के निर्देशानुसार शुक्रवार को सोनाहातू के राणाडीह गांव के संबल सिंह मुंडा की दिव्यांग पुत्री रासमनी कुमारी को बैशाखी दी गयी। इस अवसर पर आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव श्याम कुमार महतो, रांची जिला वरीय उपाध्यक्ष राज किशोर कुशवाहा , बुंडू नगर अध्यक्ष शुभम कुमार उपस्थित थे। विगत दिनों विधायक सुदेश महतो से आर्थिक सहयोग की अपील की थी, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सारी जरूरतों, पढ़ाई-लिखाई और अन्य कार्यों को पूरा करने की समुचित जिम्मेदारी लिये हैं। मौके पर सुखसारन महतो, मो सेराज, आकाश महतो, अभिषेक गोराई उपस्थित थे।

### आरयू के कुलपति को ज्ञापन सौंपा

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** पांच परगना किसान महाविद्यालय बुंडू छात्र संघ के सुरेंद्र लोहरा के नेतृत्व में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा को सरकारी बीएड शिक्षा प्रारंभ करने की मांग करते हुए ज्ञापन दिया। इस पर कुलपति ने जल्द बीएड खोलने का आश्वासन दिया। साथ ही स्नातकोत्तर के सभी विषयों में 700 सीट वृद्धि करने की मांग रखी। मुख्य रूप से योगेंद्र मुंडा, संतोष गोंझू, करण मुंडा, रितेश कुमार, राजेन पुराण आदि मौजूद थे।

### मुरहू के उप प्रमुख ने गरीबों में बांटे कंबल



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** मुरहू प्रखंड के उप प्रमुख अरुण कुमार साबू ने दूसरे दिन शुक्रवार को भी अपने पंचायत में घर-घर जाकर गरीबों और जरूरतमंदों के बीच कंबलोंका वितरण किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य नीलानी देवता, मुरहू के समाजसेवी शिवकुमार, शिबलू खान, दीपू चौधरी, वार्ड सदस्य सुखराम मुंडू सहित कई लोग मौजूद थे। कंबल पाकर गरीबों ने बरूण साबू को आशीर्वाद दिया और उनके कार्यों की सराहना की। इसके पूर्व रात नौ बजे में भी अरूण साबू ने गरीबों के घर जाकर उनके बीच कंबल विरण किया था। मौके पर अरुण साबू ने कहा कि हर पंचायत प्रतिनिधि का दायित्व होना चाहिए कि वे गरीबों की जरूरतों को समझें। कहा कि ऐसे परोपकारी कार्य करने से लोगों को काफी सुविधा होगी और उन्हें सरकार की योजनाओं का निश्चित तौर पर लाभ मिलेगा।

### छात्राओं का कराटे चैंपियनशिप में चयन



**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** एचएस प्रसाद बाल विकास विधालय में अध्यनरत छात्राओं को काराटे प्रशिक्षक कार्तिक चंद्र महतो द्वारा काराटे प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण प्राप्त छात्रा कुमारी बसुंधरा, किरण कुमारी, माया कुमारी, प्रिती कुमारी को राज्यस्तरीय कराटे प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया है। टाना भगत स्टेडियम खेलगांव में 7 जनवरी से स्टेट गोजू रियू कराटे चैंपियनशिप प्रतियोगिता होगी। विधालय संचालक नरसिंह प्रजापति ने झारखंड स्टेट गोजू रियू कराटे चैंपियनशिप में चयनित छात्राओं को बधाई दी। उक्त जानकारी कराटे प्रशिक्षक कार्तिक चंद्र महतो ने दी।

## ठुठंगाजीरा वन पर्यावरण मेला 2024 को लेकर ग्रामीणों की बैठक



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** युवा दिवस पर बोंगईबेड़ा पंचायत अंतर्गत गुंगानाला स्थित ठुठंगाजीरा में इस साल भी 12 जनवरी को आयोजित होने वाले पर्यावरण मेला सह युवा महोत्सव की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को ग्रामीणों व वन समिति के सदस्यों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता छोटेलाल महतो ने की। बैठक में भव्य मेला कार्यक्रम आयोजन का निर्णय लिया गया। मेला को सफल बनाने के लिए एक कमेटी का भी गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष अजय मुण्डा, उपाध्यक्ष संजय महतो, सचिव श्रवण कुमार महतो, कोषाध्यक्ष सुखनाथ महतो, उपसचिव विकास महतो, उपकोषाध्यक्ष संदीप महतो, मुख्य संरक्षक पंसस संज्योति देवी, मुखिया हिरदू उरांव, समाजसेवी प्रणय वर्मा, संरक्षक धनीराम महतो, छोटेलाल महतो, जगेश्वर महतो, सोनालाल भोगता, लालमोहन मुण्डा, मुकेश महतो, कपिल महतो, रूपचंद भोगता, प्रभुदयाल महतो, सरिता देवी, दुतिलाल करमाली, महेन्द्र, बाबुलाल करमाली, विंदेश्वर महतो, धरमा महतो, राजू चौधरी, शांति देवी एवं शिवपूजन महतो बनाए गए हैं।

## अबुआ आवास को लेकर बेड़ो में विशेष ग्रामसभा



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास को लेकर प्रखंड मुख्यालय के बेड़ो पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया सुशांति भगत ने की। जहां अबुआ आवास के लाभुकों की सूची को पारित किया गया। मुखिया सुशांति भगत ने बताया कि सरकार आपके द्वार शिविर में पंचायत के लोगों द्वारा 258 आवेदन जमा किया गया था। मौके पर सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय ने कहा कि ग्राम सभा के बाद भौतिक सत्यापन कर योग्य लाभुकों का चयन प्रक्रिया किया जा रहा है, ताकि लाभुकों को जल्द आवास मिल सके। सरकार आपके द्वार शिविर में जिन लाभुकों ने आवास के लिए आवेदन किया था। उसी में से योग्य का चयन किया जा रहा है। ग्राम सभा में ग्राम प्रधान बुधवा पहान पंसस राखी भगत विजय भगत आदि मौजूद थे।

## पाला पड़ने से फसल हो रही बर्बाद, किसान परेशान





**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में कड़ाके की ठंड के बीच पड़ रही पाला से किसान, मजदूर व आमजन परेशान हैं। पाला जमने से सबसे अधिक सब्जी की फसल प्रभावित हो रही है। इससे सब्जी उत्पादक किसान चिंतित हैं। वहीं कंपकंपाती ठंड से खासकर ग्रामीण क्षेत्र बेहाल है। शाम होते ही चौक-चौराहे पर सन्नाटा पसर जा रहा हैं। लोग अपने-अपने घरों में दुबक जा रहे हैं। वहीं प्रखंड के नगड़ी टोली, चरिमा व टंगरा टोली के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले किसान पाला मार झेलने को विवश हैं। किसानों की एक मात्र साधन खेती हैं। खेतों में लगी सब्जी ठंड से चौपट हो रही है। आलू, मटर, गोभी, टमाटर व सरसो सहित सभी फसलें प्रभावित हो रही है। क्षेत्र के किसान पवन कुमार, पंकज कुजूर, विशेश्वर मिंज, बिरसा कुजूर, करमा उरांव, राम उरांव, वंदे लकड़ा, विरन उरांव ने बताया कि हमारे गांव में इस समय रात में पाला काफी गिरने की वजह से फसलों को काफी नुकसान हो रहा है। इधर, केसीसी ऋण लेकर खेती करने वाले किसान मायूस हैं।

## सरसा साई मंदिर में 16वां साई महोत्सव कल

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध साईं मंदिर सरसा में रविवार को रांची श्री साईं सेवा समिति की ओर से 16वां साई महोत्सव आयोजित होगा। इस दौरान विशाल भंडारा, पालकी शोभायात्रा व साईं भजन का आयोजित की जाएगी। साथ ही प्रातः 5 बजे बाबा का अभिषेक आरती एवं छप्पन भोग, प्रात सात बजे बाबा का भोग, 10 बजे बाबा की पालकी यात्रा एवं नगर भ्रमण, 12 बजे आरती व भंडारा का आयोजन होगा। साई मंदिर समिति ने कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली है।

## जंगली हाथियों ने स्कूल का दरवाजा तोड़ा, चट कर गये चार बोरा चावल



**इटकी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जंगल से सटे इलाकों व गांवों में जंगली हाथियों का उत्पात जारी है। गुरुवार की रात हाथियों के झुंड ने खंभा गांव स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय का दरवाजा तोड़कर मध्याहन भोजन के लिए रखे चार बोरा चावल को चट कर दिया। प्रधानाचार्य शनिचरवा उरांव ने इस बाबत थाने में लिखित सूचना दी है। प्रधानाचार्य ने बताया कि हाथियों ने स्कूल की रसोई के बाद स्टोर रूम का दरवाजा भी तोड़ दिया और वहां बच्चों के लिए रखे मध्याह्न भोजन के चार बोरा चावल को निकाल कर खा गये। बताते चालें कि पिछले पांच दिनों से चार जंगली हाथियों का एक दल क्षेत्र में उत्पात मचा रहा है। किसानों के खेतों में लगी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे है।

## स्वामी विवेकानंद जयंती मनाने को लेकर बैठक

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** बनो और बनाओ मंच के प्रधान कार्यालय सदाबहार चौक में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाने को लेकर बैठक की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के सचिव अखिलेश यादव ने की। बैठक में सर्वसम्मति से 12 जनवरी को सदाबहार चौक पर स्वामी विवेकानंद की जयंती धूमधाम से मनाने, गरीब एवं जरूरतमंदों के बीच कंबल और खिचड़ी का वितरण करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मंच के संस्थापक रामाधार सिंह, नीरज कुमार, रामकिशुन महतो, बिहारी साहू, अनिल यादव, रंजीत पात्रा, अनंत नारायण, शैलेंद्र ठाकुर, श्रीकांत सिंह और अरुण यादव आदि उपस्थित थे।

# ट्रक-बाइक की टक्कर में युवक की मौत, एक गंभीर

## हादसे में एक अन्य घायल, हादसे के लिए जिम्मेदार ट्रक बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** नामकुम-टाटा रोड ओवरब्रिज पर शुक्रवार की शाम सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गयी। जबकि दूसरा युवक लोवाडीह बिच कोचा निवासी करण तिर्की घायल हो गया है। उसे पीसीआर 19 ने अस्पताल में भर्ती कराया है। मृतक की पहचान सोनू गिद्ध (20) के रूप में हुई है। वह नेतरहाट का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार शुक्रवार देर शाम टाटा रोड रेलवे ओवरब्रिज



दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर मौजूद पुलिस व अन्य लोग।

पर ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार सोनू की मौत हो गयी। वह अपने दोस्त करण के साथ लोवाडीह की ओर जा रहा था। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक से कुचल कर युवक के मारे जाने की पुष्टि की है। दूसरी ओर, पुलिस ने ट्रक और बाइक को नामकुम डाकघर के पास से बरामद कर लिया है।

अनुमान लगाया जा रहा कि दुर्घटना के बाद बाइक ट्रक में ही फंस गया होगा, जिसके बाद चालक ट्रक लेकर फरार होने में असफल रहा होगा। संभवतः इसी कारण चालक ट्रक को नामकुम डाकघर के समीप छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये रांची रिम्स अस्पताल भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।

## अनुसूचित जाति मोर्चा महाजुटान को लेकर चटकपुर में हुई बैठक



महाजुटान को लेकर बैठक करते भाजपाई।

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा का सात जनवरी को होने वाले महाजुटान कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को नामकुम के चटकपुर में बैठक की गई। जिसमें बताया गया कि यह कार्यक्रम नामकुम प्रखंड के चटकपुर में आयोजित होनी है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं भाजपा विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी उपस्थित रहेंगे। वहीं करम टोली, डुगरी, तुपुदाना, नचलदाग एवं अन्य गांवों में तैयारी को लेकर जनसंपर्क अभियान चलाया। बैठक और जनसंपर्क अभियान में पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, मनोज कुमार राम, अशोक नायक, प्रमोद सिंह, गोरखनाथ सिंह, तुलसी गोप, रामकुमार दुबे, शंकर नायक, धरमा नायक, राजु नायक आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## परिजनों संग हुंडरू फॉल पहुंचे राजभवन के सुरक्षा प्रमुख परिसहाय नवीन धतेरवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिकिदिरी।** राज्य भवन के सुरक्षा प्रमुख परिसहाय नवीन धतेरवाल अपने परिवार के सदस्यों के साथ शुक्रवार को प्रकृति सौंदर्य का लुप्त उठाने हुंडरू फॉल पहुंचे। उसकी खुबसुरती को देख काफी खुश दिखे। हुंडरू फॉल पर स्थित रोपवे का आनंद भी लिया। उन्होंने पर्यटक मित्रों के कार्यों की काफी प्रसंशा की। मौके पर अनगड़ा बीडीओ जयपाल सोय, सीओ राजू कमल के अलावा, राजकिशोर प्रसाद, बालेशवर बेदिया, विष्णु कुमार बेदिया, सिकंदर रजवार, हरिचरण बेदिया, मेघनाथ बेदिया, मनोज बेदिया, बुधराम बेदिया, रंजन कुमार बेदिया, चंद्रउदय बेदिया, महेशवर बेदिया आदि मौजूद थे।



## बाघवार एकेडमी में स्कॉलरशिप परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले विद्यार्थी सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**चान्हो।** बाघवार अकादमी के प्रांगण में शुक्रवार को रांची राजहंस अकादमी की ओर से आयोजित स्कॉलरशिप परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट एवं टी-शर्ट देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार, प्रधानाचार्य अरुण बाघवार, उप प्रधानाचार्य अजय उरांव, राजहंस अकादमी के सीइओ सूरज रंजन, नितेश सिंह फिज़िक्स के हेड ऑफ द डिपार्टमेंट, जितेंद्र सिंह रसायन शास्त्र के हेड ऑफ द डिपार्टमेंट आदि उपस्थित थे। गौरतलब हो कि रांची राजहंस एकेडमी की जानी-मानी कोचिंग इंस्टिट्यूट है



जो बच्चों को (जेइइ, नीट) आदि की तैयारी करवाती है। वक्ताओं ने बच्चों को मैट्रिक परीक्षा के बाद उच्च शिक्षा के लिए कला, विज्ञान एवं वाणिज्य निकाय का चुनाव किन बिंदुओं को ध्यान में रखकर करें एवं कैसे करें, विषय पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया। इसके साथ ही बच्चे अपने पढ़ाई के साथ-साथ इंजीनियरिंग, मेडिकल, आईटी एवं अन्य कैरियर संबंधी परीक्षाओं की तैयारी कैसे कर सकते हैं इस बिंदु पर भी विस्तार से बताया गया। कार्यशाला का आयोजन विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार एवं प्रधानाचार्य अरुण बाघवार के सफल निर्देशन में संपन्न हुआ।

## नगड़ी में धान क्रय केंद्र का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी और कतरपा लैम्प्स में शुक्रवार को धान क्रय केंद्र का उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर नगड़ी के जिप सदस्य पूनम देवी, प्रमुख मधुवा कच्छप, उप प्रमुख अफसाना परवीन, नगड़ी मुखिया जयमंगल उरांव और पंचायत समिति शिला देवी, किसान सलाहकार समिति अध्यक्ष बजरंग महतो और गणेश पाहन आदि उपस्थित हुए। क्रय केंद्र की जानकारी देते प्रखंड कृषि पदाधिकारी अरुण सिंह ने बताया कि किसान अब इस लैंप्स में



अपना धान बेच सकते है। इसमें 2300 रुपया प्रति क्विंटल की दर से धान सरकार खरीदेगी। इसमें किसान को आधी राशि का भुगतान तुरंत व आधी के भुगतान में कुछ समय लग सकता है।

## विधायक राजेश कच्छप की पहल, सलाहकार ने पहुंचायी मदद

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के अंतर्गत ग्राम बरवे आदिवासी टोला महुआ टोली निवासी मृतक दिलीप मुंडा (35), रामा मुंडा (70), नाथू उरांव (75) की आकस्मिक निधन हो गई थी। तीनों मृतकों के परिजन को विधायक राजेश कच्छप के सौजन्य से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और विधायक सलाहकार रमेश उरांव द्वारा 52- 52 किलो चावल सहयोग के रूप में दिया गया। इस अवसर पर रमेश उरांव ने कहा कि विधायक के सहयोग से दुख की इस घड़ी में गरीब परिवार की सहयोग करते आ रहे हैं और करते रहेंगे। मौके पर बरवे पंचायत के पंचायत समिति सदस्य संगीता देवी, सुखराम उरांव, मुकेश उरांव, महेश उरांव, सनिचरिया देवी, धर्मा उरांव आदि मौजूद थे।

## कलश यात्रा निकाल घर-घर पहुंचाये पूजित अक्षत

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** नामकुम में अयोध्या से आए श्री राम मंदिर जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा को लेकर घर-घर जाकर अक्षत, चित्र और पत्रक का वितरण किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को नामकुम के जोरार और तेतरी टोली में करीब 150 घरों में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ एवं विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों द्वारा अभियान चलाकर हर घर जाकर अक्षत, चित्र और पत्रक का वितरण किया गया। अभियान में शामिल लोगों ने बताया कि अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा



कार्यक्रम को लेकर हर घर में अयोध्या से आये अक्षत, चित्र और पत्रकों का वितरण किया जा रहा है। बताया कि यह अभियान पूरे भारतवर्ष में चल रहा है। जो 15 जनवरी तक चलाया जायेगा। बस्ती प्रमुख वीरेंद्र सिंह ने कहा कि अभियान के तहत पूरे समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया जा रहा है। मौके पर मृत्युंजय मिश्रा, वीरेंद्र सिंह, रिंटू सिंह, रोशन सांगा, शंकर यादव, कामदेव वर्मा, अवध बिहारी सिंह, टीके प्रसाद आदि मौजूद रहे।

## पुरियो में काशवी लर्निंग सेंटर का उद्घाटन

# पढ़ाई के साथ ही हुनरमंद बनेंगी महिलाएं: नीरज कुजूर

- स्कूल छोड़ चुके बच्चों का संवरेगा भविष्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड के पुरियो गांव में काशवी लर्निंग सेंटर का उद्घाटन मुखिया नीरज कुजूर ने किया। इस असर पर संस्था के क्षेत्रिय मैनेंजर सोमा सिन्हा ने कहा कि काशवी लर्निंग सेंटर खोलने का उद्देश्य 15-24 वर्ष की आयु के बीच स्कूल छोड़ने वाली लड़कियों को शिक्षा के क्षेत्र में दूसरा अवसर प्रदान करना है। 18 महीने के कार्यक्रम के माध्यम से उनकी बोर्ड शिक्षा की स्थिति, जीवन कौशल और व्यावसायिक शिक्षा में सुधार लाने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही शैक्षिक पाठ्यक्रम के साथ जीवन कौशल आधारित शिक्षा भी उपलब्ध कराएगी, ताकि अधिक समग्र शिक्षण परिपेक्ष्य प्रदान किया जा सके। इस सेंटर में माताओं के लिए भी साक्षरता व



उद्घाटन करते मुखिया नीरज कुजूर।

व्यावसायिक शिक्षा की व्यवस्था करेगी। वहीं, मुखिया नीरज कुजूर ने कहा कि काशवी संस्था की यह शानदार पहल है जो गरीब और जरूरतमंद बच्चों के लिए पढ़ाई के साथ हुनरमंद बनाने के लिए पुरियो गांव में सेंटर खोला गया है। जहां निःशुल्क पढ़ाई के साथ ही उन्हें हुनरमंद बनाया जाएगा। ऐसे में गरीब और जरूरतमंद बच्चों को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। गांव की महिलाएं पढ़ लिखकर हुनरमंद बनेगी। जिससे गांव के बच्चों भविष्य उज्ज्वल बनेगा। मौके पर संजय कच्छप, आनंद साहू, काशवी संस्था से सुलेखा कुमारी, केंद्र संचालिका अनिता टोप्पो कलिंद्र गोप आदि मौजूद थे।

## दड़दाग आरटीसी कॉलेज में कार्यशाला आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** आरटीसी कॉलेज में पर्यावरण सुरक्षा एवं संरक्षण विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें फाउंडेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर विनय जोजू, निदेशक डॉ पारसनाथ महतो, प्राचार्य और मुख्य अतिथि पूर्व सांसद राम टहलचौधरी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पूर्व कॉलेज की छात्राओं द्वारा मोराबादी गांधी वाटिका से साइकिल चलाकर पर्यावरण और सुरक्षा का संदेश देते हुए कॉलेज परिसर तक पहुंची। कॉलेज परिसर आने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। चित्रांकन और भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। सफल प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट और गिफ्ट हैंपर देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रामकुमार महतो ने किया।

### विश्रामपुर में मेडिकल इंजीनियरिंग कॉलेज का होना गौरव की बात : कर्मवीर सिंह

# मां की प्रेरणा से क्षेत्र को बनाया शैक्षणिक हब : रामचंद्र चंद्रवंशी

**मना मां लक्ष्मी चंद्रवंशी की 9वीं पुण्यतिथि व महिला महाविद्यालय स्थापना दिवस**

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर नगर परिषद के मुख्य कस्बा रेहला में माता लक्ष्मी चंद्रवंशी की 9वीं पुण्यतिथि और महिला महाविधालय का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा के संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह, पलामू सांसद बीड़ी राम, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी व वरीय भाजपा नेता भोला चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या नूतन रानी और संचालन राकेश सोनी व बागीश मिश्रा ने किया। इससे पहले विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी की मां



कार्यक्रम का उद्घाटन करते, पलामू सांसद, स्थानीय विधायक व अन्य।

लक्ष्मी चंद्रवंशी की 9वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। इस अवसर पर रेहला लक्ष्मी चंद्रवंशी महिला महाविद्याल परिसर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई। कॉलेज परिसर में स्थापित लक्ष्मी चंद्रवंशी की आदमकद प्रतिमा पर अतिथियों ने बारी-बारी से श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर कर्मवीर सिंह ने कहा कि क्षेत्र के लिए गौरव की बात है कि स्थानीय बच्चों को पढ़ने के लिए मेडिकल व इंजीनियरिंग कॉलेज विश्रामपुर में उपलब्ध है। वहीं, सांसद बीड़ी राम ने विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी की जमकर सराहना की। कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में गरीब परिवार के बच्चे भी बेहतर शिक्षा प्राप्त कर अपनी भविष्य का निर्माण कर रहे है।

वहीं, विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि विश्रामपुर- रेहला जैसे पिछड़े क्षेत्र में शैक्षणिक संस्थान खोलने के लिए उन्हें मां ने प्रेरित किया था। उनकी इच्छाओं को पूरा करने के क्रम में यह क्षेत्र आज शैक्षणिक हब के रुप में स्थापित हो चुका है। कल तक दूसरे राज्य में भटक कर शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्र-छात्राएं आज विश्रामपुर में ही पढ़कर डॉक्टर व इंजीनियर सहित उच्च डिग्री हासिल कर रहे है। विधायक ने अपनी मां लक्ष्मी चंद्रवंशी के जीवन पर चर्चा करते हुए कहा कि मां ने मजदूरी कर दोनों भाई को पढ़ाया। उनके कहने पर क्षेत्र में कई महिला कालेज स्थापित किया।

वरीय भाजपा नेता भोला चंद्रवंशी ने कहा कि मां का सपना पूरा कर उन्हें सच्ची श्रद्धाजंलि दी जा रही है। इस अवसर पर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल भी वितरित किया। मौके पर वरीय भाजपा नेता शुशील चौबे उर्फ टिकैत चौबे, कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन, नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम, प्रभात कुमार, सांसद प्रतिनिधि अनुज कुमार पांडेय, पूर्व प्रखंड प्रमुख संतोष चौबे, शशिनाथ चौबे, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, तेतरी चंद्रवंशी, मंजू चंद्रवंशी, संजय चंद्रवंशी, अनुराग चंद्रवंशी, मनीषा चंद्रवंशी, पुष्पा देवी, डॉ बीपी शुक्ला, शिक्षाविद अरुण कुमार सिंह, विवेक कुमार चंद्रवंशी, आदित्य चंद्रवंशी, तासु रानी, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय, ग्रामीण प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील कुमार चौधरी, श्याम किशोर चंद्रवंशी, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण शर्मा, प्रमोद दीक्षित, नीलम केशरी, आशुतोष कुमार सिंह और जितेंद्र चौधरी आदि मौजूद थे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा एक मिशन लेकर निकली है: बाबूलाल

### महिलाएं भी बन सकती हैं विधायक-मंत्री : पांकी विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता

**नीलाम्बर पीताम्बरपुर/पलामू।** प्रखंड के कुंदरी पंचायत भवन परिसर में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का अयोजन किया गया। जिसका संचालन बीपीआरओ सह कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी विनय कुमार शर्मा ने किया।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता, भाजपा जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक, पूर्व प्रत्याशी अमित तिवारी, प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, लवली गुप्ता और मुखिया नीरा देवी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर बाबूलाल मरांडी ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। साथ ही केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजना का लाभ ले चुके ग्रामीणों से सीधा संवाद



किया। कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत हर गांव में पहुंच कर लोगों तक केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में बताया जा रहा है। कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा एक मिशन लेकर निकली है। अब लोग भ्रष्टाचार, लूट की नहीं, विकास के मुद्दों पर सरकार से बात कर रहे हैं। किसानों के हित को देखते हुए उनके खाते में सम्मान निधि भेजने के साथ ही खाद, बीज की उपलब्धता पर्याप्त की जा रही है अब स्वास्थ्य सुविधा जरूरतमंदों को घर तक पहुंचाया जा रहा है। वहीं, विधायक डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा महिलाओं को आरक्षण मिलने से महिलाएं भी मंत्री व विधायक बन सकती है। भारत में विकास का नया कीर्तिमान बन रहा है। गांव से लेकर शहर तक एक सामान विकास को रफ्तार दी जा रही है। मौके पर पलामू जिला प्रभारी विनय जायसवाल, जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक, प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र पांडे, अनुसूचित मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रभात भुईया, विनोद सिंह,पूर्व प्रत्याशी अमित तिवारी, लाल सूरज, श्याम बाबू, धीरेंद्र उपाध्याय, महिला प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि ललित मेहता, अरुण कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

## सतबरवा पहुंचे डीएमओस, अवैध तरीके से संचालित लाइव क्रशर को किया सील

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू जिले में अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के रोकथाम को लेकर डीसी शशि रंजन द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार शुक्रवार को सतबरवा थाना प्रभारी व पुलिस बल के साथ सतबरवा पहुंचे। यहां मुरमा मौजा में अवैध रूप से संचालित हो रहे क्रशर में छापामारी की और क्रशर को सील कर दिया। साथ ही क्रशर में रखे 1700 घनफीट बोल्डर चिप्स एवं 200 घनफीट डस्ट को भी जब्त कर लिया। वहीं क्रशर संचालक मनिका निवासी प्रयाग्र यादव एवं क्रशर संचालन में अज्ञात संलिप्त व्यक्तियों खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी।

### क्या है मामला

जिला खनन पदाधिकारी को सतबरवा थाना क्षेत्र में अवैध रूप से क्रशर का संचालन किये जाने के संबंध में लगातार सूचनायें मिल रही थी, जिस पर यह कार्रवाई की गयी। दरअसल, डीएमओ व थाना प्रभारी छापामारी के लिए जब मुरमा मौजा पहुंचे तो अवैध क्रशर का संचालन होते पाया। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने थाना क्षेत्र में संचालित ईट भट्टा का भी निरीक्षण किया। इस दौरान डीएमओ ने लेस्लीगंज निवासी राजन सिंह द्वारा संचालित एआरबी ईट भट्टा व लातेहार निवासी प्रकाश कुमार साहू द्वारा संचालित पीकेएस ईट भट्टा का भी निरीक्षण किया गया। दूसरी ओर, डीसी शशि रंजन ने कहा कि जिले में किसी भी कीमत पर अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन नहीं हो सभी संबंधित पदाधिकारी यह सुनिश्चित करें। उन्होंने खनन से जुड़े अवैध गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए रखने साथ ही ऐसे लोगों को चिन्हित करते हुए कानूनी कार्रवाई करने को लेकर निर्देशित किया है।

वहीं, जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने कहा कि डीसी के निर्देश पर जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के रोकथाम को लेकर विभाग पूरी तरह से सक्रीय है। जिले में किसी भी प्रकार के अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन नहीं होने दिया जाएगा।

## संसाधनों के बेहतर उपयोग कर स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता में लायें सुधार : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** डीसी सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई। समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित अभियानों सहित नियमित स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी के संबंध में चर्चा की गयी। डीसी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में उपलब्ध कराए गए संसाधनों का बेहतर तरीके से उपयोग कर स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता में सुधार व विस्तार का लाभ लोगों को अधिक से अधिक दिया जा सके इसके लिए सभी स्वास्थ्य कर्मियों की जिम्मेवारी एवं संवेदनशीलता के साथ प्रयास करना होगा। वहीं, स्वास्थ्य डीपीएम दीपक ने बताया कि पूर्व की बैठक में दिये गये निर्देश के आलोक में 2042 बच्चियों का स्क्रीनिंग किया गया, जिसमें 283 बच्चियों को उनके बीमारी से



संबंधित दवाइयां भी उपलब्ध कराया गयी है। इस पर डीसी झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय के बच्चियों के भी हेल्थ से संबंधित स्क्रीनिंग करने के निर्देश दिये। इसके अलावा डीसी ने जिले में बनाये जा रहे आयुषमान कार्ड की जानकारी ली। बताया गया कि पिछले माह में 11 हजार से अधिक कार्ड बनाये गये हैं। इसपर उन्होंने असंतोष जाहिर करते हुए इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने आयुषमान के समन्वयक को विशेष तौर पर पीवीटीजी परिवारों का आयुषमान कार्ड बनवाने का निर्देश दिया। इस कार्य में उन्होंने यूआईडी के डीपीओ को आपस में बेहतर समन्वय बनाते हुए सभी 14 हजार से अधिक पीवीटीजी परिवारों का 15 फरवरी तक आयुषमान कार्ड बनवाने पर बल दिया। इसके अलावा सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी को पीवीटीजी बहुल क्षेत्र में हेल्थ संबंधित विशेष कैंप लगाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने उंटारी रोड व मोहम्मदगंज में खाली पड़े सीएचसी बिल्डिंग को उपयोगिता में लाने का डीपीएम को निर्देश दिया। कहा कि हेल्थ के सभी पैरामीटर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामुदायिक केंद्र के प्रभारियों को 26 जनवरी को सम्मानित किया जायेगा।

## झारखंड का सबसे बड़ा भूमि घोटाला : अरुणा शंकर

**कहा- नदी के साथ बच्चों का शमशान तक बेच डाला**
**- माफियाओं से ब्याज सहित पैसा और कंस्ट्रक्शन का मुआवजा दिलाए प्रशासन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने निगम का चोला पहनकर 60 वर्षों से भू-माफिया परिवार की ओर से हजारों परिवार के एग्रीमेंट पर अपनी भूमि बताते हुए नदी एवं सरकारी भूमि बेचे जाने को गरीबों का शोषण एवं झारखंड का सबसे बड़ा भूमि घोटाला करार दिया। प्रथम महापौर ने आरोप लगाया कि जमीन लेने वाले हजारों गरीब परिवार ऐसे हैं जो 100/200 रुपया प्रतिदिन अपना पेट काटकर घर बनाने के लिए जमीन खरीदने के लिए रुपया इकट्ठा किया, ताकि सस्ती जमीन खरीद सके। ऐसा कर वे इस



सिंडिकेट के चंगुल में फंस गए। जिनका आज तक रजिस्ट्री नहीं हुआ और 30/40 साल से लोग एग्रीमेंट लेकर उनके दरवाजे में रजिस्ट्री के लिए दौड़ लगा रहे हैं। इन लोगों ने वर्षों पुराने हिंदू बच्चों को दफनाने की जमीन भी पैसे के लालच में बेच डाली। लोग अब मजबूरन यहां-वहां नदी में मृत बच्चों को दफनाते है। प्रथम महापौर ने कहा कि भू-माफिया सिंडिकेट ने यह भी नहीं सोचा की इन गरीब परिवार के बच्चों को नौकरी के लिए रजिस्ट्री के अभाव में स्थानीयता तक नहीं बन पाएगी। सिंडिकेट की नजर अब नदी पर पड़ी और इन लोगों द्वारा नदी भी बेचा जाने लगा, जिस पर प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। मैं प्रशासन से मांग करती हूं जिन लोगों ने भू माफिया के झांसे में आकर जमीन लिया है उनकी पाई-पाई ब्याज के साथ वापस कराई जाए। उस पर बने कंस्ट्रक्शन का हरजाना ब्याज समेत इन गरीबों को वापस दिलवाई जाए। साथी ही नदी तक बेचने वाले भू-माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई इनके झांसे में आकर गुमराह ना हो।

## बागेश्वर धाम सरकार निश्चित आयेंगे पलामू : प्रथम महापौर

### हाइकोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव को दिया फाइल करने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर सह हनुमंत कथा समिति की संयोजक अरुणा शंकर एवं बागेश्वर धाम के प्रभारी नितेश सिंह ने शुक्रवार को झारखंड उच्च न्यायालय की कार्रवाई के संबंध में बताया कि जस्टिस गौतम चौधरी ने बागेश्वर बाबा के पलामू आने की अनुमति संबंधित याचिका पर सुनवाई की है। कहा कि डीसी द्वारा कार्यक्रम को रद्द करने के लिए कई ऐसे बिंदु उठाए गए हैं जो अनुचित है। जस्टिस गौतम चौधरी ने मामले की सुनवाई की अगली व अंतिम तारीख 16 जनवरी निर्धारित करते हुए जिला प्रशासन से एफिडेविट फाइल करने को कहा है। साल ही सवाल किया कि पिछले दो साल में इस तरह की





कथा के लिए जो अनुमति दिए गए हैं क्या उनमें हनुमंत कथा करने के लिए जो शर्तें इस बार रखी गई है वैसी पूर्व में कथा करने वालों से भी रखी गई है या नहीं। साथ ही इस बार विशेष संज्ञान लेते हुए न्यायाधीश ने राज्य के मुख्य सचिव को भी एफिडेविट फाइल करने का निर्देश दिया है कि आखिर कथा जो सभी का मौलिक अधिकार है सरकार द्वारा अनुमति क्यों नहीं दी जा रही है। प्रथम महापौर एवं हनुमंत कथा के सचिव दीना जी, अतुल और मंटू ने कोर्ट का आभार प्रकट करते हुए कहा कि सभी को न्यायालय पर पूर्ण विश्वास है। पलामू में कथा होकर रहेगी।

## स्पोर्ट्स



**2024 में जून में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप में भारत और पाकिस्तान को ग्रुप ए में ही रखा गया है। इस ग्रुप में भारत-पाक के अलावा आयरलैंड, अमेरिका और कनाडा भी हैं। टी-20 वर्ल्ज कप 4 से 30 जून के बीच वेस्टइंडीज व अमेरिका में खेला जाएगा।**

### पहली बार वर्ल्ड कप में 20 टीमें, 27 दिन में खेले जायेंगे कुल 55 मैच

# नये फॉर्मेट में खेला जायेगा टी-20 वर्ल्ड कप 2024, एक ही ग्रुप में भारत और पाकिस्तान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इस साल जून में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप में भारत और पाकिस्तान को ग्रुप ए में रखा गया है। द गार्डियन की रिपोर्ट के मुताबिक, इस ग्रुप में भारत, पाकिस्तान के अलावा आयरलैंड, अमेरिका और कनाडा हैं। टी-20 वर्ल्ड कप इस साल 4 से 30 जून के बीच वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, टूर्नामेंट नए फॉर्मेट में खेला जाएगा। टी-20 वर्ल्ड कप 2024 पिछले टी-20 वर्ल्ड कप की तुलना में काफी अलग होगा। उसमें क्वालिफाइंग राउंड नहीं खेले जाएंगे और ना ही सुपर-12 स्टेज होगा।

### 5-5 टीमों के 4 ग्रुप बांटे जाएंगे



टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में हिस्सा लेने वाली 20 टीमों को 5-5 टीमों के चार ग्रुप में बांटा जाएगा। सभी ग्रुप की 2-2 टॉप टीमें सुपर-8 स्टेज में पहुंचेंगी। सुपर-8 की भी 2-2 टॉप टीमें सेमीफाइनल में क्वालिफाई करेंगी। सेमीफाइनल की विजेता टीमों के बीच 30 जून 2024 को टूर्नामेंट का फाइनल खेला जाएगा। 2 सेमीफाइनल, एक फाइनल और 52 ग्रुप स्टेज मैच मिलाकर टूर्नामेंट में 27 दिन के अंदर कुल 55 मैच खेले जाएंगे। हालांकि आइसीसी ने अभी तक इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की है। गौरतलब हो कि टी-20 वर्ल्ड कप 2022 में 16 टीमों ने हिस्सा लिया था। इसमें 8 टीमों को सीधे सुपर-12 स्टेज के लिए एंट्री मिली थी। वहीं 4 टीमों ने क्वालिफाइंग राउंड के जरिए सुपर-12 में जगह बनाई थी।

### मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया के साथ

एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत को ग्रुप ए में रखा गया है, जिसके ग्रुप स्टेज के सभी मैच अमेरिका में खेले जाएंगे। ग्रुप बी में मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, स्कॉटलैंड, नामीबिया और ओमान शामिल हैं, उनके मैच वेस्टइंडीज में खेले जाएंगे। ग्रुप सी में वेस्टइंडीज का मुकाबला न्यूजीलैंड, अफगानिस्तान, पापुआ न्यू गिनी और युगांडा से होगा। आखिरी और चौथे ग्रुप डी में साउथ अफ्रीका का मुकाबला श्रीलंका, बांग्लादेश, नीदरलैंड और नेपाल से होगा।

### पहली बार वर्ल्ड कप में 20 टीमें

टी-20 वर्ल्ड कप में पहली बार 20 टीमें हिस्सा लेंगी। इससे पहले, 2007 से 2012 तक खेले गए 4 वर्ल्ड कप में 12 और 2014 से 2022 तक खेले गए 4 वर्ल्ड कप में 16 टीमें हिस्सा लेती थीं। बतातें चलें कि 2021 और 2022 में खेले गए पिछले टी-20 वर्ल्ड कप में 16-16 टीमें थीं। 8 में से 4 टीमें क्वालिफायर खेलकर सुपर-12 स्टेज का हिस्सा बनती थीं। दोनों टूर्नामेंट में 45-45 मैच हुए थे। 2007 में शुरू हुए टूर्नामेंट में अब पहली बार 20 टीमें शामिल होंगी और टूनामेंट में पहली बार 50 से ज्यादा मैच होंगे। 2007 में भारत ने पहला खिताब जीता था, 2022 में इंग्लैंड टीम पिछली बार चैंपियन बनी थी।

## पलामू सांसद अध्यक्ष और प्रफुल्ल सिंह बने सचिव

**जपला एके सिंह कॉलेज के अध्यक्ष व सचिव का चुनाव संपन्न, मिली बधाईयां**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जपला एके सिंह कॉलेज में बहुप्रतीक्षित शासी निकाय के अध्यक्ष एवं सचिव का चुनाव शुक्रवार को मेदिनीनगर परिसदन भवन में संपन्न हुआ। सर्वसम्मति से पलामू सांसद विष्णुदयाल राम (वीडी) को अध्यक्ष और शिक्षाविद प्रफुल कुमार सिंह को सचिव निर्वाचित किया गया। सांसद के अध्यक्ष बनाये जाने का प्रस्ताव प्राचार्य सूर्य मणि सिंह ने, जबकि शिक्षाविद प्रफुल्ल कुमार सिंह को सचिव



बनाए जाने का प्रस्ताव दानदाता रोनक सिंह ने रखा। बैठक में शासी निकाय के सभी सदस्यों सांसद वीडी राम, हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह, शिक्षाविद प्रफुल कुमार सिंह, रोनक दानदाता, सूर्य मणि सिंह, प्राचार्य और डॉ आनंद कुमार शिक्षक प्रतिनिधि उपस्थित थे। मौके पर कॉलेज के एकेडमिक इंचार्ज डॉ राम सुभग सिंह, परीक्षा नियंत्रक प्रो अशोक कुमार सिंह, प्रो मुकेश कुमार और लेखापाल ओम प्रकाश सिंह मौजूद थे। वहीं, अध्यक्ष व सचिव के चुनाव हो जाने पर महाविद्यालय कर्मियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## सिविल सर्जन कार्यालय से रिश्वत लेते लिपिक को एसीबी ने रंगेहाथ दबोचा



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद एसीबी ने शुक्रवार को इस साल की पहली कार्रवाई करते हुए सिविल सर्जन कार्यालय के लिपिक को चार हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। यही नहीं, लिपिक को लेकर एसीबी की टीम उसके घर भी छानबीन करने पहुंच गई।इस कारवाई से जिले के स्वास्थ्य विभाग में काम करने वालों के होश उड़ गए हैं। इस बाबत बताया गया कि धनबाद एसीबी को रणधीर वर्मा चौक के समीप अवस्थित सिविल सर्जन कार्यालय में लिपिक के पद पर कार्यरत उमेश कुमार सिंह द्वारा दिव्यांग सर्टिफिकेट बनाने के बदले चार हजार रुपये रिश्वत मांगे जाने की शिकायत मिली थी। जिसके बाद एसीबी की टीम ने शिकायत के सत्यापन के बाद आरोपित को रंगेहाथ पकड़ने के लिए जाल बिछाया और उसे शुक्रवार को चार हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया। टीम उसे अपने साथ ले गयी और आगे की कार्रवाई में जुट गयी है।

## गिरिडीह सांसद 7 को न्यू गिरिडीह स्टेशन से ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर करेंगे रवाना

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी रविवार को न्यू गिरिडीह स्टेशन से ट्रेन संख्या 18617 को अपराह्न 12.45 बजे हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस ट्रेन का मधुपुर स्टेशन तक विस्तार किया गया है। यह जानकारी पूर्व मध्य रेल धनबाद के मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा ने दी है।

## प्रकृति एवं पक्षियों का संरक्षण जरूरी : अमृत




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय पक्षी दिवस पर सामाजिक एवं पर्यावरणिक संस्था वर्ल्ड ग्रीन लाइन की ओर से शुक्रवार को चास के वार्ड 15 के छात्र-छात्राओं को बर्ड वाचिंग के लिए नेहरू पार्क का भ्रमण कराया गया। इको सिस्टम का एक अंग पक्षी होने के नाते उनलोगों का संरक्षण जरूरी हैं। बच्चों को बर्ड वाचिंग के माध्यम से पक्षियों का खान-पान, रहने की शैली, आयु के बारे में जानकारी देने के साथ ही पेड़ और जंगल-झरना आदि के बारे में बताया गया। बच्चों को बर्ड वाचिंग के माध्यम से प्रकृति एवं पक्षियों के संरक्षण के लिए शिक्षित किया गया। बच्चे भ्रमण के माध्यम से विभिन्न प्रकार के पक्षियों से परिचित हुए और पक्षियों को बचाने का संकल्प लिए। इस मौके पर सामाजिक एवं पर्यावरणिक कार्यकर्त्ता अमृत बाउरी, फील्ड वर्कर राजेश बाउरी, शंभू दास इंटर्न सोमित्रा सेन, सौम्या सुभ्रा, श्रुति प्रमाणिक और पायल दे आदि मौजूद रहें।

## पैसेंजर ट्रेन से नाबालिग बरामद

**आइइएल (आजाद सिपाही)।** गोमिया रेलवे सुरक्षा बल के सहायक अवर निरीक्षक विकास कुमार सिंह, प्रधान आरक्षी अरुण कुमार तिवारी अपने जवानों के साथ फुसरो रेलवे स्टेशन परिसर में तैनात थे। इसी बीच एक यात्री ने बताया कि एक किशोर पैसेंजर ट्रेन में भटक रहा है। जैसे ही सूचना मिली गोमिया आरपीएफ के एएसआई विकास कुमार सिंह और प्रधान आरक्षी अरूण कुमार तिवारी ने सक्रियता के साथ उक्त उसकी खोजबीन डाउन पैसेंजर गाड़ी में करने लगे। तभी पैसेंजर ट्रेन में सफर कर रहे शिकायतकर्ता ने नाबालिग को आरपीएफ एएसआई को सौंप दिया। वहीं इस संबंध में एएसआई विकास सिंह ने बताया कि एक यात्री द्वारा सूचना मिली थी कि डाउन पैसेंजर गाड़ी में एक नाबालिग भटक रहा है। इसी सूचना के आधार पर फुसरो स्टेशन परिसर में तैनात जवानों ने खोजबीन की। तभी शिकायतकर्ता ने उक्त नाबालिग को उन्हें सौंप दिया। यह भी बताया कि नाबालिग से नाम, पता काफी पूछने पर भी वह कुछ नहीं बता पाया। तब बालक को बाल गृह सहयोग विलेज बोकारो को आरपीएफ द्वारा कागजी कार्रवाई कर सौंपा गया। वहीं इस सक्रियता का लोगों एवं उस गाड़ी में उपस्थित यात्रियों ने आरपीएफ की प्रशंसा की।

### हाइकोर्ट के निर्देश के आलोक में जेल आइजी उमा शंकर सिंह ने दिया आदेश

# संजीव सिंह को भेजा जायेगा दिल्ली एम्स

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह को इलाज के लिए दिल्ली एम्स भेजा जायेगा। झारखंड के जेल आइजी उमा शंकर सिंह ने इस बाबत धनबाद जेल सुप्रीटेंडेंट को निर्देश दिया है। जेल आइजी ने यह निर्देश झारखंड हाइकोर्ट के आदेश के आलोक में दिया है। पिछली बार अदालत ने राज्य सरकार से सवाल किया था कि अब तक संजीव सिंह को बेहतर इलाज के लिए एम्स क्यों नहीं भेजा गया है। मामले की सुनवाई फिर से शुक्रवार को हुई। इसके बाद अदालत के आदेश पर उन्हें रिम्स भेजने का निर्देश दिया गया है। फिलहाल उनका इलाज रांची के रिम्स अस्पताल में चल रहा है। गौरतलब हो कि वे पिछले छह साल से जेल में बंद हैं। इससे पहले प्रार्थी संजीव सिंह की ओर से वरीय अधिवक्ता बीएम त्रिपाठी और अधिवक्ता नवीन कुमार जयसवाल ने पैरवी की थी। उन्होंने



संजीव सिंह की फाइल फोटो।

कहा कि प्रार्थी गंभीर रूप से बीमार हैं। रिम्स अस्पताल के आठ चिकित्सकों की टीम ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए एम्स अस्पातल भेजने की अनुशंसा की है, लेकिन जेल प्रशासन अगस्त महीने से ही इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। अधिवक्ताओं ने बेहतर इलाज के लिए 30 दिनों का औपबंधिक जमानत देने का आग्रह किया। वहीं सूचक की ओर से वरीय अधिवक्ता आरएस मजूमदार उपस्थित थे।

### 6 सालों से जेल में बंद हैं संजीव सिंह

पूर्व विधायक संजीव सिंह की ओर से जमानत याचिका दायर की गयी है। पूर्व में हाइकोर्ट से संजीव सिंह की जमानत याचिका दो बार खारिज हो चुकी है। झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह पर धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह हत्याकांड का आरोप है। नीरज सिंह समेत चार लोगों की हत्या मामले में संजीव सिंह 11 अप्रैल 2017 से जेल में बंद हैं। 21 मार्च 2017 को सरायढेला में नीरज सिंह सहित चार लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। 23 मार्च 2017 को सरायढेला थाना में नीरज के भाई अभिषेक सिंह की लिखित शिकायत पर संजीव सिंह, मनीष सिंह, पिंटू सिंह, महंत पांडेय, गया प्रताप सिंह के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। जेल में बंद रहने के दौरान 11 जुलाई 2023 को संजीव सिंह की तबीयत बिगड़ गयी थी और उन्हें धनबाद मंडल कारा से एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया था। एसएनएमएमसीएच के सीसीयू में भर्ती संजीव सिंह की हालत स्थिर बनी हुई थी। अदालत ने उनके इलाज के लिए गठित मेडिकल बोर्ड ने जांच के बाद उन्हें रिम्स भेजने की सलाह दी। मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट के आलोक में कोर्ट ने उन्हें रिम्स भेजने का निर्देश दिया। धनबाद कोर्ट के आदेश पर पुलिस संजीव को लेने अस्पताल पहुंची, परंतु संजीव ने रांची रिम्स जाने से इनकार कर दिया। इस बीच उन्होंने अदालत में इच्छा मृत्यु के लिए भी याचिका दायर की थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था। हालांकि, बाद में उन्हें रिम्स में ही भर्ती कराया गया। फिलहाल उनका इलाज रिम्स में चल रहा है।

# जनता दरबार लगाकर डीसी ने सुनी लोगों की समस्याएं

### संबंधित अधिकारियों से लोगों की समस्याओं को दूर करने का दिया निर्देश

**गोसाइडीह में सार्वजनिक सड़क का अतिक्रमण रोकने की गुहार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** डीसी सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। इसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी-अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन समर्पित किए। जनता दरबार में गोविंदपुर के गोसाईडीह स्थित कुंज विहार सेक्टर 1 से आए लोगों ने डीसी को बताया कि वहां 15 फीट चौड़े सार्वजनिक सड़क को किसी व्यक्ति द्वारा जबरन कब्जा कर अतिक्रमण कर लिया गया है। डीसी को बताया कि इस संबंध में उन्होंने गोविंदपुर अंचल



अधिकारी और गोसाईडीह के मुखिया सहित अन्य कार्यालयों में आवेदन दिया है। लेकिन अब तक सार्वजनिक सड़क पर हो रहे अतिक्रमण को रोकने की कार्रवाई नहीं हुई है। इस पर डीसी ने मामले पर त्वरित संज्ञान लेकर गोविंदपुर सीओ को जांच करने का निर्देश दिया है। वहीं सिंदरी से आये एक व्यक्ति ने ब्रेन ट्यूमर का इलाज बेंगलुरु में कराने के लिए सहायता करने का अनुरोध किया। साथ ही बाघमारा के छोटा मंझलाडीह से आए व्यक्ति ने पैतृक जमीन पर अवैध तरीके से हो रही खरीद-बिक्री को रोकने, बरोरा से आए व्यक्ति ने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना का लाभ देने, सिंदरी से आए व्यक्ति ने दिव्यांग कोटा में स्कूटी देने के अलावा झरिया से आए व्यक्ति ने कैंसर का इलाज करने के लिए सहायता प्रदान करने का अनुरोध किया। इस पर आवेदनों का समाधान करने के लिए डीसी ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया। जनता दरबार में निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, आइटी मैनेजर रूपेश मिश्रा, डीडीएमए के संजय कुमार झा भी मौजूद थे।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने की डीसी से मुलाकात

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बीसीसीएल से प्रशिक्षन प्राप्त आइटीआइ अप्रेंटिस युवाओं के रोजगार दिलाने संबंधी मामलों को लेकर शुक्रवार को डीसी वरूण रंजन से मुलाकात की। उन्होंने वर्षों से लंबित पड़े अप्रेंटिस युवाओं को क्षेत्र के अंतर्गत चल रहे



आउटसोर्सिंग कंपनियों में समायोजन करने के लिए बीसीसीएल प्रबंधन को निर्देशित करने की बात कही। इस पर डीसी ने बीसीसीएल के निदेशक कार्मिक मुरली रमैया को फोन कर युवाओं को जल्द से जल्द रोजगार सुनिश्चित कराने की दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया। इस मौके पर केंदुआ करकेंद नगर कांग्रेस अध्यक्ष जयप्रकाश चौहान, अप्रेंटिस संघ के सूरज झा, याजूदिन अंसारी आदि उपस्थित थे।

### इस्पात उद्योग में वेस्ट टू वेल्थ एवं ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी पर मंथन के लिए दो दिवसीय कार्यशाला

# इस्पात संयंत्रों से निकलनेवाले वेस्ट मटेरियल का पर्यावरण सम्मत तरीके से डिस्पोजल करना और उपयोगी बनाना बड़ी चुनौती : अतनु

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोकारो।** स्टील प्लांट की मेजबानी में एचआरडी सेंटर में वेस्ट टू वेल्थ एवं ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी विषय पर दो दिवसीय एलईओ (लर्निंग फ्रोम ईच अदर) कार्यशाला का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। उद्घाटन सत्र में अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीके तिवारी, अधिशासी निदेशक (परियोजना एवं अतिरिक्त प्रभार एमएम) सीआर महापात्रा, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (माइंस) जयदीप दासगुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बीबी करुणामय, मुख्य महाप्रबंधक (एमआरडी एवं एसएमएस-न्यू) सह आयोजन समिति के अध्यक्ष




राजीव धवन सहित मुख्य महाप्रबंधक व अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे। कार्यशाला में सेल के सभी संयंत्रों के अलावा आरआईएनएल (विशाखापट्नम, बीपीएससीएल, आईआईटी (आईएसएम) धनबाद, जियोन वेस्ट मैनेजर प्राइवेट लिमिटेड, डॉ स्लैग कंसल्टिंग सर्विसेस (सिडनी, ऑस्ट्रेलिया), रामचरण कंपनी प्राइवेट लिमिटेड आदि से विशेषज्ञ शामिल हो रहे हैं। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को ऑन लाइन मोड पर संबोधित करते हुए निदेशक प्रभारी अतनु भौमिक ने कहा कि इस्पात संयंत्रों में इस्पात उत्पादन के क्रम में बड़ी मात्रा में विभिन्न प्रकार के वेस्ट मटेरियल (कचड़ा) निकलते हैं। जिसका पर्यावरण सम्मत तरीके से डिस्पोजल करना और उसे उपयोगी सामग्री के रूप में तब्दील कर सर्कुलर इकॉनमी की अवधारणा को सार्थक बनाना एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने विश्वास जताया कि कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञ इस विषय पर मंथन कर एक-दूसरे से न सिर्फ सीखेंगे, बल्कि नवीनतम तकनीकों के इस्तेमाल द्वारा इसका इस दिशा में ठोस पहल करने का रोडमैप भी तैयार कर सकेंगे। वहीं, अधिशासी निदेशक (संकार्य) तिवारी ने कहा कि इस्पात संयंत्र में उत्पादन प्रक्रिया के दौरान जेनरेट होने वाला किसी भी प्रकार का वेस्ट दरअसल उपयोगी सामग्री के रूप में परिवर्तित किया जा सकता है जिसके लिए कई नई तकनीक लगातार विकसित किए जा रहे हैं। उन्होंने कार्यशाला के प्रतिभागियों से इस विषय पर विस्तृत रूप से चर्चा करने और इसके उभरते नए समाधानों पर मंथन करने एवं एक-दूसरे से सीखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस्पात संयंत्र में वेस्ट टू वेल्थ एवं ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी एक प्रासंगिक विषय है जिसमें चुनौतियों के साथ ही असीम संभावनाएं भी छिपी है। कार्यशाला के दौरान कुल तीन तकनीकी सत्रों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें वेस्ट टू वेल्थ एवं ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी विषय पर लगभग 15 पेपर प्रस्तुत किए जा रहे हैं। कार्यशाला में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, एल डी स्लैग यूटीलाईजेशन, मैनेजमेंट ऑफ को- प्रोडक्टस, सकुर्लेरिटी इन स्टील मेकिंग जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा चर्चा की जायेगी।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।**

**शुद्धि पत्र**

निविदा सूचना सं0 – RDD/KODERMA/07/RE/EE/2023-24 2nd call आमंत्रित किया गया था। जिसका पी0 आर0 सं0 – 314861 है। जिसमें निम्न संशोधन किया जाता है।

1. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 06.01.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – दिनांक 12.01.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 16.01.2024 अपराह्न 03:30 बजे।

शेष नियम–शर्तें यथावत् रहेगा। ह0/–

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
कोडरमा।

PR 315210 Rural Work Department(23-24)D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची (ग्रामीण)**

**ई-प्रोक्योरमेंट सूचना**
**नेशनल कम्पेटेटीभ बिडिंग (अल्पकालीन)**

PR No. 313269 (Road) 23-24 (D)

ई–टेन्डर रेफरेंस नं0–प0नि0वि0/राँची (ग्रामीण)–18/2023–24 (4th Call)

दिनांक :– 05.01.24

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | गौशाला से कांके–पतरातु पथ (कुल लम्बाई 1.60 कि0मी0) का राईडिंग क्वालिटी में सुधार (Improvement of Riding Quality) कार्य। |
| 2. | अनुमानित प्राक्कलित राशि (रू0 लाख में) | रू0 81.52054 लाख (एक्कासी लाख बावन हजार चौवन) मात्र। |
| 3. | अग्रधन की राशि (रू0 लाख में) | रू0 1.64 लाख (एक लाख चौसठ हजार) मात्र। |
| 4. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 2 (दो) महीने |
| 5. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 08.01.2024 10 : 30 बजे पूर्वाह्न |
| 6. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि / समय | 17.01.2024 12 : 00 बजे दोपहर तक |
| 7. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची (ग्रामीण)। |
| 8. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 0651–2361018 |
| 9. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पपाईन संख्या | 0651–2403007 |

- प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, जिसे Tender Online Upload में देखा जा सकता है, एवं किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार में निबंधित संवेदकों के लिए युकेन (UCAN) निबंधन आवश्यक है।
- नियम एवं शर्तों के लिए http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमंडल, राँची (ग्रामीण)

PR 315249 Road (23-24)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी**

**अति अल्पकालीन निविदा आमत्रंण सूचना संख्या –15 वर्ष 2023–2024**

1. विभाग का नाम :- भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापनदाता का नाम :- कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय :- दिनांक:12.01.2024 को अपराह्ण 1.00 बजे तक।
4. मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- दिनांक 13.01.2024 को अपराह्ण 3.00 बजे तक।
5. मुहरबंद निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- दिनांक: 13.01.2024 को अपराह्ण 3.30 बजे तक।
6. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :-1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
   2. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची।
7. परिमाण विपत्र की प्राप्ति का स्थान:-1. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची।
   2. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
8. कार्य की विवरणी :–

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation work of district fishry office khunti for the year 2023-24. | 6,25,981.00 | 1,250.00 | 12,600.00 | 45 Days |

नोट:-झारखण्ड सरकार, पथ निर्माण विभाग के संकल्प सह ज्ञापांक: 2148 (S) राँची, दिनांक: 09.09.2020 के आधार पर निविदा का निष्पादन किया जाएगा।

निविदा की शर्ते सूचना पट पर देखा जा सकता है। परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।

PR.NO.315241 Building(23-24):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गुमला।**
E-Mail – nrepgumla@gmail.com

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
**संख्या – 18/2023-24**

1. विज्ञापन दाता का नाम :– राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, (NREP) गुमला।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 12.01.2024 एवं 13.01.2024 को 10.00 बजे पूर्वा0 से 03.00 बजे अप0 तक।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 15.01.2024 को 03.00 बजे अपराहन तक।
4. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 15.01.2024 को 03.30 बजे अपराहन में।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला का कार्यालय में।
6. निविदा प्राप्त करने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला में।
7. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला का कार्यालय में।
8. कार्य मद :– Untied
9. कार्यो का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप स0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | रायडीह | राजकीय कृत प्राथमिक विद्यालय मरदा बुथ संख्या 249 मतदान केन्द्र पर दो कमरों का नया कमरा/भवन निर्माण | 1984950.00 | 40000.00 | 5000.00 | 03 माह | III |
| 2 | रायडीह | राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय लौकी बूथ संख्या 252 मतदान केन्द्रो पर दो कमरों का नया कमरा/भवन निर्माण | 1984950.00 | 40000.00 | 5000.00 | 03 माह | III |

**निविदा की शर्तें:–**

1. परिमाण विपत्र का शुल्क परिमाण NIT में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला के नाम पर भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा, जो लौटाया नहीं जायेगा। बैक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के खाता से ही बना हुआ मान्य होगा एवं बैक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।
2. S.O.R से 10% कम दर पर अंकित करने तक अतिरिक्त जमानत राशि (Additional Performance Security money) की आवश्यकता नही है लेकिन यदि 10% से ज्यादा कम दर अंकित करते है तो नियमानुसार (Additional Performance Security) एकरनामा के साथ ही देना अनिवार्य होगा।
3. भवन निर्माण विभाग में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. निविदा की विस्तृत शर्ते कार्यालय की सूचना पटट पर अनिवार्य रूप से देख लें।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गुमला।

PR 315225 (NREP) 23-24 (D)

## 12 लाख 97 हजार 954 नये मतदाता 2024 में करेंगे मतदान

# मतदाताओं की संख्या तीन करोड़ 32 लाख है : निर्वाचन आयोग



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** आम चुनावों को ध्यान में रखते हुए मतदाता सूची तैयार की गयी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने विशेष सारांश संशोधन कार्यक्रम के लिए पिछले साल 27 अक्टूबर को मतदाता सूची के मसौदे के प्रकाशन के बारे में उपस्थित राजनीतिक दलों को अवगत कराया ।2024 में मतदान करने के लिए मतदाता सूची में 12 लाख 97 हजार 954 नये मतदाता जोड़े गये हैं। इन्हें मिलाकर राज्य के कुल 3 करोड़ 32 लाख 36 हजार 360 मतदाता आगामी चुनाव में अपना पसंदीदा नेता चुनेंगे। राज्य निर्वाचन आयोग निकुंज बिहारी धल ने बताया कि 18 से 19 वर्ष के बीच के मतदाताओं की संख्या 7,54,946 है। कुल मतदाताओं में 1 करोड़ 68 लाख 51 हजार पुरुष मतदाता और 1 करोड़ 63 लाख 82 हजार महिला मतदाता हैं।

राज्य में 3380 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। राज्य में युवा यानी 18-19 साल के मतदाताओं की संख्या 7 लाख 54 हजार 946 थी। जो पिछले 5 साल में सबसे ज्यादा यानी 2.27% है। दिबांग मतदाताओं की कुल संख्या 4 लाख 57 हजार 821 थी। यानी 1.38%.। इसी तरह राज्य में 80 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाताओं की संख्या 6 लाख 85 हजार 48 है। यानी 2.06%. नयी मतदाता सूची। इनमें 18-19 साल के 4 लाख 76 हजार 969 युवा मतदाता नयी मतदाता सूची में जोड़े गये हैं।

## स्वाति मालीवाल राज्यसभा उम्मीदवार

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की तीन राज्यसभा सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) ने अपने कैंडिडेट घोषित कर दिये हैं। पार्टी ने दिल्ली महिला आयोग चीफ स्वाति मालीवाल, संजय सिंह और नारायण दास गुप्ता को टिकट दिया है। संजय सिंह शराब घोटाले में अभी जेल में बंद हैं। हालांकि, कोर्ट ने उन्हें जेल से ही चुनाव लड़ने की अनुमति दे दी है। 27 जनवरी को दिल्ली में राज्यसभा की 3 सीटें खाली होने वाली हैं।

## खोरधा रोड-बलांगीर रेल लाइन की प्रगति को मिली गति

# नयी लाइन से क्षेत्र में आर्थिक विकास का खुलेगा रास्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा राज्य में रेल संपर्क और समृद्धि को पुनः परिभाषित करने वाली जन केंद्रित खोरधा रोड-बलांगीर रेल परियोजना के विकास में उल्लेखनीय सुधार हो रहा है। भूमि अधिग्रहण की चुनौतियों का सामना कर रही खोरधा रोड जंक्शन को बलांगीर से जोड़ने वाली 301 किलोमीटर लंबी यह जीवनरेखा, अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेलवे के संपूर्ण विकास के दृष्टिकोण के तहत बाधाओं को पार करते हुए निरंतर आगे बढ़ रही है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के लगातार प्रयासों के कारण, बाधाएं दूर हो रही हैं, और परियोजना अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ रही है। भूमि अधिग्रहण, वन मंजूरी और भौगोलिक चुनौतियों जैसे मुद्दों के कारण चुनौतियों का सामना करने के बाद, यह परियोजना अब तेजी से पूरा होने की राह पर है। कुल 301 किमी लंबी परियोजना में से 153 किमी की दूरी तक रेल लाइन बिछाने का काम पहले ही पूरा हो चुका है, जिसमें खोरधा रोड से दशपल्ला तक लगभग 106 किमी






और बलांगीर से सोनपुर तक 47 किमी शामिल है। यह प्रगति, क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य को बदलने के लिए रेल मंत्री की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वर्ष 2009 और 2014 के बीच औसत वार्षिक आवंटन 838 करोड़ रुपये की तुलना में ओड़िशा के लिए इस वर्ष 10,012 करोड़ रुपये की विकास राशि आबंटित की गयी, जो कि लगभग 12 गुना अधिक है। यह भारत सरकार के पूर्वोदय से भारत के विकास के मिशन को रेखांकित करता है। इतनी धनराशि का यह निवेश न केवल वित्तीय प्रोत्साहन, बल्कि चल रही परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने के लिए एक नयी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ओड़िशा में रेलवे परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने के लिए न सिर्फ अधिकारियों को निरंतर निर्देश दे रहे हैं, बल्कि व्यक्तिगत रूप से रेल योजनाओं प्रगति की निगरानी भी कर रहे हैं। 2022-23 में ओड़िशा में उल्लेखनीय 459 किलोमीटर रेल लाइनें चालू की गयी, जो 2009 से 2014 की अवधि की तुलना में आठ गुना से अधिक उपलब्धि को दशार्ता है। इस वर्ष 500 किलोमीटर से अधिक रेल लाइनें चालू होने का अनुमान है, जिससे राज्य में रेलवे के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा मिलेगा। माननीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव 6 जनवरी 2024 को नुआगांव रोड-दशपल्ला रेलवे लाइन, दशपल्ला स्टेशन भवन का उद्घाटन करेंगे और दशपल्ला तक ट्रेन सेवाओं के विस्तार को हरी झंडी दिखायेंगे। यह महत्वपूर्ण अवसर न केवल एक रेल लाइन के उद्घाटन का प्रतीक है, बल्कि जिन क्षेत्रों से होकर यह गुजरती हैं, उनके लिए एक उज्जवल भविष्य की शुरूआत भी है। दशपल्ला तक रेल सेवाओं का विस्तार क्षेत्र के आर्थिक विकास के लिए एक उत्प्रेरक होगा।

इससे क्षेत्र के निवासियों को कटक और भुवनेश्वर जैसे शहरों में उपलब्ध उन्नत शिक्षा व स्वास्थ्य सेवा सुलभ होगा। रेल पटरियों से कहीं अधिक, यह नयी रेल सेवा क्षेत्र के लोगों के सपनों, शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक समृद्धि को एक नयी उड़ान देगी।

# नवजात शिशु में ट्यूमर को सफलतापूर्वक हटाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड सम हॉस्पिटल्स के सर्जन द्वारा नवजात शिशु के शरीर के निचले हिस्से से जुड़े सिर के आकार के ट्यूमर को एक सफल सर्जरी के माध्यम से हटा दिया गया और बच्चे को नया जीवन दिया गया। खोरधा क्षेत्र के एक दंपति के बच्चे के जन्म के समय उनके मलाशय में सिर के आकार का ट्यूमर पाया गया था। ट्यूमर, जो सिर की गांठ के समान है, उस पर त्वचा, कान और बाल भी पाए गये। ऐसी स्थिति देखकर बच्चे के परिजन उसे सम हॉस्पिटल ले आये। नवजात बाल चिकित्सा विभाग के एक डॉक्टर ने पहले बच्चे की जांच की और बाद में एक बाल रोग विशेषज्ञ ने शल्य चिकित्सा द्वारा ट्यूमर को हटाने का फैसला किया। शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) के प्रमुख सलाहकार (स्वास्थ्य विज्ञान) और सम अस्पताल के बाल रोग विभाग के वरिष्ठ प्रसिद्ध न्यूरोसर्जन प्रोफेसर अशोक कुमार महापात्र के मार्गदर्शन में, बच्चे के भर्ती होने के 4 दिनों के भीतर सर्जरी की गयी। प्रोफेसर मोहपात्र ने कहा, यह एक दुर्लभ सर्जरी है और ऐसी समस्या को मेडिकल भाषा में जाइंट सैक्रोकॉसीजील टेराटोमा कहा जाता है।

## अयोध्या से आये कलश को लेकर निकाली भव्य यात्रा



भव्य कलश यात्रा में शामिल भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह और अन्य।

**राजधनवार (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार को सुबह 10 बजे से स्थान ब्लॉक मैदान के मंदिर से अयोध्या से आये हुए कलश को लेकर एक भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। इसमें महिलाएं और पुरुष दोनों अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर कलश यात्रा को सफल बनाया। इस कलश यात्रा में पूर्व आइजी सह भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह समेत सैकड़ों लोग शामिल थे। उन्होंने लोगों से राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के दिन लोगो से अपने घर में दिया जलाने की अपील की।

# एमसीएल में वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा 2024 शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**भूवनेश्वर।** संबलपुर कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों द्वारा 'सुरक्षा रैली' के माध्यम से जागरूकता के साथ शुक्रवार को महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) में वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा 2024 की शुरूआत हुई। खान सुरक्षा महानिदेशालय के तत्वावधान में 5 जनवरी 2024 से 18 जनवरी 2024 तक पखवाड़ा मनाया जायेगा। एमसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी पीके पटेल ने जेके बोरा निदेशक (तकनीकी/संचालन) एके बेहुरा निदेशक (वित्त) और एएस बापट निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना) की उपस्थिति में सुरक्षा ध्वज फहराया। पीआर ठाकुर निदेशक





खान सुरक्षा भुवनेश्वर क्षेत्र- II और क्षेत्र महाप्रबंधक जो वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। इस बीच, जेके बोरा ने कंपनी मुख्यालय में सभी कर्मचारियों को सुरक्षा शपथ दिलाई। जागरूकता बढ़ाने के लिए 'सुरक्षा रथ' को भी हरी झंडी दिखाई गयी। जागरूकता फैलाने के लिए एमसीएल के परिचालन क्षेत्रों में इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गये। अपने संबोधन में, पटेल ने कोयला खदानों के भीतर दैनिक आधार पर सुरक्षा आदतों को विकसित करने के महत्व पर जोर देते हुए सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है पर जोर दिया। गणमान्य व्यक्तियों ने अखिल भारतीय खदान बचाव प्रतियोगिता 2023 में विजयी रहने वाली एमसीएल बचाव टीम को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर कोयला खदानों में सुरक्षा विवेक के महत्व को दशार्ने वाला एक नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया। वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा समारोह के हिस्से के रूप में, कंपनी की सभी इकाइयों में गतिविधियों और प्रतियोगिताओं की एक श्रृंखला आयोजित की जा रही है।

# सीमा शुल्क पर दीर्घकालिक छूट का प्रस्ताव रखा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारत के सबसे बड़े स्टेनलेस स्टील निर्माता जिंदल स्टेनलेस ने 2024-25 के बजट से पहले आज स्टेनलेस स्टील स्क्रैप, स्टील स्क्रैप और शुद्ध निकेल पर शून्य सीमाशुल्क बरकरार रखने का सरकार से अनुरोध किया। जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक, अभ्युदय जिंदल ने अपनी बजट अनुशंसा में कहा, आने वाले दिनों में केंद्रीय बजट 2024-25 पेश किए जाने के मद्देनजर हमने इस्पात मंत्रालय से सतत सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया है। हमने खासकर फेरो निकेल और फेरो मोलिबडेनिम पर मूल सीमाशुल्क पर दीर्घकालिक छूट मांगी है,



ताकि प्रतिस्पर्धी दरों पर उद्योग तक इस महत्वपूर्ण कच्चे माल की पहुंच सुनिश्चित की जा सके। इसके अलावा, हमने स्टेनलेस स्टील स्क्रैप, स्टील स्क्रैप और शुद्ध निकेल पर शून्य सीमाशुल्क जारी करने की वकालत की है। हमने देश से होने वाले क्रोम अयस्क के निर्यात पर 30% शुल्क बरकरार रखने का भी अनुरोध किया है। चीन से विशेष रूप से 200 सीरीज किस्म के खराब गुणवत्ता आयात का मुद्दा एक बडी चुनौती है। इस मुद्दे को हल करने के लिए, हम स्टेनलेस स्टील के लिए निश्चित मूल्य दरें तय करने, " निम्न) शुल्क नियम &quot, को हटाने व सब्सिडी मार्जिन / डंपिंग मार्जिन के आधार पर शुल्क लगाने के लिए व्यापार कानूनों में संशोधन का भी प्रस्ताव करते हैं। इन अनुशंसाओं का उद्देश्य भारतीय स्टेनलेस स्टील उद्योग को प्रगतिशील बनाना है, ताकि इसे माननीय प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप बनाया जा सके। जिंदल स्टेनलेस को विश्वास है कि इन प्रस्तावों से स्टेनलेस स्टील उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। कंपनी की योजना नवीकरणीय ऊर्जा पहल के माध्यम से प्रति वर्ष 1.9 अरब यूनिट स्वच्छ ऊर्जा उत्पन्न करने की है। जिंदल स्टेनलेस 2035 के लक्ष्य वर्ष से पहले कार्बन उत्सर्जन में 50% कटौती के अपने मध्यावधि लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए तैयार है। कंपनी ने पहली बार संयुक्त राष्ट्र के जलवायु शिखर सम्मेलन कांफ्रेंस ऑफ पार्टीज (सीओपी) 28 में हिस्सा लिया।

























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**